स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, शुक्रवार
29 अगस्त, 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष 6
सं. 2082 वि.
वर्ष 79, अंक - 13 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net



स्टार तेज गेंदबाज शमी बोले धर्म और खेल को अलग रखें




## संभल दंगों पर आयोग ने सौंपी जांच रिपोर्ट



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के संभल में हुए दंगों की जांच रिपोर्ट जांच आयोग ने गुरुवार को सीएम योगी आदित्यनाथ को सौंप दी है। 24 नवंबर 2024 को मस्जिद सर्वे के दौरान हिंसा हुई थी। इसकी जांच

- जनसांख्यिकीय परिवर्तन का भी है जिक्र
- कहा हिंदू आबादी 30 प्रतिशत घटी
- पहले के दंगों का इतिहास खंगाला

इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति डीके अरोड़ा की अध्यक्षता में गठित जांच आयोग को सौंपी गई थी। इसमें पूर्व डीजीपी एके जैन और सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद सदस्य बनाए गए थे। आयोग ने सीएम को जांच रिपोर्ट सौंप दी है। इस दौरान सीएम के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद और प्रमुख सचिव (संसदीय कार्य) जेपी सिंह मौजूद रहे।जांच आयोग ने 450 पन्नों की एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की है। इस रिपोर्ट में न केवल 24 नवंबर को हुई हिंसा का जिक्र है, बल्कि संभल में इससे पहले कब-कब दंगे हुए, इनका भी उल्लेख किया गया है। उन दंगों के दौरान क्या-क्या हुआ, इसका भी पूरा विवरण लिखा गया है। संभल में हुई न्यायिक हिंसा पर तैयार की रिपोर्ट में जनसांख्यिकीय परिवर्तन का भी जिक्र है। इसमें बताया गया कि कभी यहां पर 45 प्रतिशत आबादी हिंदू थी। लेकिन, वर्तमान में यह घटकर 15 से 20 प्रतिशत ही रह गई है। रिपोर्ट को अब विधानसभा में रखा जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, इसमें सम्भल जनपद को लेकर कई चौंकाने वाले तथ्य दर्ज हैं। इसे पूर्व सुनियोजित साजिश बताया गया है। साथ ही कुछ तत्कालीन अफसरों की लापरवाही भी उजागर की गई है। रिपोर्ट पर प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद ने बतायां कि संभल घटना की जांच के लिए राज्य सरकार ने न्यायिक आयोग का गठन किया था। आयोग ने रिपोर्ट सीएम को सौंप दी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद ही मैं इस पर अधिक जानकारी दी जा सकेगी।

## निर्यातकों की मदद के लिए केंद्र उठा रहा कदम

**नई दिल्ली।** सरकार ने अमेरिका की ओर से भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लागू करने के बाद देश के निर्यातकों को होने वाली परेशानियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि सरकार बढ़े हुए टैरिफ के कारण निर्यातकों के सामने आ रही रही समस्याओं को समझती है और उनकी मदद के लिए सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। सरकारी सूत्र ने कहा कि निर्यात में विविधता लाने से निर्यातकों को लंबे समय में व्यापार की गति बनाए रखने में मदद मिलेगी।

- बढ़े हुए अमेरिकी टैरिफ के बीच सरकार का दावा



निर्यातकों की मदद के लिए सरकार की ओर से निर्यात संवर्धन मिशन को जल्दी से जल्दी लागू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार से जुड़े सूत्रों के हवाले से यह प्रतिक्रिया निर्यातकों की ओर से नकदी के मोर्चे पर मदद मांगने के बाद आई है। सूत्रों के अनुसार यह मुद्दा फिलहाल विचाराधीन है। अधिकार के अनुसार, सरकार को उम्मीद है कि प्रस्तावित भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर जल्द ही बातचीत शुरू हो जाएगी, नई तारीखें अभी तय नहीं हुई हैं।अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव पर वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, यह सर्वविदित है कि 50त्र टैरिफ व्यापार को प्रभावित करेंगे। अल्पावधि में कपड़ा, रसायन और मशीनरी क्षेत्रों पर इसका प्रभाव पड़ेगा, लेकिन यह बहुत दीर्घकालिक नुकसान नहीं होगा। उद्योग चिंतित है; वे लगातार अपने ज्ञापन भेज रहे हैं। उद्योग ने बताया है कि अल्पावधि में, उनके ऑर्डर कम हो जाएंगे और उन्हें नकदी की कमी का सामना करना पड़ेगा। उन्हें अपना परिचालन चलाने के लिए वित्तीय दबाव का सामना करना पड़ेगा।

### जीएसटी सुधार से कम होगा टैरिफ का असर

**मुंबई।** भारत पर अमेरिका के टैरिफ का ज्यादा असर नहीं होगा। यह दावा फिच सॉल्यूशंस की कंपनी बीएमआई ने अपनी लेटेस्ट रिपोर्ट में की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) में होने वाले सुधार से टैक्स रेट कम होंगे जिससे खपत बढ़ेगी। इससे अमेरिका के टैरिफ दबाव को कम किया जा सकेगा। जीएसटी सुधार और इनकम टैक्स में हालिया कटौती से खपत में 5.31 लाख करोड़ की बढ़ोतरी हो सकती है, जो जीडीपी का लगभग 1.6 प्रतिशत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी टैरिफ से वित्त वर्ष 2025-26 और 2026-27 में भारत की जीडीपी ग्रोथ में 0.2 प्रतिशत की कमी आ सकती है। इसलिए बीएमआई ने अपने अनुमान को संशोधित किया है। इसमें वित्त वर्ष 2025-26 में 5.8 प्रतिशत और 2026-27 में 5.4 प्रतिशत ग्रोथ का अनुमान है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत इस दशक (2019-2029) में एशिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रहेगा। इस दौरान जीडीपी विकास दर 6 प्रतिशत से थोड़ा ऊपर रहेगी।

## अब तीन किमी के अंदर होगा स्कूलों का विलय



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी में उच्च प्राथमिक विद्यालयों के विलय के मामले में अब तीन किमी के अंदर आने वाले स्कूलों को मर्ज किया जाएगा। अभी तक एक किमी के अंदर के स्कूलों को मर्ज किया जा रहा था। इसके लिए शासन ने शिक्षा मंत्रालय के आदेश का अनुपालन करने के लिए संबंधित को निर्देश जारी कर दिए हैं। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने पत्र जारी करते लिखा कि 16 जून, 2025 को जारी निर्देश के क्रम में अपर्याप्त छात्र नामांकन वाले विद्यालयों को नजदीक के विद्यालयों के साथ पेयर किया जाए। इस दौरान स्थानीय परिस्थितियों एवं आवश्यकताओं को ध्यान में रखें। उन्होंने आगे कहा कि छोटे एवं कम संसाधनों वाले विद्यालयों को बड़े विद्यालयों के साथ जोड़ा जाए। जिन विद्यालयों में छात्र नामांकन 50 से कम है। उनकी पेयरिंग की जाए। इसके साथ ही प्राथमिक विद्यालयों की पेयरिंग एक किमी के अंदर तथा परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों की पेयरिंग तीन किमी के अंदर की जाए। इसे लेकर महानिदेशक, स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी किया है।

## वैष्णो देवी यात्रा तीसरे दिन भी स्थगित

**कटरा।** वैष्णो देवी यात्रा रूट के अर्धकुंवारी में हुई लैंडस्लाइड के बाद यात्रा रोकी गई और यह रोक आज भी जारी रही। यात्रा स्थगित होने के बाद कई श्रद्धालु फंस गए हैं। कुछ यात्री कटरा के होटलों में यात्रा के दोबारा शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। श्रद्धालुओं ने बताया कि उन्हें मलबा साफ होने तक इंतजार करने को कहा गया है। घटना के बाद रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। इधर, श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने शवों को उनके घर भेजने की जिम्मेदारी ली है। 24 मृतकों की पहचान हो गई है। बोर्ड मृतकों के परिजन को 5 लाख और डिजास्टर मैनेजमेंट 4 लाख रुपए देगा। वैष्णो देवी यात्रा के इस पड़ाव पर 26 अगस्त की दोपहर करीब 3 बजे भारी बारिश के कारण अर्धकुंवारी इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास भूस्खलन हुआ था।

## वाराणसी में गंगा के पलट प्रवाह से हाहाकार

**वाराणसी।** वाराणसी में गंगा के पलट प्रवाह से वरुणा में आई बाढ़ ने हाहाकार मचा दिया है। कई घर एक मंजिल तक डूब गए हैं। हालांकि राहत की बात यही है कि कई दिनों के बाद गुरुवार की सुबह गंगा स्थिर हो गई हैं। जलस्तर

- कई घर एक मंजिल तक डूबे

चेतावनी बिंदु को तो बुधवार की सुबह ही पार कर गया था लेकिन खतरे के निशान से करीब 30 सेंटीमीटर नीचे पानी स्थिर हो गया है। इससे लोगों ने राहत की सांस ली है। हालांकि अभी गंगा के घटने का तो कोई संकेत नहीं मिल रहा है। सरकारी बुलेटिन के अनुसार भी वाराणसी में शुक्रवार को गंगा के लेवल खतरे के निशान को पार करते हुए 71.4 मीटर तक जाने की आशंका जताई गई। फिलहाल जलस्तर 70.92 मीटर पर स्थिर हुआ है। यहां



चेतावनी बिंदु 70.262 और खतरे का निशान 71.262 है। सोमवार को दस सेंटीमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से बढ़ रहा जलस्तर बुधवार को तीन सेमी तक गिर गया था। इसके बाद बुधवार की देर रात रफ्तार केवल एक सेमी प्रतिघंटे रह गई। अब स्थिर हो गया है। गंगा में वेग से वरुणा के बेसिन में बने मकान पूरी तरह से पानी में घिर गए हैं। आपदा नियंत्रण कंट्रोल रूम के मुताबिक बाढ़ राहत शिविरों में मंगलवार को वरुणा किनारे के 26 परिवारों के 108 लोग और बुधवार को 483 परिवारों के 2080 लोग पहुंचे। दो दिन में कुल 509 परिवारों के 2188 सदस्य राहत शिविरों में शिफ्ट हुए हैं। बढ़ाव के कारण गंगा का रुख अब तटवर्ती घाटों और किनारों पर बसी कॉलोनियों की ओर होने लगा था। वरुणा के पानी ने आबादी की ओर रुख करते हुए पुरानापुल इलाके के चार दर्जन घरों में बाढ़ को अपनी आगोश में ले लिया था।

## व्यापारिक साझेदार पर ज्यादा निर्भरता ठीक नहीं



**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय एक्सपोर्ट पर 50 फीसद टैरिफ लगा दिया है। इसके चलते कपड़ा, हीरा और झींगा कारोबार काफी प्रभावित होगा। अब भारत पर लगे इस टैरिफ को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर और मशहूर अर्थशास्त्री

- टैरिफ पर रघुराम राजन की सरकार को चेतावनी

रघुराम राजन ने बेहद चिंताजनक बताया है। रघुराम राजन ने कहा कि भारत के लिए किसी एक व्यापारिक साझेदार पर अधिक निर्भर रहना ही आपदा के समान है और ये एक बड़ी चेतावनी है।राजन ने चेतावनी दी कि आज की वैश्विक व्यवस्था में व्यापार, निवेश और वित्त को तेजी से हथियार बनाया जा रहा है और भारत को सावधानी से कदम उठाने चाहिए। राजन ने कहा कि व्यापार अब हथियार बन गया है। उन्होंने आगे कहा, यह एक चेतावनी है। हमें किसी एक देश पर बहुत अधिक निर्भर नहीं होना चाहिए। हमें पूर्व की ओर, यूरोप की ओर, अफ्रीका की ओर देखना चाहिए और अमेरिका के साथ आगे बढ़ना चाहिए, लेकिन ऐसे सुधारों को लागू करना चाहिए जो हमें अपने युवाओं को रोजगार देने के लिए आवश्यक 8-8.5 प्रतिशत की विकास दर हासिल करने में मदद करें।

## याचिका दायर नहीं कर सकते राज्य : केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि राज्य सरकारें उस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका

- सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दी दलील

(मामला) नहीं कर सकतीं जो राष्ट्रपति या राज्यपाल ने विधानसभा से पास हुए विधेयकों पर लिया हो, चाहे राज्य यह कहे कि इससे लोगों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ है। केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने यह बात चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संविधान पीठ के सामने कही। संविधान पीठ में जस्टिस सूर्यकांत,



जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चंदुरकर भी शामिल थे। मेहता ने कहा कि राष्ट्रपति इस बात पर सुप्रीम कोर्ट की राय लेना चाहती हैं कि क्या राज्य सरकारें संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत ऐसी याचिकाएं दायर कर सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति यह भी जानना चाहती हैं कि संविधान के अनुच्छेद 361 का दायरा क्या है। यह अनुच्छेद कहता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल अपने अधिकारों और कर्तव्यों के निर्वहन के लिए किसी भी अदालत के प्रति जवाबदेह नहीं होंगे। मेहता ने संविधान पीठ को बताया कि इन सवालों पर पहले भी चर्चा हुई है। लेकिन राष्ट्रपति का मत है कि अदालत की स्पष्ट राय जरूरी है, क्योंकि भविष्य में ऐसा मामला फिर उठ सकता है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 32 के तहत राज्य सरकार की ओर से राष्ट्रपति या राज्यपाल के फैसलों को चुनौती देने वाली याचिका स्वीकार नहीं की जा सकती। न तो कोर्ट ऐसे मामलों में कोई निर्देश दे सकता है और न ही इन फैसलों को अदालत में चुनौती दी जा सकती है।

## बिहार में घुसे पाक के तीन जैश आतंकी



हसनैन अली (रावलपिंडी, पाकिस्तान) | आदिल हुसैन (उमरकोट, पाकिस्तान) | मोहम्मद उस्मान (बहावलपुर, पाकिस्तान)

**पटना।** ये तीनों आतंकी पाकिस्तानी मूल के हैं और नेपाल के रास्ते बिहार में घुसे हैं। इनकी पहचान हसनैन अली

- राज्य में हाई अलर्ट जारी

(रावलपिंडी), आदिल हुसैन (उमरकोट), और मोहम्मद उस्मान (बहावलपुर) के रूप में हुई है। ये सभी जैश-ए-मोहम्मद नामक प्रतिबंधित आतंकी संगठन से जुड़े हैं। बिहार पुलिस मुख्यालय ने इन तीनों आतंकियों की तस्वीरें और पासपोर्ट से संबंधित जानकारी जारी की है। यह विवरण सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधिकारियों के साथ साझा किया गया है। विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस लगातार आतंकी गतिविधियों पर नजर रख रही है। इस बीच मिली इस महत्वपूर्ण सूचना के बाद हाई अलर्ट जारी किया गया है।हैरानी की बात यह है कि ये तीनों आतंकी अगस्त 2025 के दूसरे सप्ताह में काठमांडू पहुंच चुके थे। वहां से वे पिछले सप्ताह बिहार में दाखिल हुए। अब जाकर खुफिया एजेंसियों को इसकी भनक लगी है।

## गुरेज सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

**बांदीपोरा।** उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) से सटे गुरेज सेक्टर के नौशेरा में गुरुवार तड़के भारतीय सेना ने सीमा पार से घुसपैठ की

- एलओसी पर दो आतंकी ढेर

कोशिश कर रहे दो आतंकवादियों को मारकर आतंकियों की एक घुसपैठ की कोशिश को नाकाम बना दिया गया। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी जिसमें दो आतंकवादी मारे गए। उन्होंने बताया कि एलओसी पर नौशेरा सेक्टर में जम्मू कश्मीर पुलिस को एक घुसपैठ का इनपुट बरामद हुआ।



इसके बाद सेना के जवानों ने जम्मू कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के जवानों के साथ मिलकर संयुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान दल को आतंकवादियों की मूवमेंट देखने को मिली और उन्होंने आतंकवादियों को ललकारा लेकिन उन्होंने जवानों के दल पर फायरिंग कर दी जिसके बाद जवाबी कार्रवाई की गई और एक मुठभेड़ शुरू हुई जिसमें दो आतंकवादियों को मार गिराने में सफलता हासिल हुई। घाटी में सेना की कमान संभालने वाली श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर कहा कि ऑपरेशन नौशेरा नार, बांदीपोरा संभावित घुसपैठ के प्रयास के बारे में जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा दी गई खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस ने गुरेज सेक्टर में एक संयुक्त अभियान शुरू किया।

## आदिवासी गांवों के लिए बनेगा आउटरीच कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार एक जनजातीय आउटरीच कार्यक्रम शुरू कर रही है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 1 लाख

- 324 जिलों के 1 लाख गांवों की बदलेगी तस्वीर
- आदिवासी गांव तैयार करेंगे अपनी पंचवर्षीय विकास योजनाएं

आदिवासी गांवों को सशक्त बनाना है। इसके तहत ग्रामीण अपनी पंचवर्षीय विकास योजनाएं स्वयं तैयार करेंगे। इसके लिए 20 लाख अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि सरकारी योजनाएं जमीनी स्तर तक पहुंचें। प्रत्येक गांव में आदि सेवा केंद्र स्थापित होंगे, जो शिकायतों का समाधान और जानकारी प्रदान करेंगे। इस योजना के तहत 2 अक्टूबर तक करीब 1 लाख आदिवासी गांव अपनी पंचवर्षीय विकास योजनाएं तैयार करेंगे। इस पहल का लक्ष्य सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाना है। यह 20 लाख अधिकारियों के प्रशिक्षण के साथ शुरू होगी, फिर ग्रामीणों को विकास योजनाएं बनाने, सभी सरकारी योजनाओं को शामिल करने और प्रत्येक गांव में शिकायत निवारण के लिए एकल-खिड़की केंद्र स्थापित करने में शामिल किया जाएगा।

## मुंबई और कोहिमा देश में महिलाओं के लिए सबसे सेफ

**नई दिल्ली।** कोहिमा, विशाखापट्टनम, भुवनेश्वर, आइजोल, गंगटोक, ईटानगर और मुंबई देश में

- पटना और दिल्ली में सबसे कम सुरक्षित
- एनएआरआई की सालाना रिपोर्ट में निष्कर्ष

महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित शहर हैं। वहीं, पटना, जयपुर, फरीदाबाद, दिल्ली, कोलकाता, श्रीनगर और रांची महिलाओं के लिए सबसे



कम सुरक्षित शहरों में से हैं। यह जानकारी नेशनल एनुअल रिपोर्ट एंड इंडेक्स ऑन वुमेंस सेफ्टी (एनएआरआई) 2025 में सामने आई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कोहिमा और दूसरे सबसे सुरक्षित शहरों में महिलाओं को ज्यादा समानता, नागरिक भागीदारी, बेहतर पुलिस व्यवस्था और महिलाओं के लिए अनुकूल ढांचा मिला।

वहीं, पटना और जयपुर जैसे शहरों में संस्थागत प्रतिक्रिया कमजोर, पैट्रियार्क (पितृ सत्तात्मक) सोच और शहरी ढांचे में कमी के कारण महिला सुरक्षा की स्थिति खराब है। यह सर्वे 31 शहरों में 12 हजार 770 महिलाओं के सर्वे पर किया गया था। रिपोर्ट गुरुवार को जारी की गई। इसमें नेशनल सिक्योरिटी स्कोर 65 प्रतिशत बताया गया है। शहरों को इस स्कोर के आधार पर अलग-अलग कैटेगरी में रखा गया है।

## बिहार में एनडीए का फॉर्मूला तय

**पटना।** बिहार विधान सभा चुनाव के लिए एनडीए में सीट बंटवारे का मामला काफी हद तक सुलझता

- जदयू को मिल सकती हैं 100 सीटें
- अपने कोटे से बाकी सहयोगियों को सीट देगी भाजपा

हुआ नजर आ रहा है। लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान जब चिराग पासवान की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में पुनर्वापसी हुई थी और सीटों को लेकर पेच फंसा था, तभी मामले को सुलझाते हुए बिहार विधानसभा चुनाव में बेहतर का आश्वासन दिया गया था। यह आश्वासन सिर्फ चिराग को नहीं मिला था। जीतन राम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा को भी मिला था। सारे आश्वासन भारतीय जनता पार्टी की तरफ से मिले थे। सो, बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए के अंदर सीटों के बंटवारे का गणित भी भाजपा के खाते में है अभी। कोटा तय हुआ है, सीटें नहीं। सीटों पर बात फाइनल करने के बाद एलान होगा।



स्वतंत्र भारत
epaper : epaper.swatantrabharat.net web portal : epaper.swatantrabharat.net

# जानकीपुरम में डायरिया की दहशत, अफसर दे रहे सांत्वना

## पांच दिन में दो मौतें, स्थानीय लोगों से मिले सीएमओ

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** जानकीपुरम विस्तार में महज 5 दिन में दो मौतों से इलाके में मातम पसरा है। गुरुवार को अलीगंज सीएचसी की टीम ने एक बार फिर प्रभावित इलाके में मेडिकल कैंप लगाया। साथ ही घर-घर सर्वे किया। शाम को दावा किया गया कि इलाके में कोई डायरिया का मरीज नहीं मिला।



जानकीपुरम विस्तार इलाके में दोपहर बाद करीब 3 बजे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एनबी सिंह पहुंचे।

उन्होंने कैंप कर रही टीम का जायजा लिया और इलाके में मरीजों की स्थिति के बारे में भी जानकारी हासिल की। सीएमओ के मुताबिक स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जानकीपुरम विस्तार सेक्टर-सात क्षेत्र में 250 घरों का निरीक्षण किया गया। क्षेत्र में स्थापित कैम्प में नौ मरीजों को देखा गया है, जिसमें डायरिया का कोई रोगी नहीं मिला।

दूसरी ओर पांच दिन के भीतर दो मौतों के बाद प्रभावित क्षेत्र में लोगों में डायरिया को लेकर दहशत बरकरार है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक कई दिनों से गंदगी थी पर ध्यान नहीं दिया गया।

मौतों के बाद अब नगर निगम सुबह से लेबर लगाकर घास कटवा रहा है। मृतक बच्ची के घर के बाहर की नाली को भी साफ किया गया और चूना डाला गया है।

यही सब पहले होता तो यह स्थिति न आती। स्थानीय निवासियों के मुताबिक बच्ची की मौत के बाद परिजन बेहाल थे। उनका एक बच्चा भी बीमार था। परिवार इतना दहशत में था कि यहां रुकना उचित नहीं समझा और सभी लोग बलिया लौट गए। बता दें कि बुधवार को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती 12 साल की बच्ची की मौत हो गई थी। परिजनों का आरोप है कि बच्ची की मौत डायरिया से हुई है। जबकि बलरामपुर अस्पताल के मुताबिक मौत डायरिया से नहीं हुई है।

### फैजुल्लागंज में भी नहीं मिला डायरिया का मरीज

गुरुवार को फैजुल्लागंज क्षेत्र के अन्तर्गत मामा कालोनी एवं शिव शक्ति नगर में सीएचसी अलीगंज एवं पीएचसी पुराना दाउदनगर की टीमों ने 50 घरों का सर्वे किया। इस दौरान आठ मरीज पाये गये जिन्हें आवश्यक दवाएं वितरित करते हुए स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गयी। सीएमओ कार्यालय के मुताबिक क्षेत्र में डायरिया का कोई रोगी नहीं पाया गया।

# खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योगों से प्रदेश में अधिक पूंजी निवेश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उप्र खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के तहत स्थापित इकाइयों के थर्ड पार्टी निरीक्षण में तेजी लाने के निर्देश सभी संबन्धित को दिये हैं। उद्योग नीति -2023 के तहत प्राप्त परियोजना प्रस्तावो पर समयबद्ध कार्यवाही करने, स्थापित इकाइयों के सब्सिडी आदि के प्रकरणों की समीक्षा करते रहने व प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के क्रियान्वयन पर विशेष रूप से फोकस करने के निर्देश उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योगों के माध्यम से प्रदेश में अधिक से अधिक पूंजी निवेश कराया जा रहा है। उन्होंने उद्योग नीति-2023 व पीएमएफएमई योजना के क्रियान्वयन में बेहतर व उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियो व कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये है, ताकि उनसे प्रेरणा लेकर अन्य जिलो मे भी अच्छा कार्य कर सकें। इसी कड़ी मे अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण व रेशम द्वारा उद्योग नीति-2023 व पीएमएफएमई योजना के क्रियान्वयन मे उत्कृष्ट कार्यो के लिये 5 मुख्य विकास अधिकारियो को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। श्री मीना द्वारा आगरा की मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह, अमेठी के सूरज पटेल, वाराणसी के हिमांशु नागपाल, रामपुर के नंदकिशोर कलाल व मेरठ की नूपुर गोयल को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी के रूप में इनके द्वारा किए गए इस उत्कृष्ट कार्य से प्रदेश पीएमएफएमई योजना में राष्ट्रीय स्ट्राइकिंग रेट 70 प्रतिशत के सापेक्ष 98 प्रतिशत स्वीकृति में रहा। इनके प्रयासों से बैंक से समन्वय बना कर उद्यमियों को कच्चे माल की आपूर्ति विभिन्न योजनाओं से डाउटेलिंग की गयी।

# टीबी मरीजों को पुष्टाहार वितरित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, लखनऊ की शाखा ने कैसरबाग स्थित कार्यालय में 29 क्षय रोग (टीबी) से पीड़ित मरीजों को इस वर्ष की चौथी पुष्टाहार किट वितरित की। सोसाइटी के चेयरमैन ओम प्रकाश पाठक ने मरीजों को पौष्टिक आहार और नियमित दवा सेवन के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में सचिव अमरनाथ मिश्र ने स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया और उप सचिव रामानंद कटियार ने मरीजों को मास्क प्रदान किए। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाना था। उपस्थित प्रमुख सदस्यों में चारू मिश्र, ऋतुराज रस्तोगी, कृतिका माथुर, संजय जायसवाल, मजीद अली, नफीस, रजनीश शर्मा आदि शामिल थे।

## खबर एक नज़र

### त्यौहार पर विदेशी वस्त्र छोड़ें, स्वदेशी अपनाएं

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कपड़ा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने दीपावली पर देशवासियों से स्वदेशी वस्त्र अपनाने और विदेशी वस्तुओं का त्याग करने की अपील की है। संगठन के अध्यक्ष अशोक मोतियानी सहित पदाधिकारियों ने अमेरिका के टैरिफ लगाने के फैसले की निंदा करते हुए कहा कि इससे वहां भारतीय लग्जरी कपड़ों की भारी कमी होगी। व्यापारियों का कहना है कि लखनऊ की चिकनकारी और भारत के कॉटन धागों से बने परिधान विश्वभर में लोकप्रिय हैं और अब कारोबार को अन्य देशों की ओर बढ़ाना चाहिए।

### ऋषि पंचमी पर धूमधाम से मनाई गई महर्षि कश्यप जयंती



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** ऋषि पंचमी के पावन अवसर पर राजधानी होटल शिमला पैलेस में महर्षि कश्यप जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व भजन-कीर्तन से हुआ। वैश्य समाज सेवा के अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि हिंदू समाज के लगभग 65त्न लोगों का गोत्र कश्यप है, लेकिन सरकारों ने अब तक महर्षि कश्यप को अपेक्षित सम्मान नहीं दिया। आयोजन में भजन संध्या, सम्मान समारोह और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में समाजसेवी, जनप्रतिनिधि और विभिन्न संगठनों के लोग शामिल हुए।

### अत्याधुनिक उपकरणों से लैस होंगे 22 अस्पताल

स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ। सरकार सरकारी अस्पतालों के कायाकल्प में जुटी है। इसी क्रम में प्रदेश के 22 अस्पतालों को अत्याधुनिक बनाने की कवायद शुरू हो गई है। सरकार ने इसके लिए 5 करोड़ का बजट भी जारी किया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि उत्तर प्रदेश के 22 अस्पतालों को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया जाएगा। पांच करोड़ 31 लाख रुपये से उपकरण स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए वित्तीय स्वीकृत प्रदान कर दी गई है। उन्होंने बताया कि मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए अस्पतालों को अपग्रेड किया जा रहा है। अल्ट्रासाउंड, सीआर्म, डिजिटल एक्सरे समेत दूसरे उपकरण स्थापित किए जाएंगे। जनरेटर भी क्रय किए जाएंगे। उन्नाव, अलीगढ़, लखनऊ, वाराणसी, कानपुर नगर, भदोही, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, फर्रुखाबाद, आजमगढ़, बलिया, इटावा, संतकबीर नगर, मऊ, बाराबंकी, महोबा, झांसी, गोरखपुर में अत्याधुनिक चिकित्सकीय उपकरण स्थापित होंगे।

### शिल्प प्रदर्शन जागरूकता कार्यक्रम का आग़ाज़



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** जीवनगढ़ अप्लीक हैंडीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड द्वारा वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से 27 से 29 अगस्त तक 3 दिवसीय शिल्प प्रदर्शन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन सहायक निदेशक रंजीत कुमार, प्रोडयूसर कम्पनी के डायरेक्टर सुनील कुमार डायरेक्टर रमाकान्त एवं मास्टर टेऊनर-शगुफता परवीन के द्वारा किया गया। इसमें 20 हस्तशिल्पियों ने अप्लीक, एम्ब्रॉयडरी, ब्लॉक प्रिंटिंग और ग्लास प्रिंटिंग का लाइव प्रदर्शन किया। विशेषज्ञों ने शिल्पकारों को आधुनिक डिज़ाइन, ब्रांडिंग और मार्केटिंग से जोड़कर आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया।

### ज्ञान संवर्धन शिविर आयोजित



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अलीगंज और इग्नू क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय ज्ञान संवर्धन शिविर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्र ने कहा कि इग्नू के पाठ्यक्रम हर उम्र और वर्ग के लिए उपयोगी हैं। उप निदेशक डॉ. अनामिका सिंह ने पीपीटी के माध्यम से विभिन्न डिप्लोमा, डिग्री और पीजी कोर्स की जानकारी दी। डॉ. कीर्ति विक्रम सिंह ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि *ठान लिया जाए तो कुछ भी असंभव नहीं होता*। प्राचार्य प्रो. रश्मि बिश्नोई ने कहा कि नई शिक्षा नीति से इग्नू के प्रति रुझान बढ़ा है और कॉलेज हर कदम पर सहयोग करेगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शालिनी श्रीवास्तव ने किया। शिविर में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। अंत में डॉ. मिश्र ने सभी को नशामुक्ति की शपथ दिलाई।

# भजनों के बीच गजानन महाराज की पूजा अर्चना

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** राजधानी में गणपति बप्पा मोरया-मंगल मूर्ति मोरया और जय गणेश-जय गणेश देवा माता जाकी पार्वती पिता महादेवा अरती और भजनों के बीच गजानन महाराज की पूजा अर्चना का दौर गणेश उत्सव के पण्डालो में भक्ति और आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। इसी क्रम में झूलेलाल वाटिका मे चल रहे श्री गणेश प्राकटय महोत्सव में मनौतियों के राजा को आज 51किलो का गजरा चढ़ाया गया।इस मौके पर उत्तर विधायक नीरज बोरा और राणिसती दादी झुनझुनू के ट्रस्टी ज्योति झुनझुनवाला मनौतियों के राजा के दरबार में हाजिर लगी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों कलाकारों ने जलवा बिखेरा। सांस्कृतिक संध्या में कोलकाता के भजन गायक संजय शर्मा ने श्री गणेश के चरणों में भजनों की श्रंखला पेश की। संजय ने भजन गिरिजा के लाल रखियो मेरी लाज रे... उसके बाद पग पग पर जिसने मुझे संभाला कोई और नहीं मनोतियो के राजा... बाद में बिन पानी के नाव खेल रहा है वह नसीबों से ज्यादा दे रहा है...सुनाया। उसके बाद नृत्य नाटिका का मंचन किया गया।अयोध्या वाराणसी के आचार्यो द्वारा मंत्रों के साथ मंगलमूर्ति की पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम में भजनों पर भारत भूषण गुप्ता अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल महामंत्री सतीश अग्रवाल उपाध्यक्ष व पार्षद रंजीत सिंह संध्या बंसल अंजू गुप्ता उषा अग्रवाल कविता अग्रवाल रुक्मणी अग्रवाल अंशु बंसल वीमी बंसल नेहा बंसल नीरजा सिंह अनुराधा गोयल आदि लोग झूमने लगे।संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि 29 अगस्त दिन शुक्रवार को सिंदूरा अभिषेक मध्यान्ह बारह बजे होगा। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम में बीकानेर से प्रसिद्ध भजन गायक प्रवेश शर्मा का भजन संध्या का कार्यक्रम शाम सात बजे होगा।

# किसानों को पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को गतवर्ष की भाँति वर्तमान खरीफ सीजन में फसलों की रोपाई उपरान्त फसल संस्तुति के अनुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु पूरी तरह कटिबद्ध है। इस उद्देश्य से प्रदेश सरकार भारत सरकार से निरंतर सङ्पर्क बनाकर आवश्यक कार्यवाही कर रही है, जिससे उर्वरक आपूर्ति की प्रक्रिया सुचारू रूप से गतिशील बनी रहे। उन्होंने बताया कि विगत 01 से 26 अगस्त तक भारत सरकार द्वारा प्रदेश के लिए 301 यूरिया रैक डिस्पैच की गई है, जिसमें से 267 रैक जनपदों तक पहुँच चुकी हैं तथा 34 रैक रास्ते में हैं, जो अगले 2-3 दिनों में अपने गंतव्य तक पहुँच जाएंगी। वर्तमान में किसानों की दैनिक आवश्यकता के अनुरूप प्रतिदिन 10 से 12 रैक भेजी जा रही हैं। 27 व 28 अगस्त को ही भारत सरकार द्वारा 18 रैक यूरिया प्रदेश के विभिन्न जनपदों हेतु डिस्पैच की गई हैं। कृषि मंत्री ने किसानों से अपील की कि सभी उर्वरक एक समान गुणवत्ता वाले हैं, अतः एक ही ब्रांड को प्राथमिकता न दें और अपने नजदीकी विक्रय केंद्र से सुगमता से उर्वरक प्राप्त कर फसलों की रोपाई व टॉप-ड्रेसिंग के अनुसार उपयोग करें। साथ ही, भविष्य की फसलों हेतु अनावश्यक भण्डारण न करें, ताकि सभी किसानों को समय पर आवश्यकता अनुसार उर्वरक उपलब्ध हो सके। वर्ष 2025-26 में अब तक 12,653 छापे, 3,385 नमूना ग्रहण, 1,047 नमूना विश्लेषण, 35 अमानक नमूने चिन्हित किए गए हैं। इस दौरान 571 लाइसेंस निलंबित, 1,196 लाइसेंस निरस्त, 122 चेतावनी जारी, 15 दुकानों की बिक्री प्रतिबंधित, 12 दुकानें सील की गईं तथा 111 एफआईआर दर्ज कर 11 आरोपियों को जेल भेजा गया है। किसानों को केवल निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरक उपलब्ध होंगे और टैगिंग या ओवररेटिंग करने वाले होलसेलर व कंपनियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# गोमती नगर विस्तार में पुख्ता होगी जलकल व्यवस्था



**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 में जलकल व्यवस्था और पुख्ता होगी। इसके लिए गुरुवार को जलकल विभाग ने 28 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस मद से 24 परियोजनाओं पर काम होगा। ओएचटी परिसर, हेल्थ सिटी चौराहा में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल ने की, जबकि मुख्य अतिथि संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और विशिष्ट अतिथि बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला रहे। विकास प्राधिकरण से नगर निगम को हस्तांतरित परियोजनाओं का विधि विधानपूर्वक पूजन कर शिलान्यास किया गया। परियोजनाओं में सेक्टर-1, 4, 5 और 6 के अवर जलाशय परिसरों में 660 किलोलीटर क्षमता वाले सीडब्ल्यूआर का निर्माण, हेल्थ सिटी स्थित सीवरेज पम्पिंग स्टेशन का जीर्णोद्धार, चार नए नलकूपों की स्थापना और चार नलकूपों की रिबोरिंग शामिल है। कुल 14 कार्यों पर 28.72 करोड़ की धनराशि खर्च होगी। मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सरकार लखनऊ को आधुनिक और सुसज्जित नगर के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन परियोजनाओं से गोमती नगर विस्तार में जलापूर्ति तंत्र मजबूत होगा और नागरिकों को बुनियादी सुविधाएँ बेहतर मिलेंगी। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि गोमती नगर विस्तार शहर का तेजी से विकसित हो रहा क्षेत्र है।

# सतत विकास और पर्यावरणीय अनुपालन को बढ़ावा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) के अध्यक्ष डॉ. आर.पी. सिंह की अध्यक्षता में बोर्ड कार्यालय में प्रदेश की 133 शुगर मिल इकाइयों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. सिंह ने कहा कि चीनी उद्योग प्रदेश की अर्थव्यवस्था और ग्रामीण रोजगार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने शुगर मिलों से नवीनतम तकनीकों, जैसे उन्नत अपशिष्ट उपचार संयंत्र, उत्सर्जन नियंत्रण प्रणाली और ईंधन खपत तकनीकों के प्रयोग का आग्रह किया और चार्टर-2.0 को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में डॉ. यशपाल सिंह, कमल कुमार,प्रवीण कुमार,प्रदीप शर्मा, और अनुज चौबे सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। प्रतिनिधियों को पर्यावरणीय नियमों के अनुपालन और सुझाव भेजने के लिए निर्देश दिए गए। कार्यक्रम का समापन मुख्य पर्यावरण अधिकारी (प्रशासन) रामगोपाल ने किया।

# नेत्र जागरूकता शिविर आयोजित



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** नेत्र जागरूकता पखवाड़े के अंतर्गत सक्षम सम दृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल और किसान यूनियन अवध के संयुक्त तत्वावधान में 27 अगस्त 2025 को ग्राम सबौली टेढ़ी पुलिया में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन पूर्व अध्यक्ष अरुण सिंह गप्पू भैया ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में किसान यूनियन के अध्यक्ष राजेंद्र यादव, सक्षम अवध प्रांत के महामंत्री राघवेंद्र सिंह, महानगर अध्यक्ष अनूप, दृष्टि प्रकोष्ठ के प्रांत संयोजक अनिल गौतम, डीएन सिंह, छोटे रावत, छोटेलाल गौतम सहित वरिष्ठ पदाधिकारी और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर वागा हॉस्पिटल की टीम ने नेत्र परीक्षण में सहयोग किया। कार्यक्रम में कुल 250 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया और लोगों को जागरूक किया गया।

# रोग प्रतिरोधक क्षमता के प्रति जागरूकता

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** मानसून में बच्चों को सर्दी, खांसी, मलेरिया और अन्य संक्रमण से बचाने के लिए डाबर च्यवनप्राश ने बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल, पल्टन छावनी में कार्यशाला का आयोजन किया। इस मौके पर ढाई सौ से अधिक बच्चों को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, उचित आहार और जीवनशैली अपनाने के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। कार्यशाला में आयुर्वेदाचार्य डा. वी अरोरा, डाबर इंडिया के दिनेश कुमार, स्कूल के प्रबंध निदेशक एच.एन. जायसवाल, प्रधानाचार्या रश्मि शुक्ला और समाजसेवी पंकज कुमार उपस्थित थे।

# सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों पर जुर्माना

## नगर निगम ने कई क्षेत्रों में चलाया अतिक्रमण विरोधी अभियान

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** नगर निगम ने गुरुवार को भी अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। इस दौरान सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों का चालान कर जुर्माना वसूला गया। साथ ही कई वाहन जब्त किये गये।

जोन-1 में राणा प्रताप चौराहे से लेकर लाल कुआं पुल के नीचे, गुरु गोबिंद सिंह मार्ग, बांस मंडी चौराहा से लाटूश रोड तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़कों और फुटपाथों पर बने स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए। अभियान के दौरान सात चार पहिया वाहनों का चालान कर उनसे 15,000 का जुर्माना वसूला गया। बालाकदर रोड से हरिओम मंदिर होते हुए नॉवेल्टी चौराहा, स्मार्ट सिटी और दया निधान पार्क के चारों ओर चलाए गए अभियान में नौ चारपहिया वाहन जब्त किए गए। इसके अतिरिक्त कालीदास मार्ग से लेकर 1090 चौराहे तक अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया। इसी क्रम में नगर निगम के जोन-6 क्षेत्र में भी गुरुवार को अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। जोनल अधिकारी मनोज यादव के नेतृत्व में वार्ड कल्याण सिंह के मोहान रोड नहर से जीरो प्वाइंट आगरा एक्सप्रेस-वे तक फैले अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान 30 ठेले, 8 झुग्गियां, 40 अस्थाई दुकानें हटाई गईं। साथ ही 8 काउंटर, 9 लोहे की बेंच, 3 छाते, 20 कैरेट, 15 कुर्सियां, 6 स्टूल, 4 लोहे के स्टैंड समेत बड़ी मात्रा में सामान जब्त किया गया।

# एकेडमी में लिटिल फीट, बिग स्माइल्स कार्यक्रम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** वैभव एकेडमी में कल 30 अगस्त को आयोजित लिटिल फीट, बिग स्माइल्स कार्यक्रम के तहत एकेडमी के नन्हें विद्यार्थी अपनी रचनात्मकता प्रतिभा और उल्लास का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगा। यह जानकारी एकेडमी की प्रधानाचार्य रितिका रहेजा ने दी है।

# तीन दिवसीय रोजगार महाकुंभ संपन्न

## १६८९७ युवाओं का विभिन्न कंपनियों एवं संस्थानों में हुआ चयन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** हर युवा को रोजगार मिले, सरकार द्वारा सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में रोजगार के अवसर सृजित किये जा रहे है। इसी क्रम में इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान में तीन दिवसीय रोजगार महाकुंभ का आयोजन किया जा गया था, जो गुरूवार को संपन्न हो गया है। यह आयोजन श्रम एवं सेवायोजन विभाग, बीसीएस कन्सल्टिंग लिमिटेड की सहभागिता से संपन्न हुआ। इस अवसर पर सलाहकार मुख्यमंत्री अवनीश अवस्थी ने कहा कि सरकार की मन्शा है कि प्रदेश का हर युवा किसी न किसी रोजगार से जुडकर अपना जीवन स्तर ऊॅचा उठाये। इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा देश व विदेश में रोजगार के अवसर तलाश कर युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। उन्होने कहा कि सरकार का विजन प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हुए प्रति व्यक्ति आय को भी आगे बढ़ाना है और यह तभी संभव है, जब हमारे प्रदेश में अधिक से अधिक फैक्ट्रियां स्थापित हो, अत्याधुनिक तकनीक में सहभागिता हो, हर युवा के हाथों रोजगार हो। प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन एमकेएस सुन्दरम् ने बताया कि तीन दिवसीय संपन्न हुए इस रोजगार महाकुंभ के अन्तर्गत दस हजार युवाओं को देश व विदेश में रोजगार के अवसर प्रदान किये जाने का लक्ष्य था, परन्तु इस महाकुंभ में कुल 16897 युवाओं को विभिन्न संस्थानों एवं कंपनियों के माध्यम से चयन किया गया है। उन्होने बताया कि ऐसे आयोजन अब प्रदेश के विभिन्न जनपदों में भी आयोजित किये जायेगे, ताकि स्थानीय युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार उपलब्ध हो सके।

# प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंचे किट

## समाज के सक्षम नागरिक रोगियों को पोषण पोटली उपलब्ध कराने में सहयोग करें : आनंदीबेन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरूवार को ललितपुर के कल्याण सिंह सभागार में विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, प्रमाण पत्र, किट, टेबलेट और अन्य सामग्री वितरित की। इस अवसर पर उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 200 प्री-स्कूल किट, पोषण अभियान के तहत 10 पोषण पोटलियाँ, 100 आयुष्मान कार्ड तथा स्वामित्व योजनान्तर्गत 300 घरौनी प्रदान किए। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के 100 पात्र लाभार्थियों को चाबियां सौंपी गई। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य योजना के अंतर्गत 120 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 100 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र तथा पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत 150 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसी प्रकार जीरो पावर्टी योजनान्तर्गत 100 नवीन अन्त्योदय राशन कार्ड, श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं के 225 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, सीएम युवा उद्यमी अभियान के अंतर्गत 05 ई-रिक्शा तथा छात्राओं को 300 टेबलेट उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर बजाज पावर प्लांट द्वारा 50 प्री-स्कूल किट उपलब्ध कराने पर उनके प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



श्रीमती पटेल ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए जिला प्रशासन इसी प्रकार के आयोजन हर तीन माह में कराकर केन्द्र व प्रदेश की सभी योजनाओं को पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाए। उन्होंने कहा कि आज 200 आंगनबाड़ियों को प्री-स्कूल किट उपलब्ध कराई गई हैं, जिनमें 22 से 23 प्रकार की शैक्षणिक सामग्री व खिलौने दिए जाते हैं, ताकि गरीब परिवारों के बच्चे भी खेल-खेल में पढ़ाई कर सकें और आगे बढ़ सकें। उन्होंने विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छता पर बल देते हुए सभी केन्द्रों को स्वच्छ व साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। यूपी देश का सबसे बड़ा राज्य है, जहां 25 करोड़ की आबादी के कारण सर्वाधिक टीबी मरीज भी हैं। इसके लिए समाज के संभ्रान्त व सक्षम नागरिक आगे आकर टीबी रोगियों को पोषण पोटली उपलब्ध कराएँ और मरीजों को गोद लेकर मानवीय संवेदनाओं का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करें। जब तक डॉक्टर यह न घोषित करें कि रोगी पूर्णतः टीबी मुक्त हो गया है, तब तक पोषण पोटली निरंतर दी जानी चाहिए। नशे के दुष्परिणामों पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति की ही नहीं, उसके परिवार की जिंदगी भी बर्बाद कर देता है। नशे से पीड़ित व्यक्ति की वेदना सबसे अधिक पत्नी और परिवार को सहनी पड़ती है।



# बीएलओ ड्यूटी में शिक्षकों की तैनाती से पढ़ाई प्रभावित

राहुल वर्मा

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** शासन स्तर पर शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताई जाती है, मगर हकीकत यह है कि लखनऊ ज़िले के 5140 अध्यापकों में से लगभग 2000 को बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) ड्यूटी में भेज दिया गया है। नतीजा यह है कि शहर और देहात के सैकड़ों स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह बाधित हो गई है। आंकड़े बताते हैं कि जिले में महज 1600 प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय संचालित हैं(पेयरिंग के बाद), जबकि शिक्षकों की संख्या 5140 है। फिर भी जब इतने बड़े पैमाने पर अध्यापकों को बीएलओ ड्यूटी पर भेज दिया गया तो कई स्कूलों में कक्षाएं लगभग बंद जैसी स्थिति में पहुंच गईं।

**ब्लॉकों में पढ़ाई पर ताले जैसी स्थिति**

विकासखंडवार तैनाती पर नजर डालें तो हालात बेहद चिंताजनक हैं। बीकेटी ब्लॉक में करीब 1700 अध्यापक हैं, जिनमें से 300 को बीएलओ बना दिया गया। माल ब्लॉक में 400 में से 150 को ड्यूटी पर भेज दिया गया। गोसाईंगंज में 580 अध्यापकों में से 120 को चुनावी काम में खपाया गया। यानी सिर्फ तीन ब्लॉकों में ही सैकड़ों कक्षाएं खाली पड़ी हैं। जिन स्कूलों में पहले से ही दो-तीन शिक्षक कार्यरत थे, वहां बीएलओ ड्यूटी पर भेजे जाने के बाद पढ़ाने वाला कोई नहीं बचा।

**पहले मर्जर से टूटी पढ़ाई, अब बीएलओ से ठप**

सरकारी स्कूलों की पढ़ाई पर पहले ही स्कूल मर्जर और पेयरिंग व्यवस्था ने गहरी चोट की थी। महीनों तक बच्चों को या तो नए स्कूलों तक पहुंचना पड़ा या फिर बिना पढ़ाई के घर बैठना पड़ा। अब बीएलओ ड्यूटी ने उस जख्म पर नमक छिड़क दिया है। जिन बच्चों के पास निजी विकल्प नहीं हैं, वही सरकारी स्कूल पर निर्भर हैं, और वही सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।

**शिक्षक नेताओं का फूटा गुस्सा**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे का कहना है ÷निपुण भारत मिशन का लक्ष्य है कि हर बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पाए। लेकिन हकीकत यह है कि शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों में झोंक दिया गया है। जब पढ़ाने वाला ही नहीं होगा तो लक्ष्य पूरा कैसे होगा?

### अभिभावकों का भरोसा डगमगाया

सरकारी स्कूलों से वैसे ही अभिभावकों का भरोसा कम हो रहा है। नई व्यवस्था और अध्यापकों की अनुपस्थिति ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। कई माता-पिता बच्चों को मजबूरी में निजी स्कूलों में भेज रहे हैं, लेकिन गरीब परिवारों के पास यह विकल्प भी नहीं है। ग्रामीण इलाकों में यह स्थिति और भयावह है, जहां एक-एक स्कूल पूरे गांव की शिक्षा व्यवस्था संभाले हुए है। वहां से शिक्षक हट जाने के बाद बच्चों का भविष्य अधर में लटक गया है।

### बड़ा सवाल : शिक्षा प्राथमिकता या प्रशासनिक प्रयोग?

सरकार के दावे और ज़मीनी हकीकत में फर्क साफ दिखता है। जब एक तरफ निपुण भारत मिशन और गुणवत्ता शिक्षा की बात की जा रही है, तो दूसरी तरफ अध्यापकों को बीएलओ जैसी गैर-शैक्षणिक जिम्मेदारियों में उलझा देना क्या शिक्षा को प्राथमिकता देना कहलाएगा? लखनऊ के बीकेटी विकासखंड में तैनात एक शिक्षक ने कहाकि यह व्यवस्था केवल प्रशासनिक सुविधा का नाम है, जिसका सबसे बड़ा खामियाजा उन गरीब बच्चों को भुगतना पड़ रहा है, जिनके पास पढ़ाई का और कोई साधन नहीं।

# सरकार ने फिर दिया युवाओं को धोखा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित रोज़गार महाकुंभ एक बार फिर योगी सरकार की खोखली नीतियों और युवाओं के साथ हुए भयंकर छलावे की पोल खोल चुका है। इस मामले पर आप यूपी के मुख्य प्रवक्ता और प्रदेश प्रभारी( आप छात्र विंग) वंशराज दुबे ने सरकार पर हमलावर होते हुए कहा है कि सरकार ने बड़े-बड़े दावे किए कि लाखों युवाओं को नौकरी मिलेगी, लेकिन हकीकत यह है कि सिर्फ चुनिंदा कंपनियों में मामूली वेतन वाली नौकरियां बांटकर जनता को गुमराह किया जा रहा है। युवाओं को 15 से 50 हज़ार की नौकरी के नाम पर घंटों लाइन में खड़ा कर अपमानित किया गया। यह 'रोज़गार महाकुंभ' नहीं बल्कि 'रोज़गार मज़ाक' है। दुबे ने कहा कि इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित रोजगार महाकुंभ में नौकरी की तलाश में पहुंचे युवाओं को नौकरी के नाम पर सिर्फ अश्वासन और निराशा ही मिली, न इंटरव्यू हुआ और न ही नौकरी की कोई ठोस जानकारी दी गई।

# सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों को हटाने के लिए प्रशासन सख्त

## अवैध कब्जों को संरक्षण देने वालों पर एफआईआर कराने के निर्देश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** सरकारी जमीनों पर से अवैध कब्जों को हटाने और अवैध प्लाटिंग के खिलाफ चल रही कार्रवाई का जायजा लेने के लिए मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब तहसील सरोजनी नगर के ग्राम सभा हरिहरपुर पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने अवैध कब्जे वाले पूरे क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। मौके पर गाटा संख्या 851, 867, 869, 508 और 507 पर बाउंड्री वॉल निर्माण कर अवैध कब्जा पाया गया, जिस पर मंडलायुक्त ने तत्काल ध्वस्तीकरण कराते हुए जमीन को कब्जामुक्त कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि अवैध प्लाटिंग के खिलाफबड़े पैमाने पर अभियान चलाया जाए और ध्वस्तीकरण के बाद यदि पुनः निर्माण की कोशिश की जाती है तो संबंधित प्रॉपर्टी डीलर पर एफआईआर दर्ज की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध कब्जों को संरक्षण देने वालों के विरुद्ध भी कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। मंडलायुक्त ने कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे हटाने के लिए जिले भर में वृहद अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए राजस्व और नगर निगम की संयुक्त टीम बनाई गई है जो सरकारी भूमि की पैमाइश, जीएस मैपिंग और जीरो टेगिंग का कार्य कर रही है। साथ ही उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि भूमाफियाओं द्वारा कब्जाई गई जमीन से संबंधित शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि जिन जमीनों पर अवैध कब्जा हटाया जा चुका है, वहां बोर्ड लगाकर उन्हें संरक्षित किया जाए और यदि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण पाया जाता है तो संबंधित व्यक्तियों पर नामजद एफआईआर दर्ज की जाए। मंडलायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि दबंग भूमाफियाओं द्वारा कराए गए अवैध बाउंड्री और प्लॉटिंग का तत्काल ध्वस्तीकरण सुनिश्चित किया जाए और पूरी प्रक्रिया की नियमित समीक्षा की जाए ताकि सरकारी जमीन को अवैध कब्जों से स्थायी रूप से मुक्त कराया जा सके।

# चार चिकित्सक व एक डाटा इंट्री ऑपरेटर बर्खास्त

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** अनुशासनहीन व बिना सूचना लगातार गैरहाजिर चिकित्सकों पर गाज गिरी है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर लखनऊ के चार डॉक्टरों को बर्खास्त कर दिया गया है। एक डाटा इंट्री ऑपरेटर को भी नौकरी से हटा दिया गया है। बाकी छह चिकित्सकों के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। नीलमथा अबर्न पीएचसी की डॉ. शिल्पी गुप्ता, कल्लन खेड़ा अर्बन आयुष्मान मंदिर की डॉ. कीर्ति राय, चौपटिया के डॉ. मोहसिन रजा, कटरा विजनवेग के डॉ. मुस्तकुल आफरीन कुरैशी व डाटा इंट्री ऑपरेटर सरिता कुमारी को बर्खास्त कर दिया गया है। हाथरस में एनस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. शालिनी गुप्ता, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. मीनल अग्रवाल की अनुशासनहीनता और बिना बताए गैरहाजिर रहने की शिकायत हुई थी। शिकायत के आधार पर जून 2023 में चिकित्सकों को निलंबित कर दिया गया था। विभागीय जांच के आदेश दिए गए थे। जांच में आरोप सही पाए गए। दोनों डॉक्टरों को सेवा से बर्खास्त करने के निर्देश डिप्टी सीएम द्वारा जारी किए गए हैं।

# आईआईएम से नैमिष नगर के लिए बनेगी चौड़ी रोड

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की नैमिष नगर योजना आईआईएम से 24 मीटर चौड़े मार्ग के जरिए कनेक्ट होगी। योजना के काम को गति देने के लिए सैरपुर व पलहरी गांव में 2 नये साइट ऑफिस बनेंगे। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने गुरूवार को स्थल निरीक्षण करके अधिकारियों को

### लविप्रा उपाध्यक्ष ने निरीक्षण कर अधिकारियों को दिये निर्देश

जरूरी दिशा-निर्देश दिये। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि नैमिष नगर योजना के लिए बीकेटी तहसील के 18 गांवों की लगभग 1084 हेक्टेयर भूमि ली जाएगी। इसमें ग्राम-भौली, लक्ष्मीपुर, पूरब गांव, पुरवा, सैरपुर, फरूखाबाद, कोड़री भौली, कमलाबाद, कमलापुर, पलहरी, गोपरामऊ, बारूमऊ, धतिंगरा, सैदापुर, पश्चिम गांव, धोबैला, उमरभारी व दुग्गौर शामिल हैं। योजना के लिए भूमि जुटाने को लेकर एलडीए की टीम लगातार क्षेत्र के किसानों के बीच जा रही है। जिसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं और अभी तक 65 से अधिक किसान सहमति पत्र जमा करा चुके हैं। गुरूवार को निरीक्षण के दौरान सैरपुर, पलहरी, उमरभारी, पुरवा आदि गांवों का मौका मुआयना किया गया। जिसमें योजना के काम में तेजी लाने के लिए 2 नये साइट ऑफिस बनाने के निर्देश दिये गये। उपाध्यक्ष ने बताया कि सीतापुर-रैथा रोड पर प्रस्तावित इस योजना की कनेक्टिविटी को और अधिक सुगम बनाने के लिए इसे आसपास के क्षेत्रों से कनेक्ट किया जाएगा। इस क्रम में आईएमएम की तरफ से नैमिष नगर योजना के लिए 24 मीटर चौड़ी कनेक्टिंग रोड बनायी जाएगी। जिसके लिए अधिकारियों व कंसल्टेंट को निर्देशित कर दिया गया है। उपाध्यक्ष ने जानकीपुरम विस्तार में अटल चौराहा व एकेटीयू चौराहे पर कराये गये विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों को देखा। इसके बाद खरगापुर झील का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने कॉम्पैक्ट एसटीपी स्थापित कराने के निर्देश दिये, जिससे आसपास के मकानों से निकलने वाले ड्रेन के पानी को ट्रीट करके झील में छोड़ा जाएगा।

# सीएम ने की सुगम्य व्यापार विधेयक संबन्धी बैठक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरूवार को आहूत एक बैठक में

### श्रमेव जयते के तहत ऐसे सुधार करने होंगे, जो श्रमिकों और उद्यमियों के लिए लाभकारी सिद्ध हों : योगी

'सुगम्य व्यापार (प्राविधानों का संशोधन) विधेयक, 2025' के प्राविधानों पर चर्चा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस को और सशक्त बनाने के लिए नए कदम उठाना समय की मांग है। साथ ही, यह भी उतना ही आवश्यक है कि औद्योगिक विकास के साथ श्रमिकों की सुरक्षा और सुविधा की गारण्टी सुनिश्चित हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'श्रमेव जयते' के भाव को आत्मसात करते हुए हमें ऐसे सुधार करने होंगे, जो श्रमिकों और उद्यमियों, दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध हों।विधेयक के नये प्राविधानों पर चर्चा



करते हुए कहा कि अनावश्यक दण्डात्मक प्राविधानों को समाप्त कर, उनकी जगह पारदर्शी और न्यायसंगत व्यवस्था लागू करना वर्तमान की जरूरत है। आपत्तियों और सुझावों पर गंभीरता से विचार करते हुए विधेयक को ऐसा स्वरूप दिया जाए, जो उद्योग और श्रमिकों के हितों में संतुलन स्थापित करता हो। निरीक्षण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए स्व-सत्यापन और थर्ड पार्टी ऑडिट की प्रणाली अपनाई जानी चाहिए। इन सुधारों से जहां उद्योगों का बोझ कम होगा, वहीं श्रमिकों का हित भी सुरक्षित होगा। सुधारों की शृंखला में 'निवेश मित्र 3.0' पर भी विचार-विमर्श हुआ। इसके तहत निवेशकों की आवेदन व अनुमोदन प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और सुगम बनाया जाएगा। कॉमन एप्लिकेशन फॉर्म, पैन-आधारित पहचान, स्मार्ट डैशबोर्ड, बहुभाषी सहायता और एआई चैटबॉट जैसी सुविधाएँ जोड़ी जाएंगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सेवाओं की समयबद्ध डिलीवरी और निवेशकों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल का नया संस्करण शीघ्र ही लॉन्च किया जाए। इससे ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस को नई मजबूती मिलेगी।

# लखनऊ में कितने श्वान, गिनती करायेगा नगर निगम

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** नगर निगम अक्टूबर-नवंबर में श्वानों की जनसंख्या का एक और विस्तृत सर्वे करायेगा। इस सर्वेक्षण से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि श्वान जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम की प्रगति क्या है। अभी और कितना काम बाकी है। और शेष श्वानों की नसबंदी का कार्य कैसे पूरा करना है। लखनऊ नगर निगम ने ह्यूमन वर्ल्ड फॉर एनिमल्स संस्था के साथ मिलकर सितंबर 2019 से श्वान जनसंख्या नियंत्रण का कार्यक्रम शुरू किया था। यह कार्यक्रम पशु जन्म नियंत्रण नियमावली 2001 तथा 2023 के प्रावधानों का पालन करते हुए संचालित हो रहा है। नगर निगम की रिपोर्ट के अनुसार, अब तक संस्था की ओर से कुल 95,815 श्वानों की नसबंदी कराई जा चुकी है, जिनमें 50,527 नर और 45,288 मादा श्वान शामिल हैं। यह कार्य योजना न केवल कानूनी दायरे में रहकर पूरी की जा रही है, बल्कि इसमें पशु कल्याण के सभी मानकों का भी ध्यान रखा जा रहा है। दिसंबर 2024 में किए गए सर्वेक्षण के अनुसार, लखनऊ नगर निगम क्षेत्र के लगभग 84 प्रतिशत श्वानों की नसबंदी पहले ही पूरी की जा चुकी है। विशेषज्ञों के अनुसार यह उपलब्धि देशभर में सबसे प्रभावी अभियानों में से एक है। इस कार्यक्रम से न केवल शहर में मानव-श्वान संघर्ष की घटनाओं में कमी आएगी, बल्कि श्वानों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ भी उपलब्ध होंगी। नगर निगम का उद्देश्य है कि आने वाले वर्षों में अधिकतम श्वानों की नसबंदी कर लखनऊ को इस क्षेत्र में एक आदर्श शहर बनाया जाए। **डॉ. अरविंद कुमार राव, अपर नगर आयुक्त**

### जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम को मिली सराहना

लखनऊ नगर निगम संचालित श्वानों की जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिल रही है। पीपुल फॉर एनिमल्स की सदस्य और एनिमल बर्थ कंट्रोल मॉनिटरिंग कमिटी की सदस्य गौरी मुलेखी ने नगर निगम के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए एक्स में पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा कि लखनऊ नगर निगम ने पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू कर अन्य नगर निगमों के लिए एक मिसाल कायम की है।

# डिग्री कॉलेजों के शिक्षकों ने किया आंदोलन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध डिग्री कॉलेजों के शिक्षकों ने सामूहिक अवकाश लेकर आंदोलन किया। शिक्षकों की मांग है कि स्नातक स्तर पर अध्यापन कार्य करने वाले शिक्षकों को भी शोध निर्देशक बनाया जाए। इस संबंध में बुधवार को कुलपति प्रो. मनुका खन्ना और लुआक्टा (लखनऊ विश्वविद्यालय सहयुक्त महाविद्यालय शिक्षक संघ) के पदाधिकारियों के बीच वार्ता हुई थी, लेकिन सहमति नहीं बन पाई। कुलपति ने वार्ता में किए गए वायदे को लिखित रूप में देने से इनकार कर दिया, जिसके चलते संगठन ने आंदोलन का निर्णय लिया। लुआक्टा के अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडेय, महामंत्री डॉ. अंशु केडिया और कोषाध्यक्ष डॉ. कीर्ति तिवारी सहित पदाधिकारियों ने कहा कि विश्वविद्यालय यूजीसी रेगुलेशन 2022 की गलत व्याख्या कर रहा है। उनका कहना था कि यूजीसी रेगुलेशन में कहीं भी स्नातक स्तर के शिक्षकों को शोध अधिकार से वंचित करने का प्रावधान नहीं है। इसके बावजूद विश्वविद्यालय ने नया अध्यादेश लाकर उन्हें शोध निर्देशक बनने से रोक दिया है। कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने संगठन को भरोसा दिलाया कि आकस्मिक कार्य परिषद की बैठक में शोध अध्यादेश पारित नहीं किया जाएगा और इस मुद्दे पर निर्णय केवल स्थायी कुलपति के आने के बाद ही होगा। उन्होंने यह भी कहा कि विद्या परिषद में आई आपत्तियों के आधार पर अध्यादेश में संशोधन किया जा रहा है। लेकिन जब लुआक्टा पदाधिकारियों ने इस आश्वासन को लिखित रूप में देने की मांग की तो कुलपति ने यह कहते हुए इनकार कर दिया कि क्या हमारी बात पर आपको भरोसा नहीं है। इसके बाद संगठन के पदाधिकारी बैठक छोड़कर बाहर निकल आए। लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, हरदोई और लखीमपुर के शिक्षक सामूहिक अवकाश पर रहे। सुबह 11 बजे से लखनऊ विश्वविद्यालय की सरस्वती वाटिका में धरना दिया गया और दोपहर साढ़े एक बजे शिक्षक राजभवन तक मार्च करने निकले।

# मजबूत संगठन ही जीत का आधार

### सजगता और सक्रियता से सतत कार्य करने का स्वभाव विकसित करना होगा : धर्मपाल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह ने गुरूवार को कहा कि भाजपा चुनाव में बूथ प्रबंधन से विपक्ष के झूठ, फरेब को परास्त करेगी। निश्चित विजय और संगठन विस्तार का फॉर्मूला प्रभावी बूथ प्रबंधन ही है। पंचायत चुनाव से पहले माइक्रो मैनेजमेंट से बूथ प्रबंधन का कार्य पूरा करना है। उन्होंने कहा कि मंडल अध्यक्ष, शक्तिकेन्द्र संयोजक और बूथ अध्यक्षों पर बूथ प्रबंधन की बड़ी जिम्मेदारी है। हमें सजगता और सक्रियता से सतत कार्य करने का स्वभाव विकसित करना होगा, जो हमें विपक्षी दलों के षड्यंत्र को ध्वस्त करने तथा पार्टी को मजबूत करने में सहायक होगा। श्री सिंह हरदोई में जिले के मंडल अध्यक्षों व शक्तिकेन्द्र संयोजकों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। श्री सिंह ने शक्तिकेन्द्र संयोजक की संगठनात्मक भूमिका पर चर्चा करते हुए कहा कि शक्तिकेन्द्र संयोजकों को बूथ समिति के साथ मिलकर संपर्क व संवाद की संगठनात्मक परम्परा के अनुरूप काम करना होगा। विचार परिवार, सहकारिता से जुड़े लोगों के साथ पार्टी के पुराने नेता एवं कार्यकर्ता तथा भाजपा से जुड़े नए कार्यकर्ता व नेताओं से संपर्क करके उन्हें सक्रिय रूप से पार्टी के कार्यक्रमों और अभियानों से जोड़ना है। मंडल अध्यक्ष तथा शक्तिकेन्द्र संयोजको पर बूथ को सतत सक्रिय रखने की बड़ी जिम्मेदारी है। बूथों पर पार्टी के सभी प्रभावी कार्यक्रम, नियमित मासिक बैठक, मंडल अध्यक्ष, शक्तिकेन्द्र संयोजक तथा बूथ अध्यक्षों में डायरी मेंटेन करने की आदत, मन की बात कार्यक्रम से प्रत्येक बूथ पर स्थानीय नागरिकों को जोड़ना तथा बूथ के प्रत्येक मतदाता तक नियमित संपर्क व संवाद से ही मजबूत व प्रभावी बूथ समिति का निर्माण होता है।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव-2026 की तैयारी शुरू

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** निदेशक पंचायतीराज अमित कुमार सिंह ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन, 2026 की प्रक्रिया आरम्भ हो चुकी है। पंचायती राज विभाग द्वारा वर्ष-2021 में संपन्न निर्वाचन के उपरान्त संघठित ग्राम पंचायतों के कार्यकाल समाप्ति संबंधी प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है। वर्ष 2021 में निर्वाचित त्रिस्तरीय पंचायतों प्रतिनिधियों क्रमशः का कार्यकाल ग्राम पंचायत प्रधान 26 मई 2026 व क्षेत्र पंचायत प्रमुख 19 जुलाई 2026 एवं जिला पंचायत अध्यक्षों 11 जुलाई. 2026 को समाप्त हो रहा है। शासन स्तर से निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होने तक नगरीय निकायों के सीमा विस्तार पर रोक लगाये जाने संबन्धी शासनादेश 20 मई, 2025 के द्वारा नगर विकास से अनुरोध किया गया है। वर्ष 2021 में पंचायत निर्वाचन संपन्न होने के उपरान्त नगरीय निकायों के सृजन के कारण प्रभावित ग्राम पंचायतों के आंशिक पुनर्गठन किये जाने संबन्धी शासनादेश 23 मई, 2025 को निर्गत किया गया है। ऐसे 37 जनपदों में आंशिक पुनर्गठन से संबन्धित समस्त कार्यवाही पूर्ण कर विवरण शासन को उपलब्ध करा दिया गया है। इस प्रक्रिया में पूर्व में विद्यमान 58195 ग्राम पंचायतों में से 512 ग्राम पंचायतों के नगर निकायों के सीमा विस्तार के फलस्वरूप समाप्त होने एवं 09 ग्राम पंचायतें नव सृजित होने तथा 02 वन टंगिया ग्रामों को ग्राम पंचायतों के रूप में अधिसूचित किये जाने के कारण वर्तमान में प्रदेश में 57694 ग्राम पंचायतें अस्तित्व में है। त्रिस्तरीय पंचायतों के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों का आंशिक प्रभावित ग्राम पंचायतों के परिसीमन किये जाने संबन्धी दिशा-निर्देश शासनादेश 15 व 16 जुलाई निर्गत किये गये है। इसके सापेक्ष आंशिक प्रभावित वार्डों के परिसीमन की कार्यवाही पूर्ण कर 03 से 05 अगस्त तक आपत्तियां प्राप्त कर उनके निस्तारण उपरान्त प्रभावित वार्डों के गठन की कार्यवाही की जा रही है। नगरीय निकायों के सृजन के फलस्वरूप आंशिक रूप से प्रभावित 39 जनपदों में परिसीमन की कार्यवाही निर्धारित समय-सारणी अनुसार पूर्ण कर वांछित सूचना पंचायती राज निदेशालय को 12 अगस्त तक उपलब्ध कराये जाने संबन्धी दिशा-निर्देश समस्त जिलाधिकारियों को निर्गत किये गये है, जिसमें आज 28 अगस्त तक 47 जनपदों से परिसीमन संबन्धी अभिलेख प्राप्त हो गये है शेष 28 जनपदों से परिसीमन संबन्धी अभिलेख प्राप्त किया जाना अपेक्षित है।

# पन्नों में दफन के कगार पर छात्र मोनू की हत्या का राज!

**तफ्तीश**

बीकेटी थाना क्षेत्र में करीब एक वर्ष बीतने के बाद इंटरमीडिएट के छात्र पीयूष उर्फ मानू रावत (20) की हत्या, पुलिस के लिए अबूझ पहेली या बन कर रह गई। थाने की पुलिस हत्यारे का सुराग लगा पाने के नाम पर सिर्फ जांच की बात कर रही है। छात्र हत्याकांड जांच के नाम पर सिर्फ पन्नों में सिमटी नजर आ रही है। पुलिस के लिए यह अंधी हत्या बनने के साथ पुलिस उलझने के साथ जांच पड़ताल जारी रखे है। अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी का कहना है कि इस मामले की जांच की जा रही है जल्द ही हत्यारों की गिरफ्तारी की जाएगी। ध्यान रहे कि बीते 19 दिसम्बर को भौली गांव में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में लापता इंटरमीडिएट के छात्र पीयूष उर्फ मोनू का शव मिला था उस दौरान पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में छात्र की गला कसकर हत्या किये जाने की बात प्रकाश में आई। उसके बाद कातिलों को गिरफ्तार करने के लिए तत्कालीन डीसीपी उत्तरी कासिम आब्दी ने चार टीमें गठित करने के साथ ही सर्विलांस की मदद से छात्र की अंतिम लोकेशन खंगाली गई थी। यही नहीं पुलिस ने क्राइम सीन रिक्रिएशन से भी इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने का प्रयास किया गया लेकिन नतीजा जीरो ही निकला उसके बाद पुलिस ने पीयूष हत्याकांड को ब्लाइंड मर्डर करार दे दिया। अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी जितेंद्र दूबे का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है जल्द ही हत्यारों की गिरफ्तारी की जाएगी। भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी का कहना है कि ऑर्नर किलिंग के मामले में पुलिस को सबसे अधिक जांच-पड़ताल व घटनाक्रम से कड़ियों को जोड़ने मे आती है। इन मामलों को सुलझाने के लिए पुलिस को काफी समय लगता है, ऐसे में आम बोलचाल भाशा में लोग समझते हैं कि केस ठंडे बस्ते में चला गया है, लेकिन पुलिस लगातार छानबीन करती है।

**– विनीत कुमार**

# स्मार्ट मीटर सप्लायर्स के लिए काम करने का अंदेशा जताया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने कहा है कि डिस्कॉम एसोशिएशन के गठन के पीछे मुख्य उद्देश्य विद्युत वितरण निगमों का निजीकरण करना है और डिस्कॉम एसोशिएशन पर कंट्रोल मुख्यतया निजी घरानों और स्मार्ट मीटर सप्लायर्स का है। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने देश के विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मेल भेज कर कहा है कि ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन के गठन से लेकर उत्तर प्रदेश में चल रही निजीकरण की गतिविधियों तक की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और निजीकरण का फैसला रद्द किया जाए। उप्र में निजीकरण और स्मार्ट मीटर के नाम पर बड़ा घोटाला चल रहा है। आल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने बताया कि भारत सरकार के पूर्व विद्युत सचिव ईएएस शर्मा ने फेडरेशन को मेल भेजकर संदेह व्यक्त किया है कि डिस्कॉम एसोशिएशन निजीकरण और स्मार्ट मीटर सप्लायर्स के लिए लाबीइंग करने वाली संस्था है। पूर्व



विद्युत सचिव ने आश्चर्य व्यक्त किया है कि यह जानते हुए भी पूर्व विद्युत सचिव आलोक कुमार इस एसोसिएशन के साथ कैसे संबद्ध हैं। इस बीच ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने पूरे देश के बिजली इंजीनियरों को सचेत करते हुए कहा है कि ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन की गतिविधियों में देश का कोई बिजली इंजीनियर हिस्सा न ले क्योंकि डिस्कॉम एसोशिएशन निजीकरण के मामले में बड़ी भूमिका का निर्वाह कर रही है। फेडरेशन ने कहा कि भारत सरकार के पूर्व विद्युत सचिव ईएएस शर्मा के ई मेल में व्यक्त आशंका के बाद इस एसोसिएशन की गतिविधियों से दूर रहना ही उचित है। फेडरेशन ने चेतावनी दी है कि निजीकरण के पीछे बड़ा घोटाला चल रहा है। ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन की गतिविधियों में हिस्सा लेना खतरे से खाली नहीं है। फेडरेशन ने सभी प्रांतों के विद्युत अभियंता संघों को निर्देश दिया है कि वे यह जानकारी हासिल करें कि उनके प्रांतों के विद्युत वितरण निगमों ने ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन को कितनी धनराशि चंदे के नाम पर दी है। इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे एवं सेक्रेटरी जनरल पी रत्नाकर राव ने कहा है कि आल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन का गठन देश के बिजली वितरण निगमों के निजीकरण के लिए किया गया है। डिस्कॉम एसोशिएशन में बिजली वितरण में काम करने वाली देश की लगभग सभी निजी कंपनियां शामिल हैं। यह निजी कंपनियां सरकारी विद्युत वितरण निगमों के साथ क्रिटिकल सूचनाएं और डाटा साझा कर रही है और निजीकरण करने के लिए जरूरी दस्तावेज हासिल कर रही हैं। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने बताया कि ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन की वेबसाइट पर जाने से यह सारी गतिविधियों स्वतः स्पष्ट हो जाती है। संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण को निरस्त कराने के लिए व्यापक जन जागरण और आंदोलन चलाया जाएगा। संघर्ष समिति के आह्वान पर गुरूवार को लगातार 274 वें दिन प्रदेश के समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर बिजली कर्मियों ने व्यापक विरोध प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया और संकल्प लिया कि जब तक निजीकरण का निर्णय वापस नहीं लिया जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# 24 करोड़ की ड्रग्स के साथ दो गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** लखनऊ एयरपोर्ट पर दो थाई तस्करों को 24 करोड़ की ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया। वह बैंकाक से ड्रग्स लेकर आए थे।



कस्टम अधिकारियों ने युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसके बाद दोनों को जेल भेज दिया।

डी आर आई की टीम को एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट से 26 अगस्त दो यात्रियों पर शक हुआ। पूछताछ में उन्होंने खुद स्वीकार किया कि वे अपने बैग में बड़ी मात्रा में ड्रग्स लेकर आए हैं। बैगेज की तलाशी लेने पर 23.935 किलो गांजा (हाइड्रोपोनिक वीड) बरामद किया गया। दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कार्रवाई की गई।

जांच एजेंसियों के मुताबिक, बरामद माल बेहद हाई-क्वालिटी हाइड्रोपोनिक वीड है, जिसे दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों से भारत लाकर हाई-प्रोफाइल सर्किल और क्लबों में खपाया जाता है। लखनऊ को फिलहाल ट्रांजिट प्वाइंट के तौर पर इस्तेमाल किए जाने की आशंका है।



# मंडलायुक्त ने कुपोषित बच्चों का जाना हाल



स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने गुरुवार को राम मनोहर लोहिया अस्पताल स्थित मातृ शिशु चिकित्सालय में मिनी पोषण पुनर्वास (एनआरसी) केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रेयश कुमार, चिकित्सा अधीक्षक श्रीकेश सिंह, एनआरसी प्रभारी डॉ. साक्षी सिंह और यूनिसेफमंडलीय पोषण समन्वयक भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि प्रत्येक शनिवार को सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी और मुख्य सेविका द्वारा सैम बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण सीएचसी और पीएचसी स्तर पर कराया जाए और अति गंभीर बच्चों को बलरामपुर एवं डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल स्थित एनआरसी में भर्ती किया जाए।

# जटिल सर्जरी कर बचायी महिला की जान

स्वतंत्र भारत लखनऊ। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के सर्जनों ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि

## केजीएमयू में रिकरेंट रेट्रोपेरिटोनियल लिपोसारकोमा का सफल ऑपरेशन

हासिल की है। उन्होंने पूर्वी उत्तर प्रदेश की 51 वर्षीय महिला का सफल ऑपरेशन किया, जो जायंट रिकरेंट रेट्रोपेरिटोनियल लिपोसारकोमा एक दुर्लभ और आक्रामक सॉफ्ट टिश्यू सारकोमासे पीड़ित थीं। रेट्रोपेरिटोनियल लिपोसारकोमा एक दुर्लभ, घातक ट्यूमर है जो पेट के पीछे वसायुक्त ऊतकों में विकसित होता है। प्रोफेसर केके सिंह के मुताबिक यह ट्यूमर 35 म 25 म 14 सें.मी. का और लगभग 8.5 किलोग्राम वज़नी है। ट्यूमर चुपचाप बढ़कर इतना विशाल हो गया था कि इसने दाहिनी किडनी को लिवर के पास मध्य रेखा की ओर धकेल दिया। कोलन और डुओडेनम को दबा दिया। पेरिनेफ्रिक फैट प्लेन, दाहिनी रीनल वेन और यहां तक कि इन्फीरियर वेना कावा को भी प्रभावित कर दिया। ट्यूमर के अत्यधिक आकार ने रोगी में लम्बर लॉर्डोसिस भी उत्पन्न कर दी थी। स्थिति को और जटिल बनाते हुए, प्रिऑपरेटिव राइट स्टेंटिंग यूरटर की टॉर्च्यूसिटी के कारण विफल हो गई, जिससे नेफ्रेक्टॉमी (किडनी निकालने) का गंभीर ख़तरा था। इसके बावजूद, केजीएमयू की सर्जिकल टीम ने संपूर्ण ट्यूमर को हटाने और किडनी को सुरक्षित रखने में सफलता पाई–जो शल्य-कौशल और सावधानीपूर्वक योजना का उत्कृष्ट उदाहरण है।

# नवीनतम श्रंखला पर दिया जोर

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। आलमबाग स्थित फीनिक्स यूनाइटेड ने गणेश चतुर्थी पर एंड ऑफ सीज़न सेल के दौरान ग्राहकों को ढेरों उपहार और इनाम देकर उत्सव का मज़ा दोगुना कर दिया।

5,999 से अधिक की खरीदारी पर शॉपर्स को निश्चित गिफ्ट्स मिले, वहीं 14,999 या उससे ऊपर की शॉपिंग पर टाटा नेक्सॉन कार, प्रीमियम बाइक और ड्रीम डेस्टिनेशन ट्रिप जैसे शानदार बम्पर प्राइज दिए गए। फीनिक्स मिल्स के रिटेल डायरेक्टर नॉर्थ संजीव सरीन ने कहा कि मॉल का उद्देश्य शॉपिंग को ग्राहकों के लिए यादगार अनुभव बनाना है।

# आत्म खोज के नए अंदाज की कहानी



स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। नई रोम-कॉम म्यूज़िकल फिल्म मन्नू क्या करेगा? का ट्रेलर रिलीज़ होते ही दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। नम्रता शुक्ला ने बताया कि संजय त्रिपाठी के निर्देशन और शरद मेहरा के प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म में नए चेहरे व्योम और साची बिंद्रा की ताज़गी भरी केमिस्ट्री लोगों को खूब पसंद आ रही है। ट्रेलर में रोमांस और फैमिली ड्रामा का दिलचस्प मेल देखने को मिलता है। साथ ही ट्रैक हमनवा ने म्यूज़िक प्रेमियों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। सोशल मीडिया पर फैंस इस जोड़ी को 2025 की फ्रेश रोमांटिक पेयर बताते हुए तारीफों से भर रहे हैं। फिल्म में सहायक भूमिकाओं में विनय पाठक, कुमार मिश्रा और चारू शंकर जैसे अनुभवी कलाकार भी नज़र आएंगे। 12 सितम्बर को प्रसारित होगी।

# बप्पा घर में खुशियां लेकर आते



स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। गणेश चतुर्थी का जश्न में अभिनेता तुषार कपूर ने अपने घर गणपति बप्पा की भव्य स्थापना की और अपने बेटे लक्ष्य संग पूरे श्रद्धाभाव से पूजा-अर्चना की। मुंबई से नम्रता शुक्ला ने बताया कि लाल फूलों, रोशनी और रंगोलियों से सजा तुषार कपूर का घर इस मौके पर किसी मंदिर से कम नहीं दिख रहा था। पूजा के दौरान तुषार कपूर पारंपरिक धोती-कुर्ता में नज़र आए, जबकि छोटे लक्ष्य भी अपने पिता के साथ आरती में शामिल हुए। पिता-पुत्र की यह झलकियां सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। पूजा के बाद तुषार कपूर ने कहा गणपति बप्पा हमारे घर खुशियां और सकारात्मकता लेकर आते हैं। इस बार लक्ष्य के साथ मिलकर बप्पा का स्वागत करना मेरे लिए बेहद खास पल है। गणपति महोत्सव के इस मौके पर तुषार कपूर के घर फिल्म इंडस्ट्री के करीबी मित्रों और रिश्तेदारों का आना-जाना लगा रहा। प्रसाद वितरण और भजन-कीर्तन से पूरा घर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। आने वाले दिनों तक यहां रोज़ाना विशेष आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

---

## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### सूचना

मैंने अपने पुत्र देवेन्द्र सिंह के आपसी मतभेद के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी कृत्यों के वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा।मान सिंह यादव पुत्र स्व. प्रभु दयाल यादव, नि.-11/357 इन्दिरानगर, लखनऊ।

सी.आर.-1142/ L-40

### सूचना

पहले मेरा नाम IMRAN था अब मैंने बदलकर अपना नाम MOHD IMRAN रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। C/o: MOHAMMAD USMAN R/o: 256/212 @ 33, KHAJUA RAJENDRA NAGAR LUCKNOW UTTAR PRADESH 226004

सी.आर.-1146/ L-25

### सूचना

पहले मेरा नाम ARCHANA VIKRAM SINGH था अब मैंने बदलकर अपना नाम ARCHANA TRIPATHI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/o: RADHA KRISHNA TRIPATHI R/o: 45, GEETAPURI SEC-6 GOMTI NAGAR EXTENSION LUCKNOW UTTAR PRADESH 226010

सी.आर.-1146/ L-25

### सम्बंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र परमजीत यादव को सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था। अब सुधार को देखते हुए।मेरे वाद अन्य वारिसों की तरह वह भी मेरा वारिस होगा। ओमवीर सिंह पुत्र नत्थू सिंह शिवदासपुर थाना तिलहर।

सी.आर.-1144/D-30

### सूचना

मेरे पुत्र अंशूमान के शिक्षा अभिलेखों में मेरा नाम वसुंधरा अंकित हो गया है जो गलत है सही नाम वसुंधरासिंह है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। वसुंधरासिंह पत्नी सौरभ कुमार निवासी महमंद जलालनगर थाना सदर बाजार, शाहजहांपुर।

सी.आर.-1144/D-31

### सम्बंध विच्छेद

मैंने पुत्र मोहित सिंह को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करके सम्बंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों का स्वंय जिम्मेदार होगा। नीरज पत्नी धर्मेन्द्रपालसिंह निवासी सफौरा थाना निगोही शाहजहांपुर।

सी.आर.-1144/D-30

### सम्बंध विच्छेद

मैंने पुत्र रामकुमार को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करके सम्बंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों का स्वंय जिम्मेदार होगा। गेंदावती पत्नी शिवराजसिंह व शिवराजसिंह निवासीगण घुसगवां थाना निगोही शाहजहांपुर।

सी.आर.-1144/D-30

### सार्वजनिक सूचना

**मैं अरुन कुमार वर्मा पुत्र श्री राम बक्श निवासी-शेखपुर सिकन्दरपुर, थाना बेनीगंज, जिला-हरदोई।** मैंने अपने छोटे भाई अंशुल वर्मा पुत्र श्री राम बक्श 12 वर्ष से साथ रहकर दिल्ली में प्राइवेट कम्पनी में कार्य कर रहा था, मई 2025 में उसकी शादी हो गई है। उसकी पत्नी अंकिता व अंशुल दोनों लोग साथ में रहकर झगड़ा करते हैं। मैं उनके कृत्यों व प्रताड़नाओं के कारण सारे सम्बन्ध तोड़ दिये हैं। अपने कमरे से निकाल दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से मेरा व मेरी पत्नी सूबी से कोई सरोकार नहीं होगा।

सी.आर.-1143/ L

**एफ0 सी0 जे0 फार्म नं0 33 भाग, 7 हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय स्थान लखीमपुर, जिला खीरी**
**वाद सं0-802/2024 कंप्यूटरीकृत वाद सं0-डी20241043002602**
**अं0 धारा-116 उ0प्र0रा0सं0 ग्राम मुड़ियाखेड़ा, परगना व जिला खीरी**
**तारीख पेशी - 29.08.2025**
**राम प्रसाद**
**बनाम**
**विजय कुमार आदि**

1. चन्द्रकुमार पुत्र रामप्रसाद निवासी मुड़िया खेड़, परगना व जिला खीरी
2. अनिल कुमार, 3. अजय कुमार, 4. प्रदीप कुमार, 5. संतोष कुमार पुत्रगण रामप्रसाद निवासीगण मो0 द्वारिकापुरी, शहर व तहसील लखीमपुर, परगना व जिला खीरी
6. नाम नामालूम बेवा रामप्रसाद

चूँकि उपरोक्त नामित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि बाजदायर प्रार्थना पत्र अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2025 के 08-29 दिवस को 10:30 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा व अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज 2025 के 8-25 दिवस को निकाली गयी।

**न्यायाधीश**
**न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय, लखीमपुर-खीरी**

सी.आर.-1145/D-CN

अदालती सूचना ता.पेशी 04.09.2025 इश्तहार मुजरिया न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर उत्तराधिकार वाद सं.282 वर्ष 2025 हितकरन पुत्र स्व.खेमकरन निवासी मोहल्ला अजीजगंज तह.सदर जिला शाहजहांपुर...प्रार्थी/वादी बनामः-हरखास आम मोहल्ला अजीजगंज जिला शाहजहांपुर..विपक्षीगण अंतर्गत धारा भा.उ.द.अधि. सन 1925ई. दरख्वास्त मुसम्मी हितकरन वादी उक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा किफलत हाय मुसम्मी स्व. शान्ति देवी पत्नी स्व.खेमकरन निवासी मोहल्ला अजीजगंज तह. सदर जिला शाहजहांपुर मुतवफी भारतीय हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम सन 1925ई.हरगाह मुसम्मी हितकरन वादी उक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वतारीख 04.09.2025 वास्ते समाअत दरख्वास्त हाजा के मुकर्रर हुई है। लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरख्वास्त हाजा की उजर हो तो स्वंय या वकील वतारीख 04.09.2025 को पेश होकर दरख्वास्त हाजा की उजर पेश करें। दरसूरत इन्काजे तारीख मुकर्रर कोई उजर सुना नहीं जायेगा और मुनासिव हुक्म सादिर होगा। आज वतारीख 27.08.2025 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार मुन्सरिम सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर।

सी.आर.-1144/D-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान प्रमुख पारिवारिक जज महोदय कानपुर नगर
परिवाद सं. 765 सन् 2025

1. श्रीमती शायला मिर्जा आयु लगभग 25 वर्ष पत्नी खुर्शीद आलम पुत्री मोहम्मद मुर्सरत बेग आदि हाल निवासी म.नं. 131/370 ए-3, बेगमपुरवा थाना बाबूपुरवा कानपुर नगर मो. 9235421249

..प्रार्थिनी/वादिनी

बनाम– खुर्शीद आलम वयस्क आयु लगभग 37 वर्ष पुत्र सलाउद्दीन खांन निवासी बरवलिया गजपति खेड़ा थाना सरेनी तहसील लालगंज जनपद रायबरेली मो. 9559609638..विपक्षी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 144 बी.एन.एस. थाना बाबूपुरवा कानपुर नगर

हरगाह वादिनी ने आपके विरुद्ध अन्तर्गत धारा 144 बी.एन.एस. का वाद न्यायालय में दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 08.10.2025 को दिन में 10.00 बजे जो दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं असालतन जवाबदावा, वाद बिंदु आदि हेतु उपस्थित हों और लाजिम है कि उसी दिन जुमला दस्तावेज पेश करेंगे जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 11.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, सदर मुंसरिम न्यायालय प्रमुख पारिवारिक जज महोदय कानपुर नगर

सी.आर.-1147/K-CN

### पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आर.एस.पी., पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैः **क्रम सं.: 1- ई-प्रापण निविदा संख्याः NER-GKP-RSP-2025-11 कार्य का नामः** छपरा (सी.पी.आर.)-सीवान (एस.वी.) सेक्शन में कोपा सम्होता (केपीएस) - दाउदपुर (डीडीपी) रेलवे स्टेशनों के बीच किमी 339/23-26 पर एल.सी. संख्या-57/सी. के स्थान पर दो लेन वाले एंड-टू-एंड रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण, जिसमें पहुंच मार्ग में आरईवॉल/ पीएससी गर्डर/कम्पोजिट गर्डर शामिल हैं और पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी डिवीजन के रेलवे हिस्से में आर.डी.एस.ओ. के कैमल बैक ट्रस प्रकार के गर्डर का उपयोग किया जायेगा, **अनुमानित निविदा मूल्यः** ₹ 44,59,18,195.82, **बयाना राशिः** ₹ 23,79,600.00,**निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0):** ₹ 0.00 शून्य, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 24 महीने, **नोटः 1.** बिड प्रारम्भ करने की तिथि - दिनांक. **08.09.2025, 2.** उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अंतिम तिथि - दिनांक **22.09.2025,** 15:00 बजे तक, **3.** उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि - दिनांक **22.09.2025,** 15:00 बजे, **4.** निविदा सूचना योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है, **5.** निविदा सूचना में यदि हिंदी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

**अधिशासी अभियंता/निर्माण/आर.एस.पी.**
**मुजाधि/डब्लू-223 गोरखपुर**
**"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"**

### अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान अष्टम अपर सिविल जज कनिष्ठ वर्ग कानपुर नगर
प्रकीर्ण वाद सं. 02 सन् 2025
मूलवाद सं. 1743 सन् 2018

राहुल ओबेराय वयस्क पुत्र स्व. अजय ओबेराय निवासी 7/260ए स्वरूप नगर कानपुर नगर..प्रार्थी/वादी

बनाम– आर.के. जैदका आदि.. विपक्षीगण

9. ओरिजिन एडवर्टीजमेन्ट स्थित आकर्षण काम्प्लेक्स गोमती नगर रेलवे फ्लाईओवर के समीप लखनऊ द्वारा अर्जुन रावत

हरगाह मुद्दई हाजा ने दरख्वास्त हुसूल हुक्म मुशद्दर मन्सूखी डिशमिसी नालिशी नाबुर्दा पेश की है लिहाजा आपको इत्तिला जाती है कि आप इस अदालत में बतारीख 03.09.2025 ई. असालतन या बजरिए वकील अदालत हाजा या बजरिए मुख्तार मजाज हस्बे जाब्ता और वाकिफ मुकदमा में हाजिर होकर वजह अगर कोई हो हाजिर करें कि नाबुर्दा की दरख्वास्त क्यों नामन्जूर कीजाए। मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के बतारीख 27.08.2025 ई. को जारी किया गया। आज्ञा से, मुन्सरिम/रीडर न्यायालय अष्टम अपर सिविल जज कनिष्ठ वर्ग कानपुर नगर।

सी.आर.-1147/K-CN

अदालती सूचना ता. पेशी 29.09.2025 सम्मन तनकीह तलब(आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय शाहजहांपुर मूल वाद सं. 1041 वर्ष 2024 श्रीमती राखी त्रिपाठी पत्नी प्रदीप शुक्ला पुत्री ओमप्रकाश निवासी मोहल्ला सरायकाइयां पर.व तह. सदर डाकघर दलेलगंज नगर व जिला शाहजहांपुर...प्रार्थिनी/वादिनी बनाम प्रदीप शुक्ला पुत्र राधारमण शुक्ला निवासी मोहल्ला नवदिया फतेहगढ़ पर. फतेहगढ़ तह. सदर जिला फर्रूखाबाद मेलिंग एड्रेस प्राथमिक विद्यालय नवदिया भवन 126 के प्रथम तल पर निवासी हैं पर.फतेहगढ़ तह.सदर जिला फर्रूखाबाद मो. 8081238896 प्रतिवादी हरगाह श्रीमती राखी त्रिपाठी वादिनी उक्त आपके नाम एकनालिश अंतर्गत धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम/विवाह विच्छेद के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि बतारीख 29 माह 09 सन् 2025 ई.बवक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमे की करवाई से वाकिफ किया गया हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही इस्तदलाल करना चाहते हों आपको इत्तिला दी जाती हैं कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मुसामत फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से आज बतरीख 11 माह 08 के सन् 2025 ई. में जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार मुन्सरिम/रीडर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय शाहजहांपुर।

सी.आर.-1144/D-CN

### उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **19.09.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 09302025 दिनांक 27.08.2025 |
| 2 | निविदा संख्या | 16/ Sr.DEN-I/LKO/2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम : लखनऊः सहायक मण्डल इंजीनियर/मुख्यालय/लखनऊ के अधीन वरि० खण्ड अभियन्ता/कार्य/चारबाग/लखनऊ के खण्ड में चारबाग रेलवे स्टेशन पर लखनऊ में नए रेलवे दावा न्यायाधिकरण (आरसीटी) की स्थापना के लिए बुनियादी ढांचे का प्रावधान। | |
| 4 | अनुमानित लागत | रु० 2,75,91,915.97 |
| 5 | धरोहर राशि | रु० 2,88,000.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह |
| 7 | निविदा डालने की प्रारंभ तिथि | 05.09.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 19.09.2025 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट :– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **2609/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

### क्षेत्रीय कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स, 193-ए, सिविल लाइन्स बरेली मण्डल बरेली

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री पंकज कुमार सिंह द्वारा सचिव की हैसियत से संस्था City Park Phase 2 Resident Welfare Association, Add. A 128 City Park Shahjahanpur, 242001 के पंजीकरण हेतु सोसा0 रजि0 अधि0 1860 के अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन व पंजीकरण शुल्क प्राप्त है। उक्त संस्था के स्मृति पत्र निम्नलिखित पदाधिकारी व सदस्य दर्शाये गये हैं।

1–श्री हरदेव प्रसाद गुप्ता पुत्र श्री कन्हैया लाल अध्यक्ष, 2. श्री चन्द्रशेखर सिंह पुत्र श्री जनक देव सिंह उपाध्यक्ष, 3–श्री अजय कुमार सिंह पुत्र श्री फूल चन्द्र उपाध्यक्ष, 4–श्री आशीष कुमार गुप्ता पुत्र श्री सुशील कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष, 5– श्री पंकज कुमार सिंह पुत्र श्री दिवान सिंह सचिव, 6–श्री विकास वाजपेयी पुत्र श्री प्रमोद कुमार वाजपेयी सचिव, 7–श्री अमित गुप्ता पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार सचिव, 8–श्री हरीशंकर पुत्र श्री जगदीश प्रसाद सचिव, 9–श्री हरीओम सिंह पुत्र श्री देवराज सिंह सुरक्षा प्रभारी, 10–श्री राकेश कुमार सक्सेना पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार सक्सेना कोषाध्यक्ष।

उपरोक्त संस्था के पंजीकरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर इस कार्यालय को दस्तावेजी साक्ष्यों एवं फोटो युक्त नोटरी शपथ पत्र सहित आपत्ति पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है। उपरोक्त सार्वजनिक सूचना / नोटिस सोसा0रजि0 अधि0 1860 की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

**सहायक रजिस्ट्रार बरेली**

सी.आर.-1144/D

### उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड

**अल्पकालीन ई०–निविदा सूचना सं0–08/ईसीसीडी–1/2025–26**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न विवरणानुसार अंकित कार्यों के सम्पादन हेतु ई०–निविदा सूचना संख्या–08/ईसीसीडी–1/2025–26 के द्वारा आमंत्रित निम्नलिखित निविदाओं के सम्बन्ध में ई०–निविदाएँ दिनांक 15.09.2025 को सायं 05.00 बजे तक डाली/अपलोड की जा सकती हैं। प्राप्त निविदाओं का तकनीकी भाग (भाग–प्रथम) दिनांक 16.09.2025 को सायं 03.30 बजे से खोला जायेगा। निविदाओं में किसी भी प्रकार के परिवर्तन/संशोधन/शुद्धि–पत्र एवं विस्तृत नियम व शर्ते ई–टेण्डर पोर्टल/वेबसाइट http://etender.up.nic.in से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदाओं का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र० सं० | निविदा विशिष्ट संख्या | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि रू० | निविदा प्रपत्र मूल्य जी०एस०टी० (18 प्रतिशत) सहित रू० |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 27/ 2025-26 | लखनऊ स्थित 32 एल०आई०जी० कर्मचारी विद्युत कालोनी के आवास सं0–157/1 एवं 152/2 सीवर लाइन सम्बन्धि जानपदीय अनुरक्षण कार्य। | 2000.00 | 296.00 |
| 2 | 28/ 2025-26 | लखनऊ स्थित 20 एम०आई०जी० विद्युत अधिकारी कालोनी के आवास संख्या–बी–279 एवं बी–299 में प्लास्टर रिपेयरिंग, आन्तरिक एवं बाहारी रंगाई–पोताई, दरवाजे, पल्ले, खिड़की एवं मच्छर जाली, छत का सीलन रोधी उपचार एवं कोर्टयाड फर्श व जलापूर्ति पाइप लाइन अन्य विविध जानपदीय अनुरक्षण कार्य। | 6500.00 | 590.00 |
| 3 | 29/ 2025-26 | लखनऊ स्थित मोतीझील कर्मचारी विद्युत कालोनी के आवास संख्या–एल०एम०–102 एवं एल0एम0– 103 में प्लास्टर रिपेयरिंग, आन्तरिक रंगाई–पोताई अन्य विविध जानपदीय अनुरक्षण कार्य। | 2500.00 | 296.00 |

**अधिशासी अभियन्ता, वि०जा०नि०खं०–प्रथम, उ०प्र०पा०का०लि० अलीगंज, लखनऊ।**

(''राष्ट्रहित में बिजली बचाए'')

संख्या–1875/ई0सी0सी0डी0 I/टी–5 दिनांक:– 28.08.2025

### लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001: 2004, ISO 9001: 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, (उ0प्र0)
टोल–फ्री : 1800 1800 5000 वेबसाइट : http://www.ldalucknow.in

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट – ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण/नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया है:–

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/ भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं का नाम | मूल आवंटी (मृतक) से आवेदक का संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्री अफजालुल हक सिद्दीकी | भूखण्ड संख्या– H–5 सेक्टर–आई | जानकीपुरम योजना | 31.01.2011 | श्रीमती अनीस फात्मा (पत्नी) कु0 फात्मा जिया (पुत्री) | – | पत्नी/ पुत्री |
| 2 | श्री ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव | भू0 सं0–D–1/26 सेक्टर –ओ | मानसरोवर योजना | 16.10.2020 | रीना श्रीवास्तव, संचिता श्रीवास्तव, रचिता श्रीवास्तव | – | पत्नी/ पुत्रियां |
| 3 | स्व0 सुशीला बजाज एवं स्व0 किरन बजाज | भू0 सं0–बी–131, सेक्टर–सी | महानगर | 15.05.2024 05.01.2019 | श्री सतीश बजाज–पुत्र, श्रीमती नीलम गुलाटी–पुत्री, श्रीमती सुनीता दुआ–पुत्री, पुत्र/पुत्री स्व0 सुशीला बजाज, श्रीमती नीरू बजाज–पुत्रवधु, स्व0 सुशीला बजाज पत्नी स्व0 किरन बजाज | – | पुत्र/पुत्री/ पुत्रवधु/पत्नी |
| 4 | श्री प्रवीण राम नाथ वर्मा एवं श्रीमती नीरा प्रवीण वर्मा | भवन संख्या–एस–891 उदयन–2 रक्षा खण्ड शारदा नगर रायबरेली रोड योजना | | श्रीमती नीरा प्रवीण वर्मा की मृत्यु दिनांक 08.11.2024 | श्री प्रवीण राम नाथ वर्मा | रजिस्टर्ड वसीयत के आधार पर | पति |
| 5 | स्व0 सावित्री पाण्डेय एवं स्व0 प्रवीन कुमार पाण्डेय | भू0 सं0– बी–968 का भाग | महानगर | 19.07.2022 16.01.2024 | ज्योति पाण्डेय–पत्नी, प्रतीक पाण्डेय–पुत्र, प्रतिका पाण्डेय–पुत्री, पत्नी/पुत्र/पुत्री स्व0 प्रवीन कुमार पाण्डेय, नवीन कुमार पाण्डेय–पुत्र, मीना मिश्रा–पुत्री, मालिका अवस्थी कौशिक– नातिन एवं ऐशवर्या अवस्थी–नातिन पुत्र/पुत्री/नातिन स्व0 सावित्री पाण्डेय | – | पुत्र/पुत्री/ पत्नी/नातिन |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम–6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव**

अदालती सूचना ता. पेशी 24.09.2025 सम्मन तनकीह तलब(आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय शाहजहांपुर मूल वाद सं. 517 वर्ष 2024 ओम सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम मंजा तह.कलान थाना परौर पोस्ट परौर जिला शाहजहांपुर...प्रार्थी/वादी बनाम श्रीमती साक्षी पत्नी ओम सिंह पुत्री सुरेश निवासी ग्राम वीरमपुर तह.दातागंज थाना कोतवाली दातागंज डा.डहरपुर कला जिला बदायूं...प्रतिवादी हरगाह ओम सिंह वादी उक्त आपके नाम एकनालिश के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि बतारीख 24 माह 09 सन् 2025 ई.बवक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमे की करवाई से वाकिफ किया गया हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही इस्तदलाल करना चाहते हों आपको इत्तिला दी जाती हैं कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मुसामत फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से आज बतरीख 26 माह 08 के सन् 2025 ई. में जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार मुन्सरिम/रीडर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय शाहजहांपुर।

सी.आर.-1144/D-CN

### पूर्वोत्तर रेलवे

**खुली ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती है :

**क्रम सं. : 01, खुली ई-निविदा सूचना सं. :** इज्जत/इलै./ओ.टी./18/2025 दि. 21.08.2025, **कार्य का नाम :** इज्जतनगर मण्डल में रामनगर यार्ड में नयी वाशिंग पिट एवं पेसेंजर लाइनों के विस्तार में बाधक मौजूदा "संरचनात्मक अवरोधकों" को हटाये जाने से संबंधित सामान्य विद्युतीकरण कार्य, **अनुमानित लागत रु. में :** 80,86,048.72, **धरोहर राशि रु. में :** 1,61,700.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में :** शून्य, **निविदा का प्रकार :** खुली निविदा, **ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय :** 12.09.2025 17.00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 9 माह। **क्रम सं. : 02, खुली ई-निविदा सूचना सं. :** इज्जत/इलै./ओ.टी./16/2025 दि. 27.08.2025, **कार्य का नाम :** इज्जतनगर मण्डल में सी.से.इं./कार्य/पीलीभीत के कार्य क्षेत्र में टनकपुर में आईलेंड प्लेटफॉर्म सं. 4 और 02 नग स्टेबलाईजिंग लाईन का प्रावधान एवं टनकपुर में मैकेनाइज्ड लाउन्ड्री का प्रावधान से संबंधित विद्युतीय कार्य, **अनुमानित लागत रु. में :** 1,58,77,767.83, **धरोहर राशि रु. में :** 2,29,400.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में :** शून्य, **निविदा का प्रकार :** खुली निविदा, **ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय :** 19.09.2025 15.00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 9 माह। **क्रम सं. : 03, खुली ई-निविदा सूचना सं. :** इज्जत/इलै./ओ.टी./19/2025 दि. 27.08.2025, **कार्य का नाम :** इज्जतनगर मण्डल के अन्तर्गत फतेहगढ़ अनुभाग के "विभिन्न स्टेशनों (रावतपुर, कल्याणपुर, बर्राजपुर, बिल्हौर, शमशाबाद, कायमगंज) पर विद्युत आपूर्ति और प्रकाश व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण" के प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बर्राजपुर, शमशाबाद, कायमगंज और रूदायन स्टेशनों पर सामान्य विद्युतीकरण कार्य, **अनुमानित लागत रु. में :** 30,35,481.47, **धरोहर राशि रु. में :** 60,700.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में :** शून्य, **निविदा का प्रकार :** खुली निविदा, **ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय :** 19.09.2025 15.00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** छः माह।

• इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिएँ। • निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वे समय–समय पर ऑनलाइन जारी किए गए शुद्धि पत्र की जाँच करें, यदि कोई हो। समाचार पत्र में अलग से कोई प्रकाशन जारी नहीं किया जायेगा।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/**
**मुजाधि/विद्युत-127 इज्जतनगर**
**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**

**एफ0 सी0 जे0 फार्म नं0 13 भाग, 1 हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय लखीमपुर-खीरी**
**वाद संख्या - 448 सन् 2025**
**तारीख पेशी - 01.09.2025**
**बरीरा खातून बनाम आकिफ आदि**

1. सटल्लू पुत्र फैयाज अली निवासी मोहल्ला नौरंगाबाद, शहर व तहसील लखीमपुर, जिला खीरी
2. रमेश कुमार वर्मा पुत्र त्रिलोकी नाथ निवासी मोहल्ला प्यारेपुर, शहर व तहसील लखीमपुर, जिला खीरी
3. भूमि प्रबंधक समिति, ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम सभा प्यारेपुर परगना व जिला खीरी
4. राम किशोरी देवी वर्मा पत्नी त्रिलोकी नाथ निवासी मोहल्ला प्यारेपुर, शहर व तहसील लखीमपुर, जिला खीरी

चूँकि उपरोक्त नामित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि वादिनी अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2025 के 09-01 दिवस को 10:30 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा व अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाली गयी।

**न्यायालय परगना मजिस्ट्रेट**
**जनपद लखीमपुर-खीरी**

सी.आर.-1145/D-CN

अदालती सूचना ता.पेशी 03.09.2025 इश्तहार मुजरिया न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर उत्तराधिकार वाद सं.238 वर्ष 2025 रामप्रताप बनाम श्रीमती हेमवती आदि बनामः-1-श्रीमती हेमवती पुत्री स्व.गिरधारीलाल पत्नी विकास वर्मा निवासी ग्राम निगोही तह0 तिलहर जिला शाहजहांपुर 2-श्रीमती रामबेटी पुत्री स्व.गिरधारीलाल पत्नी ओमकार निवासी ग्राम कारीमकुआपुर तह.सदर जिला शाहजहांपुर..विपक्षीगण अंतर्गत धारा भा.उ.द.अधि. सन 1925ई. दरख्वास्त मुसम्मी रामप्रताप वादी उक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा किफलत हाय मुसम्मी स्व. श्रीमती सुन्दरी देवी उर्फ श्यामसुन्दरी पत्नी स्व.गिरधारीलाल निवासी ग्राम अकर्रारसूलपुर तह. सदर जिला शाहजहांपुर मुतवफी भारतीय हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम सन 1925ई.हरगाह मुसम्मी रामप्रताप वादी उक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वतारीख 03.09.2025 वास्ते समाअत दरख्वास्त हाजा के मुकर्रर हुई है। लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरख्वास्त हाजा की उजर हो तो स्वंय या वकील वतारीख 03.09.2025 को पेश होकर दरख्वास्त हाजा की उजर पेश करें। दरसूरत इन्काजे तारीख मुकर्रर कोई उजर सुना नहीं जायेगा और मुनासिव हुक्म सादिर होगा। आज वतारीख 27.08.2025 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार मुन्सरिम सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर।

सी.आर.-1144/D-CN

अदालती सूचना ता. पेशी 09.09.2025 सम्मन तनकीह तलब(आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय सिविल जज सी.डि.शाहजहांपुर मूल वाद सं. 254 वर्ष 2024 शमशाद खां बनाम अमन आदि बनामः-अमन पुत्र मरहूम कौसर अली खां निवासी प्रोफेसर कालोनी मोहल्ला महमंद जलालनगर पर.व तह. सदर नगर व जिला शाहजहांपुर प्रतिवादी सं. 1 हरगाह शमशाद खां वादी उक्त आपके नाम एकनालिश वावत स्थायी निषेधाज्ञा एवं घोषणात्मक के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि बतारीख 09 माह 09 सन् 2025 ई.बवक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमे की करवाई से वाकिफ किया गया हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही इस्तदलाल करना चाहते हों आपको इत्तिला दी जाती हैं कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मुसामत फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से आज बतरीख 28 माह 08 के सन् 2025 ई. में जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार मुन्सरिम सिविल जज सी.डि.शाहजहांपुर।

सी.आर.-1144/D-CN

# साइबर फ्रॉड गिरोह का भंडाफोड़, दो ठग गिरफ्तार

## दोनों अभियुक्तों को एसटीएफ ने गाजियाबाद से दबोचा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गाजियाबाद से एक संगठित गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह

### ■ वैज्ञानिक डा. लाल सिंह गंगवार को भी बनाया था अपना शिकार

आईजीएमएस आईआरडीएआई, एनपीसीआई और आरबीआई जैसे प्रमुख संस्थानों के अधिकारियों का प्रतिरूपण कर इंश्योरेंस पॉलिसी धारकों को यूनिट वैल्यू से अधिक मैच्योरिटी अमाउंट दिलाने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी कर रहा था। एसटीएफ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने गाजियाबाद के क्लाउड 9 टावर, वैशाली स्थित एक





ऑफिस से दीपक तिवारी पुत्र स्व. गणेश तिवारी, निवासी सी-707 चार्मस कैसल सोसाइटी, राजनगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद, बादल वर्मा पुत्र दिनेश कुमार वर्मा, निवासी 4/7, गली नं. 07, दुर्गा इंक्लेव, ओल्ड हैबतपुर चिपयाना, थाना बिसरख, गौतमबुद्धनगर है। टीम को पूछताछ में पता चला कि लखनऊ स्थित भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. लाल सिंह गंगवार को भी शिकार बनाया था। मार्च 2025 में गिरोह ने उन्हें फर्जी बॉन्ड पेपर और नकली दस्तावेज दिखाकर 3.66 लाख रुपये ठग लिए थे। पूछताछ में आरोपी दीपक तिवारी ने बताया कि उसने पहले इंश्योरेंस कंपनियों में टैली कॉलिंग का काम किया और कोविड काल में रेस्टोरेंट बिजनेस में घाटा होने के बाद प्रेम चौधरी नामक व्यक्ति के साथ मिलकर साइबर फ्रॉड का काम शुरू किया। गाजियाबाद में ऑफिस खोलकर संगठित तरीके से ठगी करना शुरू किया।

आरोपी ने गूगल से सरकारी संस्थानों में कार्यरत लोगों का डेटा निकालते और खुद को अधिकारी बताकर कॉल/व्हाट्सऐप पर उन्हें फर्जी मॅच्योरिटी अमाउंट का लालच देते थे। ग्राहकों को यह झांसा दिया जाता था कि पॉलिसी का बेनिफिट पाने के लिए उन्हें एजेंट कोड हटवाना होगा और इस प्रक्रिया के नाम पर 20 हजार से लेकर 90 हजार तक की रकम अलग-अलग बैंक खातों में जमा कराई जाती थी। कूटरचित दस्तावेज भेजकर सर्विस चार्ज, एफिडेविट चार्ज, सीआरएस लेटर चार्ज आदि के नाम पर रकम ऐंठी जाती थी। आरोपी बादल वर्मा ने स्वीकार किया कि पिछले सात महीनों में गिरोह ने 15-20 बैंक खातों के जरिए करीब 50-60 लाख रुपये की ठगी की है।

## ताला तोड़कर चोर ले उड़े नकदी व जरूरी कागजात

**स्वतंत्र भारत गोसाईगंज।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में रहने वाली सह समीक्षा अधिकारी के बंद घर का ताला तोड़कर चोर नकदी व जरुरी कागजात चोरी कर ले गए। बुद्ध विहार कॉलोनी साईंदाता रोड अर्जुनगंज की रहने वाली नेहा वर्मा ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि वह हाईकोर्ट इलाहाबाद में सह समीक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। 24 जून 2025 को उनके पति मौत हो गई थी उसके बाद से वह इलाहाबाद में रह रही थीं।जब 12 अगस्त को वह अपनी मां के साथ करीब 1:30 बजे लखनऊ स्थित घर पहुँचीं तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था और घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था साथ ही अलमारियों व लॉकरों के ताले भी टूटे हुए थे।जांच करने पर पता चला कि घर से पति द्वारा खरीदी गई जमीन की दो रजिस्ट्रियां व मेदांता अस्पताल के इलाज से संबंधित ओरिजिनल बिल सहित अन्य महत्वपूर्ण कागजात व 1 लाख 75 हजार रुपये नकद चोरी हो गए हैं।पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# बाइक सवार दो बदमाशों ने दिनदहाड़े महिला से चेन लूटी

## पीड़िता ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बीकेटी थाना क्षेत्र में एक महिला से सोने की चेन लूट की घटना सामने आई है। पीड़िता रुचि तिवारी (33) रामपुर देवरई की रहने वाली हैं। वह सुबह 11 बजे लखनऊ-सीतापुर रोड स्थित अवध डेरी से दूध लेने गई थीं। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो अज्ञात बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन छीन ली। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े, लेकिन लुटेरे तेज रफ्तार में बाइक भगाकर फरार हो गए। घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर बीकेटी थाने की कस्बा चौकी स्थित है। थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि घटना के समय पुलिस बल लखनऊ-सीतापुर रोड पर बीकेटी थाना क्रॉसिंग के पास हुई एक बड़ी दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुंचाने में व्यस्त था। पीड़िता ने बीकेटी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महिला से बदमाशों ने झुमका व चेन लूटा

इंदिरानगर इलाके में एक महिला के साथ लूट हुई। महिला अपनी बहन के साथ बाजार से लौट रही थी। बाइक सवार दो बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन और कान का झुमका लूट लिया। पीड़िता ने गाजीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता जनक दुलारी मूल निवासी आवास विकास कॉलोनी, बाराबंकी की हैं। वह 21 अगस्त को अपनी छोटी बहन निर्मला वर्मा के घर इंदिरा नगर आई थीं। शाम को दोनों बहनें भूतनाथ मार्केट शॉपिंग के लिए गई थीं। लौटते समय रात करीब 8:15 बजे शेखर हॉस्पिटल के पीछे वाली गली में पीछे से बाइक सवार दो बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। दोनों बदमाश हेलमेट पहने थे। उन्होंने बाइक की रफ्तार धीमी की और जनक दुलारी के गले से लगभग 9 ग्राम की सोने की चेन और 3 ग्राम का एक झुमका झपटकर फरार हो गए।

## खबर एक नजर

### सड़क हादसे में एक की मौत, दो घायल

**स्वतंत्र भारत ,गोसाईगंज।** गोसाईगंज क्षेत्र में रहमतनगर कट के पास हुए एक्सीडेंट में एक की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए। इंस्पेक्टर गोसाईगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी के अनुसार गुरुवार को सूचना मिली थी कि रहमतनगर के पास सुल्तानपुर रोड पर बने कट पर एक एक्सीडेंट हो गया है।जिसके मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाईगंज भिजवाया जहां डॉक्टरों ने मुकेश कुमार मौर्या 40 पुत्र नागेश्वर मौर्या निवासी ग्राम सरेसर जगदीशपुर अमेठी को मृत घोषित कर दिया गया।जबकि गंभीर रूप से घायल हुए सरेसर जगदीशपुर अमेठी व के रहने वाले अनिल कुमार मौर्या पुत्र रामेश्वर मौर्या व खाऊपुर जगदीशपुर अमेठी के रहने वाले रामतीर्थ पुत्र गुरुचरण को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।पुलिस ने मृतक के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उपनिरीक्षक दिव्यांशु तिवारी के अनुसार ये लोग किसी का इलाज कराने के लिए लखनऊ आये थे जहां से वापस अमेठी जा रहे थे।

### बीटेक के छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** गोरखपुर के बीटेक छात्र ने दुबग्गा इलाके में सुसाइड कर लिया। उसकी गर्लफ्रेंड से कहासुनी हुई थी। इसके बाद वह फंदे से लटक गया। वह एमसी सक्सेना इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक सेकेंड ईयर में पढ़ रहा था। लखनऊ में किराए के कमरे में रहता था। उसी घर में उसकी गर्लफ्रेंड भी रहती थी। इसके बाद गोरखपुर में घर पर मौजूद छात्र रजनीश की मां ने दुबई रहने वाले अपने पति को फोन किया। रोते हुए बताया- आपका इंजीनियर बेटा अब नहीं रहा। यह सुनकर पिता फोन पर ही दहाड़ मारकर रोने लगे। वह तुरंत फ्लाइट से इंडिया के लिए रवाना हुए और गुरुवार सुबह 6 बजे लखनऊ पहुंच गए। रजनीश का पोस्टमॉर्टम कराया गया है। दुबग्गा थाना क्षेत्र में जेहटा इलाका है। यहां एमसी सक्सेना इंजीनियरिंग कॉलेज है। इसी कॉलेज में गोरखपुर का रहने वाला रजनीश सिंह बीटेक कर रहा है। बुधवार रात रजनीश ने किराए के कमरे में फंदे से लटक गया। 26 अगस्त (मंगलवार) को रजनीश कॉलेज की एक छात्रा के साथ जेहटा में कृष्ण पटेल के घर पर किराए पर रहने आया था। छात्रा भी उसी के गांव की रहने वाली है। दोनों एक कमरे में रहने की बात कर रहे थे। लेकिन, मकान मालिक ने दोनों को अलग-अलग कमरे में रहने को कहा। दोनों का सामान भी अलग-अलग कमरे में रखवा दिया था।

### प्लॉट दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाला गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** मोहनलालगंज पुलिस ने बलिया से एक बड़े प्रॉपर्टी डीलर ओंकारनाथ पांडेय को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर लोगों को प्लॉट बेचकर ठगी करता था। इस मामले में उसके दो साथी विनोद कुमार उपाध्याय और प्रमोद कुमार उपाध्याय पहले से ही लखनऊ जेल में बंद हैं। मामला अभिषेक सिंह की शिकायत पर सामने आया। उन्होंने 13 नवंबर 2019 को एच.के. इन्फ्राविजन प्राइवेट लिमिटेड से 9.65 लाख रुपये में एक प्लॉट खरीदा था। रजिस्ट्री होने के बाद भी उन्हें प्लॉट का कब्जा नहीं मिला। जब उन्होंने 2024 में कब्जे की मांग की, तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। जांच में पता चला कि यह गिरोह खुद को प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कंपनी का प्रतिनिधि बताकर लोगों को ठगता था। गिरोह विशेष रूप से सेना और अर्धसैनिक बलों के कर्मचारियों को निशाना बनाता था। इन लोगों की व्यस्तता का फायदा उठाकर उन्हें बिना प्लॉट दिखाए ही रजिस्ट्री करा लेते थे। 27 अगस्त को मोहनलालगंज पुलिस ने बलिया में दबिश देकर फरार चल रहे ओंकारनाथ पांडेय निवासी राजागांव खरौनी थान बांसडीह जनपद बलियाको गिरफ्तार किया। 28 अगस्त को उसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इससे पहले पुलिस ने प्रमोद कुमार उपाध्याय पत्नी 3. सीमा उपाध्याय और मदन राम को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

### शराब की दुकान से चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के खुजौली में शराब दुकान से हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 57950 रुपए नकद और वारदात में इस्तेमाल किया गया लोहे का रॉड और हथौड़ा बरामद हुआ है। 25 अगस्त को दुकान मालिक राधा अवस्थी ने पुलिस को सूचना दी थी। उन्होंने बताया कि खुजौली स्थित उनकी अंग्रेजी शराब की दुकान का शटर काटकर चोर रुपए और शराब चुरा ले गए। पुलिस ने मामले में दो टीमें बनाईं। टीमों ने 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। 28 अगस्त को नगराम रोड थाना क्षेत्र मोहनलालगंज से तीन संदिग्धों को पकड़ा गया। पूछताछ में पता चला कि आरोपियों ने पहले दिन में दुकान की रैकी की। फिर रात को रॉड और हथौड़े से शटर काटकर चोरी की। पकड़े गए आरोपियों में मुकेश, ललित रावत और मोहित शामिल हैं। तीनों शिवढरा थाना मोहनलालगंज के रहने वाले हैं और मजदूरी का काम करते हैं। पुलिस ने आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। यह कार्रवाई एसीपी रजनीश वर्मा के निर्देशन और प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में चौकी इंचार्ज संजय वर्मा की टीम ने की।

### छात्र का खेत में मिला शव

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में बागपत कोतवाली अंतर्गत दो दिन से लापता बीएड छात्र का शव जंगल में गुरूवार को मिला है। मृतक की पहचान करते हुए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजते हुए जांच में जुट गई है। कोतवाली प्रभारी दीक्षित त्यागी ने बताया कि फैजपुर निनाना गांव निवासी आकाश बीएड छात्र था। छात्र दो दिन पूर्व घर से निकाल और वापस नहीं लौटा था। गांव के पास जंगल में एक युवक का शव मिला मृतक की पहचान आकाश के रूप में की गई है। परिजनों से पूछताछ में पता चला है कि मृतक कुछ दिन से बहालगढ़ की निजी कम्पनी में नौकरी भी करता था। उन्होंने बेटे की हत्या कर शव खेत में फेंकने का आरोप लगाया है। हालांकि अभी कोई लिखित शिकायत नहीं दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या के कारणों का पता चल पाएगा। मामले की जांच की जा रही है।

# ट्रायल पर लेकर निकला फॉरच्यूनर, हो गया फरार

## साथ में मौजूद कार बाजार कर्मी को पीटकर नीचे उतारा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ। दुबग्गा थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर बदमाश दिनदहाड़े फॉरच्यूनर लूटकर फरार हो गए। बदमाश ग्राहक बनकर कार बाजार पहुंचे।



फॉरच्यूनर का ट्रायल लेने के बहाने फरार हो गए। रास्ते में कर्मचारी को पीटकर उतार दिया। पुलिस मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है। बालागंज, मरीमाता मंदिर निवासी कारोबारी मो. अलीम की पावर कार सेल नाम से हरदोई रोड, अंधे की चौकी के पास पुरानी कार सेल-परचेज की दुकान है। बुधवार दोपहर करीब 1:30 बजे उनकी दुकान पर दो अज्ञात युवक आए। उन्होंने फॉरच्यूनर की खरीदने की बात की। उन्होंने फॉरच्यूनर का ट्रायल मांगा।

कारोबारी ने ट्रायल के दौरान अपने कर्मचारी यासीन को भी उनके साथ भेजा। रास्ते में हरदोई रोड पर कसमंडी रोड के पास बदमाशों ने यासीन को पीटकर नीचे फेंक दिया।

घायल यासीन किसी तरह दुकान पर पहुंचा और घटना की जानकारी दी। कारोबारी ने मामले की पुलिस को सूचना दी। पुलिस का कहना है कि फरार बदमाशों की तलाश की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## ग्राहक बनकर आया लुटेरा सोने के गहने लेकर भागा

राजधानी के ठाकुरगंज इलाके में दिनदहाड़े एक बदमाश ने ज्वैलर्स के शोरूम से सोने की 4 जोड़ी बाली लेकर भाग निकला। शोरूम मालिक ने शोर मचाते हुए बदमाश का पीछा किया, लेकिन वह पकड़ में नहीं आया। घटना शोरूम और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। शोरूम मालिक ने स्थानीय पुलिस से शिकायत की है। सबूत के तौर पर फुटेज सौंपे हैं। पुलिस ने बदमाश की गिरफ्तारी के लिए टीम बनाई है। मामला ठाकुरगंज इलाके का है। निवाजगंज में मनोज का मनोज ज्वैलर्स के नाम से शोरूम है। 27 अगस्त की दोपहर करीब पौने चार बजे एक बदमाश ग्राहक बनकर उनके शोरूम पर पहुंचा। उसने मनोज से सोने की बालियां दिखाने को कहा। मनोज ने ट्रे में एक-एक करके उसे कई जोड़ी बाली दिखाईं। बालियां देखते-देखते उसने मनोज को बातों में उलझाया लिया। इस बीच अचानक ट्रे में रखीं सोने की 4 जोड़ी बालियां लेकर दुकान से बाहर की ओर भाग गया। स्थानीय लोगों को आशंका है कि बदमाश का एक अन्य साथी भी था। बदमाश उसी के साथ बाइक से फरार हो गया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। छानबीन की जा रही है। बदमाश की पहचान की कोशिश की जा रही है।

# बंद मकानों में चोरी करने वाले गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** मड़ियांव पुलिस ने गुरुवार को बंद घरों में चोरी करने वाले गैंग के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी गैंग में एक 15 साल की नाबालिग भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सोने-चांदी के भारी मात्रा में जेवर और 4 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं। इनके आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि लगातार हो रही चोरी की घटना को लेकर पुलिस नौबस्ता मोड के पास चेकिंग कर रही थी। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ युवक चोरी के सामान के साथ राधा डिग्री कॉलेज के पास बैठे हैं। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर पांचों को पकड़ लिया। तलाशी में उनके पास जेवर और नगदी मिली। पूछताछ में आरोपी पुलिस को गुमराह करने लगे। कड़ाई से पूछताछ करने पर चोरी की बात कबूल कर ली। पूछताछ में आरोपियों की पहचान मुजफ्फरपुर बिहार असगर (21) जो लखनऊ के अलीनगर, मड़ियांव में रहकर टाइल्स का काम करता है। मड़ियांव निवासी अदनान (20) कार मैकेनिक है, गुलाम अहमद रजा उर्फ अफरीदी (23) चिकन कारीगरी करता है, रिजवान अहमद (30) चाय की दुकान चलाता है। वहीं इनकी गैंग में 15 साल का एक नाबालिग भी शामिल है।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे बंद घरों के ताले तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी करते थे। चोरी का सामान बाद में बाजार में बेचकर रुपए बांट लेते थे। सभी आरोपियों की काम के दौरान ही मुलाकात हुई। जिसके बाद गैंग बनाकर कई घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है।

# थप्पड़ मारने के मामले में नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

**स्वतंत्र भारत गोसाईगंज।** सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गाँव में हुए थप्पड़ कांड के मामले में एफ़आईआर दर्ज न होने के चलते गुरुवार को सामाजिक संगठनों व किसान नेताओं ने एसीपी कार्यालय पर धरना दिया। उन्होंनें कहा कि जब तक नगर निगम जोन-4 के नायब तहसीलदार रत्नेश श्रीवास्तव पर मुकदमा दर्ज नहीं हो जाता तब तक अनवरत धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंनें कहा कि 4 दिन बीत जाने के बाद भी एफ आई आर दर्ज न करना पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निसान लगा रहा है। धरना प्रदर्शन में सैकड़ों लोग सामिल रहे। बता दें राजधानी लखनऊ के मिर्जापुर गांव में बीते 25 अगस्त को एक गरीब किसान राममिलन के साथ हुई बर्बरता का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। नगर निगम के नायब तहसीलदार रत्नेश श्रीवास्तव द्वारा कथित अवैध कब्जा हटाने के दौरान किसान को थप्पड़ मारकर घायल करने और पुलिस द्वारा अभद्रता के बाद भी पीड़ित की शिकायत दर्ज नहीं की गई। इस घटना से परिजनों और सामाजिक संगठनों में भारी रोष है। इस मामले में 25 अगस्त को मिर्जापुर गांव में नगर निगम और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार रत्नेश श्रीवास्तव ने किसान राममिलन को जोरदार थप्पड़ मारा जिससे उनके कान से खून निकलने लगा। पीड़ित की पत्नी माया देवी ने जानवरों के भूसे को हटाने के लिए एक घंटे की मोहलत मांगी थी, जिसे अनसुना कर दिया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें तहसीलदार और पुलिस कर्मियों की बर्बरता साफ दिखाई दे रही है। घायल राममिलन को परिजनों ने पहले सीएचसी, फिर सिविल अस्पताल और अंत में ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां रात 1 बजे सरकारी दबाव में उन्हें जबरन डिस्चार्ज कर दिया गया। घटना के अगले दिन विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने पर धरना-प्रदर्शन कर एफ आई आर दर्ज करने की मांग की। थाना प्रभारी ने शुरू में टालमटोल की और बाद में आला अधिकारियों से चर्चा के बाद एफ आई आर दर्ज करने का आश्वासन दिया।

## पुत्र ने पिता को मार डाला

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के दिबियापुर थाना क्षेत्र के बख्तावरपुर गांव में बेटे ने अपने ही पिता की बेरहमी से हत्या कर दी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि बख्ताबरपुर गांव में रहने वाले गंगा सिंह (45) को बुधवार की बीती रात करीब तीन बजे घर के पास आटा चक्की के पाट्टे से छोटे बेटे ने हमला कर दिया। शोरगुल सुनकर परिजनों उन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने हालत बिगड़ी देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। डॉक्टरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूछताछ की गई लेकिन हत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी। वहीं पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि घरेलू विवाद मृतक का बेटे से चल रहा था। कारण बताया जा रहा है।

# प्रेमिका ने प्रेमी का प्राइवेट पार्ट काटा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** हरदोई जिले मल्लावा थाना क्षेत्र में एक प्रेमी राजस्थान से प्रेमिका के घर उससे मिलने पहुंचा उस दौरान नोक-झोंक के प्रेमिका ने चाकू से प्रेमी का प्राइवेट पार्ट काट डाला। उसने अफेयर के दौरान प्रेमिका के कुछ अश्लील फोटो-वीडियो बना लिए थे। जिसे वह सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की धमकी देकर शादी का दबाव बना रहा था। अस्पताल कर्मियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित से पूछताछ कर युवती के घर जाने के अस्पतसल से निकली उसी दौरान मौका देखकर युवक अस्पताल से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक बुधवार देर रात दोनों के बीच झगड़ा हो गया। प्रेमिका ने सब्जी काटने वाले चाकू से प्रेमी का प्राइवेट पार्ट काट दिया घटना के करीब 5 घंटे बाद प्रेमी मेडिकल कॉलेज पहुंचा। अस्पताल स्टाफ से मिली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची पूछताछ के बाद युवक फरार हो गया। राजस्थान के हनुमानगढ़ निवासी जसवंत सिंह का हरदोई के मल्लावां थाना क्षेत्र की युवती से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। जसवंत बुधवार को अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचा था यह

### ■ राजस्थान से मिलने हरदोई पहुंचा था

दोनों एक निजी कंपनी में साथ काम करते थे। लड़की पहले ही घर वालों को लड़के से मिलवा चुकी थी। परिवार के सभी लोग खाना खाने के बाद सो गए इसी दौरान दोनों के बीच रात करीब 2.30 बजे किसी बात को लेकर आपस में दोनों के बीच बहस के दौरान युवती ने चाकू से प्रेमी का प्राइवेट पार्ट काट दिया। किसी तहर से युवक हरदोई मेडिकल कॉलेज पहुंचा उस दौरान डॉक्टरों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक से पूछताछ कर वापस लौटी उसी दौरान करीब 10 बजे युवक मौका देखकर अस्पताल से फरार हो गया।

### 6 महीने से लगातार कर रहा था ब्लैकमेल

पड़ोसियों से मिली जानकारी के अनुसार, युवती और युवक करीब दो साल पहले राजस्थान में एक प्राइवेट कंपनी में साथ काम करते थे उसी दौरान दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग हो गया। युवती बीते वर्ष अपने घर लौट आई और करीब 6 महीने बाद दोनों के बीच में विवाद होने लगा इससे नाराज होकर युवक ने युवती की अश्लील फोटो-वीडियो रखे था उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की धमकी देकर ब्लैक मेलिंग करने के साथ फिजिकल रिलेशन बनाने और शादी करने का दबाव बना रहा था।

मेरे संज्ञान में मामला आया है पीड़ित युवक की शिकायत पर पुलिस टीम लड़की के घर पर पहुंची उसके घर पर ताला लगा मिला वह परिजनों के साथ फरार है युवक की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं मिली प्रेमिका और परिजनों की तलाश की जा रही है।

**नृपेंद्र अपर पुलिस अधीक्षक**

# धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भरत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने एटीएम मशीनों में छेड़छाड़ और कार्ड स्वेपिंग के जरिए लोगों के खातों से पैसे निकालने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह के सरगना सहित 3 आरोपियों को लखनऊ के मड़ियांव थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। इनके नाम परवेज खान (प्रतापगढ़), साहिल (प्रतापगढ़), और मुक्तदीर (प्रयागराज) हैं। इनके कब्जे से 39 एटीएम कार्ड बरामद किए गए हैं। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, मुंबई, हरियाणा और दिल्ली-एनसीआर में एक्टिव है ये गिरोह एटीएम बूथ में वायरिंग पत्ती को कैश ट्रे के बराबर काटकर, डबल साइड टेप और फेवीक्विक लगाकर चिपकाता था। जब कोई व्यक्ति पैसे निकालने आता तो कैश ट्रे में पैसे फंस जाते और व्यक्ति को लगता कि लेनदेन फेल हो गया। इसके बाद गिरोह के सदस्य ट्रे से पैसे निकाल लेते। झांसी जेल में बंद एक हिस्ट्रीशीटर ने कारोबारी को धमकी दी है। फोन कर कहा-तुझे इतनी गोली मारेंगे कि शक्ल नहीं पहचान पाओगे। धमकी भरे कॉल से कारोबारी भयभीत है 4 माह पहले भी उसने एफआईआर कराई थी। तब पुलिस ने मुठभेड़ में पैर में गोली मारकर वीरेंद्र राजपूत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अब वह कह रहा है कि बचना है तो जेल में मुलाकात कर लो।

### ■ मशीन में फेवीक्विक लगाकर फंसा देते थे कार्ड

चिरगांव के पहाड़ी चुंगी निवासी अनिल कुमार जैन की मोटर पार्ट्स की दुकान है। 26 अप्रैल को एक महिला के साथ जबरन अश्लील फोटो खींचकर वीरेंद्र ने कारोबारी पर तमंचा तान दिया था। उससे 15 लाख रुपए की मांग की थी। तब पीड़ित ने चिरगांव थाने में केस दर्ज कराया था। एसटीएफ ने बताया कि परवेज और मुक्तदीर का लंबा आपराधिक इतिहास है। परवेज के खिलाफ 17 और मुक्तदीर के खिलाफ 12 मुकदमे अलग-अलग थानों में पहले से दर्ज हैं, जिनमें लूट, धोखाधड़ी, गैंगस्टर एक्ट, और आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर मामले शामिल हैं। साहिल के खिलाफ भी 3 मामले दर्ज हैं।

## धर्मांतरण गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** रामपुर जिले के मिलक थाना में एक युवक को युवती से अश्लील हरकत, धर्मांतरण और शादी का दबाव बनाने के आरोप में मोहल्लावासियों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़िता और उसकी मां ने आरोप लगाया कि आरोपी अमन सिद्दीकी लंबे समय से युवती को ब्लैकमेल कर रहा था। पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। युवक ने झूठी पहचान बनाकर लव जिहाद में फंसाया, आपत्तिजनक वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया और धर्मांतरण के लिए मजबूर किया। शादी से इनकार करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि युवक सोशल मीडिया के माध्यम से अन्य धर्म की लड़कियों से संपर्क कर उन्हें गुमराह करता है। किसी धर्मांतरण गैंग से जुड़ा हुआ है। मंगलवार को जब युवक ने फिर युवती को घेरा तो मोहल्ला वासियों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी अमन सिद्दीकी के खिलाफ धर्मांतरण के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया। आरोपी का मेडिकल कराने के बाद बुधवार को उसे जेल भेज दिया गया। सीओ राजवीर सिंह परिहार ने बताया कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चचेरे पोते का हत्यारा बाबा गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रयागराज कमिश्नरेट के करेली एवं सर्विलांस के साथ एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने गुरुवार को अपहरण कर बच्चे की हत्याकांड के आरोपी मृतक के चचेरे बाबा सरन सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल 500 रुपये बरामद किये है। पुलिस उपायुक्त अभिषेक भारती ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित सदियापुर निवासी सरन सिंह पुत्र स्वर्गीय नंद सिंह ने पूछताछ के दौरान बताया कि मृतक के परिवार में बेटी और बेटे ने 2023-24 में आत्महत्या कर ली थी। उसके बाद से आरोपित बहुत परेशान रहता था इससे निजात पाने के लिए एक तांत्रिक से सम्पर्क किया उसने बताया कि मृतक बच्चे की दादी ने कुछ तंत्र मंत्र किया है जिससे उसकी बेटी और बेटे ने आत्महत्या कर ली। यह जानकारी होने के बाद से आरोपित ने बदला लेने के लिए योजना बनायी और वारदात को अंजाम देने के लिए आयुष उर्फ यश पुत्र स्वर्गीय अजय सिंह का 26 अगस्त को स्कूल जाते समय अपहरण कर उसकी कमरे के अन्दर हत्या कर दी और रात में बच्चे के शरीर के हिस्सों को अलग-अलग स्थानों पर फेंक दिया। करेली थाना क्षेत्र के सदियापुर गांव निवासी कामिनी सिंह पत्नी स्वर्गीय अजय सिंह ने 26 अगस्त को पुलिस को सूचना दिया कि उसका 17 वर्षीय पुत्र घर से स्कूल सरस्वती विद्या मंदिर शास्त्री नगर करैली जाने के लिए निकला परंतु वापस घर नहीं आया। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना में धारा 137(2) बी.एन.एस. पंजीकृत किया गया तथा घटना के सफल अनावरण हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया। डीसीपी नगर ने बताया कि इस वारदात में तांत्रिक की भूमिका की जांच और गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं।

### ■ तांत्रिक व टोटके के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलर ने भतीजे की दी बलि

### ■ डीसीपी नगर ने तांत्रिक की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## टैरिफ की सियासत

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अंततः 'मित्र' देश भारत पर बढ़ा टैरिफ लागू करके कई निशाने साधने का दांव चला है। इस कदम से अमेरिकी कर राजस्व में बेशक अच्छी खासी बढ़ोतरी होगी लेकिन रूस से भारत द्वारा की जा रही तेल खरीद को मुद्दा बनाते हुए उनका दावा है कि इस बढ़े टैरिफ के दबाव में आकर अगर भारत यह खरीद बंद कर देगा तो रूस को यूक्रेन के साथ ढाई वर्ष से चल रही जंग को खत्म करने के लिए मजबूर किया जा सकेगा। साथ ही हिंद महासागर क्षेत्र के कई देशों पर टैरिफ दर काफी कम रखकर नए समीकरणों की कोशिश भी की गई है। यह सही है कि बढ़ी दरों के बाद अमेरिका के साथ भारत का व्यापार काफी हद तक प्रभावित होगा लेकिन अपने बाजार का विकल्प तैयार रखने के सिद्धांत पर चलते हुए मोदी सरकार ने इस दिशा में काफी आगे तक कदम बढ़ा दिए हैं। इसीलिए यूरोपीय और अफ्रीकी देशों के साथ कारोबारी संबंध बढ़ाने को प्राथमिकता दी जा रही है। उधर, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत से व्यापारिक संबंधों को और घनिष्ठता तक ले जाने का संकल्प भी जता दिया है। ट्रंप की कोशिशों को पूरी तरह नाकाम करते हुए पुतिन भारत के साथ संबंधों को दबावमुक्त रखने के लिए सधे कदम उठा चुके हैं। जबकि ट्रंप रूस पर भी टैरिफ बढ़ाने की धमकी दे चुके हैं। दूसरी तरफ यह भी सही है कि जबर्दस्त व्यापारिक प्रतिस्पर्धा के बीच अमेरिका के साथ चीन के संबंध भी सामान्य नहीं हैं। ट्रंप तो यहां तक बोल चुके हैं कि हम चाहें तो चीन को बर्बाद कर दें लेकिन ऐसा करेंगे नहीं। नई परिस्थितियों में भारत से संबंधों को अधिकतम सीमा तक सामान्य रखने की जरूरत को चीन भी महसूस कर रहा है। भारत ने इस दिशा में कदम भी बढ़ा दिए हैं जिनके तहत पीएम मोदी जल्दी ही बीजिंग की यात्रा पर जा रहे हैं। कनाडा, इटली, ब्राजील और यूरोपीय देशों ने भी ट्रंप प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ऐसे में साफ है कि टैरिफ प्रभावित देश नफा-नुकसान में तालमेल बिठा कर अपने व्यापार के लिए तो सुरक्षित रास्ते निकाल लेंगे लेकिन टैरिफ की धमाचौकड़ी के बीच विभिन्न देशों के बीच नए सिरे से बनने वाले संबंध भविष्य में अमेरिका के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं, भले ही उस समय ट्रंप राष्ट्रपति पद पर रहें या बाहर हो जाएं। खुद अमेरिकी आर्थिक और राजनीतिक विशेषज्ञ भी यह बात बिना किसी लाग लपेट के कह रहे हैं।

## मजाक की सीमा

हंसी-मजाक से जीवन में आनंद की अनुभूति तो होती ही है, तनाव और उदासी से उबरने में भी मदद मिलती है। खासकर आज के समय में जब छोटे-बड़े, गरीब-अमीर ज्यादातर लोग समस्याओं से घिरे रहते हैं, तब इसकी उपयोगिता और बढ़ जाती है। इसीलिए दिल खोलकर हंसना सेहत के लिए फायदेमंद भी माना जाता है। कई शहरों के पार्कों में सुबह सवेरे की सैर के दौरान जी भर कर हंसने के सत्र भी रखे जाते हैं। अब कोई चीज या आदत लोगों की जरूरत के रूप में उभरे तो उसकी मार्केटिंग के लिए बाजार उसे फौरन लपक लेता है। वही फंडा उसने यहां भी अपनाया। इसीलिए कॉमेडी एक बड़े व्यवसाय की शक्ल ले चुकी है। मार्केटिंग में आकर्षण के लिए चूंकि तड़क-भड़क का मसाला भी लगाना जरूरी है तो हंसी-मजाक के इन कार्यक्रमों में भी तड़का लगाने की कोशिशें की जाती हैं। पर मर्यादा की सीमा लांघने पर ये कोशिशें हास्य कम और ऐसी फूहड़ता के साथ मजाक उड़ाती दिखाई देती हैं जिसमें हास्य के मनोरंजन का नाम भी नहीं होता। कभी-कभी तो यह असभ्यता और अमानवीयता की हद तक चला जाता है। इस समय टीवी और सोशल मीडिया पर ऐसे ही कई कार्यक्रम आ रहे हैं जिनमें हास्य के नाम पर आपत्तिजनक कमेंट किए जाते हैं जबकि कोई बात कहते समय दूसरे की भावनाओं के प्रति संवेदनशील होना शिष्ट आचरण का अनिवार्य अंग है। सावधानी तक और जरूरी हो जाती है जब प्रस्तुति के केंद्र में किसी तरह से अक्षम या उपेक्षित व्यक्ति या वर्ग हो। यह बहुत गंभीर बात है जिसे ध्यान में रखते हुए ही सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों सोशल मीडिया से जुड़े पांच मशहूर लोगों को ऐसी टिप्पणियों के लिए बिना शर्त क्षमा याचना करने का आदेश देते हुए स्पष्ट रूप से कहा है कि व्यावसायिक लाभ के लिए टिप्पणियां और प्रतिबंधित भाषण को मौलिक अधिकार नहीं माना जा सकता। कोर्ट की बात इसलिए मायने रखती है कि अब अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार का स्पष्ट रूप से आपत्तिजनक बातों को उचित ठहराने के लिए कुतर्क के रूप में इस्तेमाल करने का चलन बढ़ रहा है। ऐसे में जवाबदेही तय करना भी जरूरी है और यह काम सरकार को ही करना है।

## काँव-काँव

♦♦♦

**जरूरी विधेयकों में देरी पर सुप्रीम कोर्ट चिंतित**
देश चलाने की जिम्मेदारी कोर्ट के कंधों पर?
**बेईमान राजनीति से यूपी था बीमारू राज्य-योगी**
बेईमान नेता भाजपा में आकर ईमानदार हुए!
**आपरेशन महादेव से मिला आत्मविश्वास -शाह**
छब्बीस भारतीयों की कुर्बानी का फल कहें इसे!
**पीएम स्वनिधि योजना की अवधि आगे बढ़ गयी**
रेहड़ी पटरी वालों के ठेले उठने बंद नहीं हुए!
**पंचायत चुनावों में सहयोगियों से लड़ेगी भाजपा**
इसी मनोरंजन को भारतीय लोकतंत्र कहते हैं!
**चालीस देशों में भारतीय कपड़ा निर्यात की तैयारी**
ट्रंप की टैरिफ आपदा हमारे लिये नया अवसर!

♦♦♦


# डिजिटल जुए पर प्रतिबंध सही कदम

**– अशोक पंडित**

केंद्र सरकार का हालिया निर्णय, जिसमें वास्तविक धन आधारित गेमिंग पर प्रतिबंध लगाया गया है, लंबे समय से चल रही बहस का निर्णायक मोड़ है. गेमिंग समर्थक इसे स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए झटका बता रहे हैं और रोजगार व कर संग्रह में गिरावट की आशंका जता रहे हैं. मगर जब हम गहराई से आर्थिक और सामाजिक पहलुओं का आकलन करते हैं, तो यह प्रतिबंध नुकसान का संकेत नहीं, बल्कि एक आवश्यक सुधार साबित होता है. ऐसे प्लेटफॉर्म्स उन लोगों से पैसा खींचते हैं, जिनके पास पहले से ही सीमित साधन हैं. निम्न और निम्न मध्यम वर्ग के लोग, जिन्हें रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी संघर्ष करना पड़ता है, अक्सर इन गेम्स के जाल में फंस जाते हैं. आंकड़े बताते हैं कि कर्नाटक में 2023 से 2025 के बीच 32 आत्महत्या सीधे तौर पर ऑनलाइन गेमिंग कर्ज से जुड़ी रही. हैदराबाद की हेल्पलाइन सेवाओं पर कॉल्स में 65 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई, जिनमें अधिकतर मामलों की जड़ 'गेमिंग लत' थी। कई मामलों में परिवारों को 50 से 80 लाख रुपये तक के कर्ज तले दबते देखा गया. यह केवल वित्तीय संकट नहीं, सामाजिक विघटन भी है. परिवार बिखरते हैं, रिश्ते टूटते हैं और बच्चे असुरक्षा में बड़े होते हैं. असल में यह प्लेटफॉर्म गरीब से अमीर तक धन के असमान प्रवाह का माध्यम बन गया था. बहुत बड़ी संख्या में हारने वाले और बहुत छोटे वर्ग में जीतने वाले. यह प्रवाह असमानता को और बढ़ाता है तथा समाज में असंतुलन गहराता है. विरोधी पक्ष का सबसे बड़ा तर्क है कि प्रतिबंध से जीएसटी संग्रह में कमी आयेगी. लेकिन यह तर्क अधूरा है. जीएसटी सरकार का कोई अतिरिक्त बोनस नहीं है, यह केवल खर्च किये गये धन का कर है. जब लोग अपना पैसा इन गेम्स में नहीं गंवायेंगे, तो वही पैसा दूसरी जगह, जैसे उपभोक्ता वस्तुओं, स्वास्थ्य, शिक्षा, यात्रा या बचत में जायेगा. इन क्षेत्रों में भी सरकार को कर मिलेगा और वह कर ज्यादा वास्तविक आर्थिक गतिविधि को जन्म देगा. दूसरा तर्क है कि इससे हजारों नौकरियां चली जायेंगी. यह भी भ्रम है. तकनीकी विशेषज्ञ, डिजाइनर, इंजीनियर और मार्केटिंग पेशेवर बेरोजगार नहीं रहेंगे. यही प्रतिभा अगर शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छ ऊर्जा या डिजिटल ढांचे के निर्माण में लगायी जाये, तो देश को कहीं बड़ा लाभ मिलेगा. रोजगार नष्ट नहीं होंगे, बल्कि कहीं अधिक सार्थक दिशा में स्थानांतरित होंगे. तीसरा तर्क है कि प्रतिबंध से अवैध या ऑफशोर प्लेटफॉर्म बढ़ेंगे. परंतु यह खतरा भी बढ़ा-चढ़ाकर बताया जाता है. बिना बैंकिंग चैनल, विज्ञापन और एप स्टोर की पहुंच के ऐसे प्लेटफॉर्म बड़े पैमाने पर चल ही नहीं सकते. गुजरात की शराबबंदी इसका अच्छा उदाहरण है. वहां कुछ अवैध धंधे जरूर चलते हैं, पर मुख्यधारा का उपभोग बेहद सीमित हो गया है और सामाजिक लाभ कहीं अधिक रहे हैं. वास्तविक धन आधारित गेमिंग केवल आर्थिक समस्या नहीं है, यह मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य का भी गंभीर मुद्दा है. मनोवैज्ञानिक मानते हैं कि 'डोपामिन हाई' की वजह से यह लत शराब और तंबाकू से कम नहीं है. एक बार जब व्यक्ति इसमें फंसता है, तो वह लगातार जीतने की उम्मीद में और पैसा लगाता रहता है, जिससे कर्ज और निराशा बढ़ती जाती है. ग्रामीण इलाकों में इसका असर और गंभीर है. लोग छोटे-मोटे कर्ज लेकर गेमिंग में लगाते हैं और हारने पर साहूकारों के शिकंजे में फंस जाते हैं. यह डिजिटल जुआ है, जिसने गांव-गांव तक घरों को असुरक्षा की आग में झोंक दिया है. यह प्रतिबंध मानसिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी अहम है. जुए और गेमिंग की लत ने परिवारों को तोड़ा है. युवाओं ने कर्ज लेकर खेलना शुरू किया और पूरा परिवार आर्थिक संकट में फंस गया. ग्रामीण क्षेत्रों से ऐसे किस्से आ रहे हैं, जहां लोगों ने खेती या छोटे व्यवसाय से कमायी गयी राशि रियल मनी गेम्स में गंवा दी. युवा पीढ़ी पर इसका असर और भी गहरा है. अगर आने वाले वर्षों में यह प्रवृत्ति चलती रहती, तो देश की कार्यशील आबादी का एक बड़ा हिस्सा कर्ज, अवसाद और सामाजिक हताशा में फंस सकता था. सरकार का यह कदम इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. अक्सर कहा जाता है कि जीडीपी बढ़ाने वाली हर गतिविधि स्वागतयोग्य है. पर हर आर्थिक गतिविधि समाज के लिए फायदेमंद नहीं होती. अगर कोई उद्योग रोजगार पैदा करने के साथ नशा, असमानता और सामाजिक बिखराव भी लाये, तो हमें उसके वास्तविक मूल्य पर सवाल उठाना ही होगा. केंद्र सरकार का यह कदम वैश्विक स्तर पर भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि कई देशों ने पहले ही रियल मनी गेमिंग पर कड़े नियंत्रण लगाये हैं. जैसे, चीन ने नाबालिगों के लिए ऑनलाइन गेमिंग समय पर सख्त पाबंदी लगायी है और दक्षिण कोरिया ने भी गेमिंग की लत को सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में माना है. नॉर्वे और फिनलैंड जैसे देशों ने ऑनलाइन जुए और रियल मनी गेमिंग को सीमित कर दिया है और वहां सख्त निगरानी होती है. स्पष्ट है कि यह समस्या भारत तक सीमित नहीं है. हां, भारत में मोबाइल इंटरनेट की सस्ती उपलब्धता और युवाओं की बड़ी आबादी ने इसे और व्यापक बना दिया है. भारत के लिए सीख यह है कि केवल प्रतिबंध पर्याप्त नहीं है, बल्कि इसके साथ वैकल्पिक और सकारात्मक डिजिटल मनोरंजन को बढ़ावा देना भी जरूरी है. अगर सरकार और निजी क्षेत्र मिलकर 'स्किल बेस्ड लर्निंग गेम्स', 'एजुकेशनल ई-स्पोर्ट्स' और 'क्रिएटिव कंटेंट प्लेटफॉर्म्स' को प्रोत्साहित करें, तो युवाओं को सही दिशा दी जा सकती है. इस प्रकार यह प्रतिबंध केवल नकारात्मक प्रवृत्तियों को रोकने का प्रयास नहीं, बल्कि भारत को वैश्विक स्तर पर एक जिम्मेदार डिजिटल समाज बनाने की दिशा में उठाया गया ठोस कदम है. भारत की युवा प्रतिभा और स्टार्टअप ऊर्जा को ऐसे शोषणकारी मॉडल्स में बर्बाद करना दुर्भाग्यपूर्ण है. इसी पूंजी और कौशल को अगर शिक्षा, स्वास्थ्य, सतत ऊर्जा, एग्रीटेक और डिजिटल बुनियादी ढांचे की ओर मोड़ा जाये, तो न केवल रोजगार बढ़ेगा, बल्कि देश की सामाजिक बुनियाद भी मजबूत होगी. इस प्रतिबंध को केवल आर्थिक नुकसान की नजर से देखना गलत होगा. यह समाज और अर्थव्यवस्था, दोनों के हित में उठाया गया कदम है. इससे गरीब और मध्यवर्गीय परिवारों को आर्थिक शोषण से बचाव मिलेगा, असमानता घटेगी और तकनीकी प्रतिभा को सही दिशा मिलेगी. सरकार ने सही समय पर संदेश दिया है कि आर्थिक वृद्धि का मूल्यांकन केवल उत्पादन और कर संग्रह से नहीं, इस बात से भी होना चाहिए कि वह समाज को कितना जोड़ता है और कितना तोड़ता है।



## प्रेमचंद की कहानियां



### जिहाद

यह कहते-कहते श्यामा का शोकोद्गार, जो अब तक क्रोध और घृणा के नीचे दवा हुआ था, उबल पड़ा और वह खजांचंद के निस्पंद हाथों को अपने गले में डाल कर रोने लगी।

चारों पठान यह अलौकिक अनुराग और आत्म-समर्पण देखकर करुणार्द्र हो गये। सरदार ने धर्मदास से कहा- तुम इस पाकीजा खातून से कहो, हमारे साथ चले। हमारी जाति से इसे कोई तकलीफ न होगी। हम इसकी दिल से इज्जत करेंगे। धर्मदास के हृदय में ईर्ष्या की आग धधक रही थी। वह रमणी, जिसे वह अपनी समझे बैठा था, इस वक्त उसका मुंह भी नहीं देखना चाहती थी। बोला-श्यामा, तुम चाहो तो इस लाश पर आंसुओं की नदी बहा दो, पर यह जिंदा न होगी। यहां से चलने की तैयारी करो। मैं साथ के और लोगों को भी जाकर समझाता हूं। खान लोग हमारी रक्षा करने का जिम्मा ले रहे हैं। हमारी जायदाद, जमीन, दौलत सब हमको मिल जायेगी। खज्ज्ञांचंद की दौलत के भी हमीं मालिक होंगे। अब देर न करो। रोने-धोने से अब कुछ हासिल नहीं।श्यामा ने धर्मदास को आग्नेय नेत्रों से देखकर कहा-और इस वापसी को कीमत क्या देनी होगी ? वही जो तुमने दी है?धर्मदास यह व्यंग्य न समझ सका। बोला-मैंने तो कोई कीमत नहीं दी। मेरे पास था ही क्या ?
श्यामा-ऐसा न कहो। तुम्हारे पास वह खजाना था, जो तुम्हें आज कई लाख वर्ष हुए ऋषियों ने प्रदान किया था, जिसकी रक्षा रघु और मनु, राम और कृष्ण, बुद्ध और शंकर, शिवाजी और गोविन्दसिंह ने की थी। उस अमूल्य भंडार को आज तुमने तुच्छ प्राणों के लिए खो दिया। इन पांवों पर लोटना तुम्हें मुबारक हो! तुम शौक से जाओ। जिन तलवारों ने वीर खज्ञांचंद के जीवन का अंत किया, उन्होंने मेरे प्रेम का भी फैसला कर दिया। जीवन में इस वीरात्मा का मैंने जो निरादर और अपमान किया, उसके साथ जो उदासीनता दिखायी उसका अब मरने के बाद प्रायश्चित करूंगी। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**दानशक्ति प्रिय बोलिबो, धीरज उचित विचार ।**
**ये गुण सीखे ना मिलैं, स्वाभाविक हैं चार ।।**

मनुष्य के अंद7र कुछ गुण स्वंय से उत्पन्न होते हैं। जैसे दान करना, मीठी बातें करना, लोगों की सेवा करना, समय पर सही-गलत का निर्णय लेना। इसे कहीं और से नहीं सिखा जा सकता।

♦♦♦

# नीली जींस में यूजेनिक्स के अवशेष



**कल्पना पांडे**

कपड़े बेचने वाली 'अमेरिकन ईगल' नामक आर्थिक घाटे में चल रही कंपनी ने 23 जुलाई 2025 को गोरी त्वचा, सुनहरे बाल और नीली आँखों वाली अभिनेत्री सिडनी स्वीनी को बतौर मॉडेल लेते हुए एक विज्ञापन जारी किया। इस विज्ञापन में 'सिडनी स्वीनी हैज ग्रेट जींस' नामक कैचलाइन का उपयोग किया गया। अंग्रेजी के 'Genes' (जीन या जनुक) और 'Jeans' (जींस पैंट्स) जैसे समान ध्वनि वाले शब्दों पर खेल किया गया। इस शब्द खेल का उपयोग कपड़ों और आनुवंशिक विशेषताओं दोनों के संदर्भ में किया गया। विज्ञापन में स्वीनी कहती हैं–'जनुक माता-पिता से संतानों को जाते हैं, जिससे बालों का रंग, व्यक्तित्व, और यहाँ तक कि आँखों का रंग भी तय होता है।' कैमरा उनकी डेनिम जींस और जैकेट से चेहरे की ओर और नीली आँखों की ओर मुड़ता है। उसी समय वह कहती हैं–'मेरी जींस नीली हैं।' अर्थात, उनकी आँखें नीली हैं यह उनके जनुकों के कारण है। इस प्रकार 'गुड जींस' (अच्छी जींस/जनुक) इस शब्द खेल को कपड़ों और आनुवंशिक विशेषताओं दोनों संदर्भों में उपयोग किया गया। प्रश्न यह है–कपड़ों के विज्ञापन में जनुकों का संदर्भ क्यों? और वह भी 'श्रेष्ठ' मानी जाने वाली नीली आँखों से? जाहिर है कि यह विज्ञापन सौंदर्य के नाम पर शुद्ध रक्त और जनुक श्रेष्ठता की नाजी कल्पनाओं को हवा दे रहा है।

यह विज्ञापन अभियान टिकटॉक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब पर धीरे-धीरे हर जगह दिखने लगा। नेटिज़न्स का ध्यान इस विज्ञापन ने आकर्षित किया। आलोचना शुरू हो गई। माता-पिता से अगली पीढ़ी को जनुक जाते हैं, लेकिन जींस के विज्ञापन में इसका उल्लेख करने की आवश्यकता क्या? 'मेरी जींस (जनुक) नीली है,' ऐसा कहते हुए कैमरा केवल आँखों पर केंद्रित करने का कारण क्या, कपड़ों पर नहीं? ऐसे प्रश्न उठने से यह विवाद सीधे यूजेनिक्स (वंशश्रेष्ठता) के आरोपों की ओर मुड़ गया। आगे, बड़े पैमाने पर नाजीवाद और नस्लवाद के विज्ञापन के आरोप भी लगाए गए। उन कुछ दिनों में अमेरिकन ईगल के (NYSE: AEO) शेयर कीमतें 24त्न बढ़ गईं। यह वृद्धि दर 2000 के बाद की सबसे बड़ी थी। यह विज्ञापन इतना चर्चा में आया कि, इसकी तुलना ब्रूक शील्ड्स की 1980 के दशक की कैल्विन क्लेन विज्ञापनों से की गई। दुकानदारों के पास सिडनी स्वीनी की जींस तेजी से बिक गईं। कुछ दिनों में ही विज्ञापन वापस ले लिया गया, लेकिन कंपनी का काम हो चुका। फिर भी मुद्दे पर चर्चा यहीं नहीं रुकी। अभिनेत्री सिडनी स्वीनी ने इस विज्ञापन के बारे में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। कंपनी ने विवाद शांत करने का प्रयास किया, लेकिन तब ही अमेरिका के राष्ट्रपति ने इसके समर्थन में ट्वीट किया। उपराष्ट्रपति जे.डी. वैंस ने उसे 'पूर्ण अमेरिकी सौंदर्य' कहा, जबकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने (4 अगस्त, सोमवार) ट्विटर पर कहा, ÷सिडनी स्वीनी, पंजीकृत रिपब्लिकन, यह उसकी सबसे लोकप्रिय विज्ञापन है।÷ उन्होंने यह सार्वजनिक रूप से घोषित किया। सत्ताधारी रिपब्लिकन पार्टी का समर्थन करने वाली फॉक्स न्यूज ने भी इस विज्ञापन का समर्थन किया। मीडिया के गहन जांच के बाद यह भी स्पष्ट हुआ कि, वह वास्तव में रिपब्लिकन पार्टी की पंजीकृत मतदाता है। सिडनी स्वीनी ने 14 जून 2024 को फ्लोरिडा मतदाता पंजीकरण में रिपब्लिकन पार्टी के लिए पंजीकरण किया था, यह उसके आधिकारिक रिकॉर्ड से सिद्ध हुआ। प्रतिष्ठित मीडिया–द गार्डियन, बज़फीड, न्यूज़वीक आदि–ने इस बात पर आधारित रिपोर्ट प्रकाशित की। 2022 में सिडनी स्वीनी की माँ के जन्मदिन की पार्टी में उसके द्वारा आमंत्रित कुछ अतिथियों ने MAGA (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) छाप वाली टोपियाँ पहनी थीं, ये फोटो भी चर्चा में आए। इन सबके उजागर होने के बाद ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से स्वीनी के विज्ञापन अभियान की प्रशंसा की। डोनाल्ड ट्रंप की नस्लवादी राजनीति में वे गोरे वर्चस्ववाद (व्हाइट सुप्रीमेसी), सांस्कृतिक भय और पहचान के संकट की राजनीतिक भाषा से वह गोरे मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। 'गोरे लोग अल्पसंख्यक बन गए हैं, उनका सांस्कृतिक वर्चस्व खतरे में है,' ऐसा संकेत देते हुए ट्रंप लगातार ऐसी भाषा को प्राथमिकता देते हैं। ब्लैक लाइव्स मैटर आंदोलन को




उन्होंने कई बार अराजक या अपराधी कहा, जबकि चार्लोट्सविले में 'यूनाइट द राइट' जैसे हिंसक प्रदर्शनों को कानून की चौखट में माना। डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी को 'गोरों की सामाजिक स्थिति गिर रही है' इस भावना से ग्रस्त लोगों की पार्टी के रूप में जाना जाता है। इसलिए सिडनी का रिपब्लिकन मतदाता होना, वंशश्रेष्ठता को मजबूत करने वाला विज्ञापन करना, और उसके पक्ष में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व राष्ट्रपति कार्यालय का खड़ा होना, यह राजनीतिक दृष्टि से उनके नीतियों के अनुरूप ही है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता स्टीवन चुंग ने भी इस विज्ञापन पर चल रही आलोचना का मजाक उड़ाते हुए 'कैंसल कल्चर का अतिरेक' कहकर इस विवाद को खारिज किया। उनके अनुसार, कैंसल कल्चर ने सीमाएं पार कर दी हैं। दक्षिणपंथी विचारधारा वाले लोगों ने इसे 'वोक एक्स्ट्रीमिज्म' (जागरूकता का अतिरेक) कहा। कुछ छोटी गलती होने पर भी बड़े पैमाने पर नकारात्मक प्रतिक्रियाएँ आने वाली यह कैंसल कल्चर का उदाहरण है, ऐसा वे कहते हैं। प्रवक्ता के अनुसार, लोगों ने इसका अर्थ गलत निकाला और अनावश्यक बहिष्कार अभियान चलाया। दूसरी ओर, इस विज्ञापन अभियान पर अभी भी यूजेनिक्स के अवशेषों को खाद-पानी देने की तीव्र आलोचना की जा रही है। 'अमेरिकन ईगल' ने सिडनी स्वीनी की 'मेरी जींस (जनुक/आँखों का रंग) नीली है' यह घोषणा 'अच्छी जींस' विज्ञापन में दिखाई, ऐसा माना जाता है। 'गुड जींस' यह शब्द वर्तमान समय में किसी के सौंदर्य की प्रशंसा के लिए उपयोग किया जाता है।

## प्रेरक प्रसंग

### महानता के लक्षण

एक बालक नित्य विद्यालय पढ़ने जाता था। घर में उसकी माता थी। माँ अपने बेटे पर प्राण न्योछावर किए रहती थी, उसकी हर मांग पूरी करने में आनंद का अनुभव करती। पुत्र भी पढ़ने-लिखने में बड़ा तेज़ और परिश्रमी था। खेल के समय खेलता, लेकिन पढ़ने के समय का ध्यान रखता।

एक दिन दरवाज़े पर किसी ने - माई! ओ माई! पुकारते हुए आवाज़ लगाई तो बालक हाथ में पुस्तक पकड़े हुए द्वार पर गया, देखा कि एक फटेहाल बुढ़िया कांपते हाथ फैलाए खड़ी थी।

उसने कहा, बेटा! कुछ भीख दे दे।

बुढ़िया के मुंह से बेटा सुनकर वह भावुक हो गया और माँ से आकर कहने लगा, माँ! एक बेचारी गरीब माँ मुझे बेटा कहकर कुछ माँग रही है।

उस समय घर में कुछ खाने की चीज़ थी नहीं, इसलिए माँ ने कहा, बेटा! रोटी-भात तो कुछ बचा नहीं है, चाहे तो चावल दे दो।

पर बालक ने हठ करते हुए कहा - माँ! चावल से क्या होगा? तुम जो अपने हाथ में सोने का कंगन पहने हो, वही दे दो न उस बेचारी को। मैं जब बड़ा होकर कमाऊंगा तो तुम्हें दो कंगन बनवा दूंगा। माँ ने बालक का मन रखने के लिए सच में ही सोने का अपना वह कंगन कलाई से उतारा और कहा, लो, दे दो।

बालक खुशी-खुशी वह कंगन उस भिखारिन को दे आया। भिखारिन को तो मानो एक ख़ज़ाना ही मिल गया। कंगन बेचकर उसने परिवार के बच्चों के लिए अनाज, कपड़े आदि जुटा लिए। उसका पति अंधा था। उधर वह बालक पढ़-लिखकर बड़ा विद्वान हुआ, काफ़ी नाम कमाया।

एक दिन वह माँ से बोला, माँ! तुम अपने हाथ का नाप दे दो, मैं कंगन बनवा दूं। उसे बचपन का अपना वचन याद था।

पर माता ने कहा, उसकी चिंता छोड़। मैं इतनी बूढ़ी हो गई हूँ कि अब मुझे कंगन शोभा नहीं देंगे। हां, कलकत्ते के तमाम ग़रीब बालक विद्यालय और चिकित्सा के लिए मारे-मारे फिरते हैं, उनके लिए तू एक विद्यालय और एक चिकित्सालय खुलवा दे जहां निशुल्क पढ़ाई और चिकित्सा की व्यवस्था हो। माँ के उस पुत्र का नाम था ईश्वरचंद्र विद्यासागर।

## आपका पत्र मिला

### डर से मुक्त होना सीखें महिलाएं

समाज में बेटियों को बचाने और पढ़ने की बातें तो खूब की जाती हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि मायके से डोली उठते ही लड़की का अस्तित्व या तो मायके तक सीमित रह जाता है या ससुराल तक। उसका अपना घर, उसका अपना जीवन और उसकी अपनी स्वतंत्र पहचान कहीं खो जाती है। जब वह आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नहीं होती, तो चाहकर भी अत्याचार के खिलाफ खड़ी नहीं हो पाती। दूसरी ओर, समाज की लोक-लाज की बेड़ियां उसे और भी ज्यादा कमजोर बना देती हैं। माता-पिता भी दहेज जैसी कुप्रथा की वजह से अनचाहे अपराध में साझेदार बन जाते हैं। वे बेटी के घर को बचाने के नाम पर चुप रहते हैं और जब तक हादसा सामने न आ जाए, कोई कदम नहीं उठाते। निकिता के मामले ने यह साफ कर दिया कि डिजिटल मीडिया पर सक्रिय होने के बावजूद महिलाओं ने अपनी पीड़ा को सामने नहीं रखा। यह डर, यह चुप्पी, अपराधियों को और ताकतवर बनाती है। जरूरत है कि महिलाएं अपने अधिकार जानें और अपने हक के लिए आवाज उठाएं। उन्हें आत्मरक्षा के उपाय अपनाने चाहिए। आज के समय में छोटे-छोटे आधुनिक उपकरण जैसे चिल्ली स्प्रे, इलेक्ट्रिक शॉक डिवाइस आदि बेहद कारगर हो सकते हैं। सरकार ने महिलाओं को सुरक्षा के लिए कई तरह के हेल्पलाइन नंबर जारी कर रखे है. जिन्हें सभी महिलाओं को सेव करके रखना चाहिए और जरूरत पड़ने पर तुरंत इसका इस्तेमाल करना चाहिए। सबसे जरूरी है कि महिलाएं लोक-लाज और समाज के डर से मुक्त होकर जीना सीखें। यदि घर के भीतर ही जुल्म हो रहे हैं तो ऐसे रिश्तों से बाहर निकलना ही बेहतर है। अपनी जान जोखिम में डालकर चुपचाप अत्याचार सहना किसी भी दृष्टि से सही नहीं। जब महिलाएं शिक्षित, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी होंगी, तभी वे अपने अधिकारों को लेकर सजग होंगी। तभी अपराधियों के मन में भी भय पैदा होगा और समाज वास्तव में बेटियों को बचा और पढ़ा सकेगा।

**विभूति बुपक्या**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# सांस की इस बड़ी बीमारी से भी बचाव करता है शंख



हिंदू परिवार हों या मंदिर, रोज सुबह पूजा करने से पहले और बाद में शंख बजाने की परंपरा सनातन धर्म में सदियों पुरानी है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रोजाना सुबह उठकर शंख बजाने से घर से नकारात्मक शक्तियां दूर होती हैं और लाइफ में पॉजिटिविटी बनी रहती है। अगर अब तक शंख का उपयोग आपके लिए भी सिर्फ इतना ही रहा है तो आपको बता दें, शंख ना सिर्फ आपके धर्म बल्कि सेहत की भी रक्षा करता है। जी हां, आयुर्वेद के अनुसार, शंख बजाने का सिर्फ धार्मिक महत्व ही नहीं है बल्कि इसे रोज बजाने से सांस से जुड़ी कई बड़ी समस्याओं के साथ पाइल्स, त्वचा रोग, कमजोर फेफड़े और तनाव जैसी समस्याओं से भी राहत मिल सकती है। इतना ही नहीं अगर आपका पार्टनर रात को आपके खर्राटों की वजह से सो नहीं पाता तो ये अच्छी नींद और खर्राटों की समस्या को भी दूर करने में शंख मदद कर सकता है।

### रोजाना शंख बजाने के 5 बड़े फायदे

**खर्राटों की समस्या में राहत**

आयुर्वेद के अनुसार रोजाना शंख बजाने से सेहत को फायदा मिलता है। अगर व्यक्ति रोज कुछ देर शंख बजाए तो खर्राटों की समस्या यानी स्लीप एप्निया से राहत मिल सकती है। दरअसल, शंख बजाने से गले की मसल्स मजबूत होती हैं। जिससे नींद की क्वालिटी में सुधार होता है। बता दें, स्लीप एप्निया नींद से जुड़ा एक रोग है, जिससे पीड़ित व्यक्ति की सांसें सोते समय बार-बार रुक जाती हैं। ऐसा गले की मांसपेशियां बहुत ज्यादा ढीली होने की वजह से बंद हुई सांस की नली की वजह से होता है। जिसकी वजह से शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है

**पाइल्स की समस्या**

शंख बजाने से गुदा और प्रोस्टेट पर दवाब पड़ता है। जिससे गुदा की मांसपेशियां मजबूत होने के साथ पाइल्स जैसी समस्या में आराम पहुंचा सकती है। नियमित रूप से शंख बजाने से पुरुषों में प्रोस्टेट से जुड़ी बीमारियां नहीं होती हैं।

**अंगों का व्यायाम**

शंख बजाना मूत्र मार्ग, मूत्राशय, निचले पेट, डायाफ्राम, छाती और गर्दन की मांसपेशियों के लिए काफी कारगर साबित होता है। शंख बजाने से इन अंगों का व्यायाम हो जाता है। बता दें, बार-बार सांस भरकर छोडने से फेंफड़े भी स्वस्थ्य रहते हैं। बता दें, शंख बजाने से योग की तीन क्रियाएं एक साथ होती है - कुम्भक, रेचक, प्राणायाम।

**तनाव दूर होता है**

शंख बजाने से तनाव दूर करने में मदद मिलती है। ऐसे में जो लोग पहले से ही बहुत ज्यादा तनाव में रहते हैं उन्हें शंख जरूर बजाना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि शंख बजाते समय घर से ही नहीं दिमाग से भी सारी नेगेटिविटी निकल जाती है और व्यक्ति खुद को हल्का महसूस करने लगता है।

**सांस फूलने की समस्या**

विशेषज्ञों के अनुसार, एक महीने तक रोजाना शंख बजाने से श्वसन प्रणाली पर सकारात्मक असर पड़ने लगता है। यह अभ्यास उन लोगों के लिए खासतौर पर फायदेमंद है, जो सांस फूलने की समस्या से परेशान रहते हैं। नियमित अभ्यास से श्वास लेने की क्षमता में सुधार होता है, जिससे थायरॉयड ग्रंथियों का भी व्यायाम हो जाता है। जिन व्यक्तियों को बोलने से जुड़ी कोई समस्या (जैसे हकलाना), है तो उन्हें भी शंख बजाने से फायदा मिल सकता है।

**थायरॉइड और स्वरयंत्र का व्यायाम:** शंख बजाने से थायरॉयड ग्रंथियों और स्वरयंत्र (वोकल कॉर्ड) का भी व्यायाम होता है.

**मांसपेशियों का मजबूत होना** :यह गले, डायाफ्राम, छाती, और निचले पेट की मांसपेशियों को मजबूत करता है.

**बोलने से जुड़ी समस्या में सुधार:** जिन लोगों को बोलने में समस्या होती है, उन्हें शंख बजाने से फायदा मिल सकता है.

**वैज्ञानिक प्रमाण-** कुछ अध्ययनों और विशेषज्ञों के अनुसार, शंख बजाने की ध्वनि की तरंगें बैक्टीरिया को नष्ट करने में सहायक हो सकती हैं, ठीक वैसे ही जैसे एक सस्ती औषधि।



# सत्तू या व्हे प्रोटीन पाउडर: कौन है सेहत के लिए ज्याद सेफ और हेल्दी



आजकल लोगों में जिम जाने का ट्रेंड बढ़ चुका है। खासतौर से यंग जेनरेशन अपनी फिटनेस को ले कर काफी जागरूक है, जो अच्छी बात है। खैर, जब आप फिटनेस, मसल बिल्डिंग या वेट लॉस की ही बात करते हैं, तो सबसे पहले प्रोटीन का जिक्र आता है। इसके लिए सप्लीमेंट्स और नेचुरल सोर्स दोनों मौजूद हैं। इनमें सबसे पॉपुलर हैं व्हे प्रोटीन पाउडर और सत्तू। इन दोनों को ले कर अक्सर लोगों के बीच डिबेट छिड़ी रहती है कि दोनों में से सेफ और बेहतर ऑप्शन कौन है। अगर आप भी इसी को ले कर कन्फ्यूज हैं, तो चलिए एक्सपर्ट की इसपर क्या राय है, जो आपकी इस कन्फ्यूजन को क्लियर कर देगी।

**नेचुरल है, इसलिए सेफ है?**

सत्तू और व्हे प्रोटीन पाउडर को कंपेयर करते हुए, सबसे पहला तर्क जो लोग देते हैं, वो है कि सत्तू नेचुरल है इसलिए वो ज्यादा सेफ है। एक्सपर्ट कहते हैं कि जिस तरह सत्तू नेचुरल है, व्हे प्रोटीन भी नेचुरल है। दरअसल व्हे प्रोटीन कुछ और नहीं है, बल्कि ये पनीर के बचे हुए पानी से ही बनता है। हालांकि परेशानी तब होती है जब सस्ता या किसी लोकल ब्रांड का व्हे प्रोटीन खरीद लेते हैं। इसमें की गई मिलावट इसे नुकसानदायक बना सकती है।

**सत्तू बनाम व्हे, किसमें है कितना प्रोटीन?**

दूसरा फैक्टर जो आपको जानना चाहिए, वो है कि दोनों में से किसमें प्रोटीन की मात्रा ज्यादा है। कोच सिद्धार्थ कहते हैं कि अगर सत्तू और व्हे प्रोटीन, दोनों को 33 ग्राम मात्रा में लिया जाए, तो व्हे प्रोटीन लगभग 27 ग्राम प्रोटीन देता है, वहीं सत्तू में सिर्फ 6 ग्राम प्रोटीन मिलता है। सिद्धार्थ कहते हैं कि सत्तू में प्रोटीन से तीन गुना ज्यादा कार्ब्स होते हैं, इसलिए इसे कार्ब्स का सोर्स कहना ज्यादा बेहतर है।

**क्वालिटी में कौन बेहतर?**

अब प्रोटीन क्वालिटी की बात करें तो एक्सपर्ट का कहना है कि सत्तू में जो थोड़ा बहुत प्रोटीन मिलता है, वो आधा-अधूरा होता है। यानी उसकी क्वालिटी उतनी बेहतर नहीं होती है। वहीं व्हे प्रोटीन दूध से बनता है और सबसे अच्छी क्वालिटी का एनिमल प्रोटीन होता है। साथ ही इसमें पूरे नौ एसेंशियल एमिनो एसिड भी मौजूद होते हैं।

**दोनों में से कौन रहेगा सही?**

सभी फैक्टर्स को देखने के बाद आप कह सकते हैं कि व्हे प्रोटीन पाउडर, प्रोटीन का बेहतर सोर्स है।

हालांकि इसे हमेशा एक ट्रस्टेड ब्रांड और जगह से खरीदें।

# कफ और खांसी से हैं परेशान तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे







सर्दी के मौसम में खांसी और जुकाम की शिकायत होना आम बात है। अधिक खांसी के कारण गले में दर्द,जलन और खराश के साथ कफ की समस्या होने लगती है। जब यह समस्या लंबे समय तक बनी रहती है, तो यह असुविधा का कारण बन सकती है। सामान्य संक्रमण, धूम्रपान, एलर्जी, अस्थमा या फेफड़ों की बीमारी के कारण खांसी आने लगती है।

खांसी और कफ से राहत पाने के लिए दवाएं और सिरप उपलब्ध हैं लेकिन कुछ घरेलू नुस्खे अपनाकर भी खांसी से छुटकारा पाया जा सकता है। ये घरेलू नुस्खे काफी असरदार हो सकते हैं। हालांकि अगर समस्या तीन हफ्तों से अधिक समय तक बनी रहे तो डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। इस लेख में कुछ घरेलू उपायों और प्राकृतिक औषधियों के बारे में बताया जा रहा है जिससे खांसी और कफ की समस्या से छुटकारा पा सकते हैं।

**गर्म पानी और नमक**

गुनगुने पानी से गरारे करना खांसी की शिकायत होने पर काफी असरदार हो सकता है। गरारा करने से गले की खराश और गले में जमा कफ दूर होता है। इसके लिए गर्म पानी में सेंधा नमक मिलाकर गरारे करना चाहिए। सुबह उठने पर गले में खराश की समस्या अधिक रहती है। इसलिए सुबह गरारे जरूर करें।

**अदरक का काढ़ा**

दादी-नानी के लोकप्रिय नुस्खों में से एक काढ़ा है जो सर्दी, खांसी और जुकाम में काफी असरदार होता है। खांसी से छुटकारा पाने के लिए अदरक का काढ़ा पीएं। इसके लिए अदरक को छोटे टुकड़ों में काटकर पानी के साथ उबाल लें। इसमें शहद मिलाएं और गर्म गर्म पीएं।

**भाप लें**

खांसी और जुकाम होने पर गर्म पानी की भाप भी ली जा सकती है। भाप लेने से नाक और गले की नलियां खुलती हैं और खांसी से राहत मिलती है।

**हल्दी दूध**

हल्दी बेहद फायदेमंद औषधीय गुणों से युक्त है। हल्दी में एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीबैक्टीरियल, एंटीवायरल और एंटीफंगल गुण होते हैं। इसके सेवन से खांसी से राहत मिलती है। गर्म दूध में एक टीस्पून हल्दी पाउडर मिलाकर रात में सोने से पहले इसका सेवन करें। खांसी की शिकायत दूर हो सकती है।

**तुलसी के पत्ते**

तुलसी स्वास्थ्यवर्धक औषधि है, जिसका सेवन कई तरह से शरीर को लाभ पहुंचा सकता है। तुलसी में विटामिन सी, जिंक और आयरन जैसे खनिज होते हैं। ये प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करते हैं। अगर बहुत खांसी आ रही हो तो तुलसी की पत्तियों का रस निकालकर उसमें शहद की कुछ बूंदें मिलाएं। इसका सेवन करें। चाहे तो तुलसी की चाय बनाकर भी पी सकते हैं।

# सेहत पर भारी पड़ सकती है सर्दी भगाने के लिए ली गई चाय की चुस्की

चाय एक ऐसी ड्रिंक है, जिसे पीने से शायद ही कोई मना करेगा। खासकर भारत में यह एक बेहद लोकप्रिय ड्रिंक है, जिसे लोग हर मौसम और हर मौके पर पीना पसंद करते हैं। सर्दियों में मौसम में तो चाय की चुस्की लेने का अपना अलग ही मजा होता है। यह सर्दी में गर्मी का अहसास कराती है, जिसकी वजह से लोग इस मौसम में अक्सर चाय पीते नजर आते हैं। यहां चाय की दीवानगी इस हद तक है कि लोग अदरक वाली चाय, गुड़ वाली चाय, मसाला चाय जैसी कई तरह की चाय का स्वाद लेते नजर आते हैं।

हालांकि, जुबां और मन को भाने वाली चाय आपकी सेहत को कई नुकसान भी पहुंचा सकती है, अगर जरूरत से ज्यादा इसे पिया जाए। खासकर सर्दियों में लोग अक्सर 3-4 कप चाय गटक जाते हैं, क्योंकि वह इससे होने वाले गंभीर नुकसानों से अनजान होते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे जरूरत से ज्यादा दूध वाली चाय पीने के कुछ ऐसे बुरे प्रभावों के बारे में, जिनके बारे में शायद ही आप जानते होंगे।

**नींद की समस्या**

अगर आप दिनभर चाय पीते रहते हैं। खासकर रात में सोने पहले चाय पीते हैं, तो इससे आपकी नींद खराब हो सकती है। इसमें मौजूद कैफीन की मात्रा के कारण आपको अनिद्रा का अनुभव हो सकता है।

**ब्लड प्रेशर की समस्या**

बहुत ज्यादा दूध वाली चाय पीने से ब्लड प्रेशर में असंतुलन हो सकता है, जो किसी के भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

**कब्ज**

अगर आप ज्यादा मात्रा में चाय पीते हैं, तो इससे आपको कब्ज की समस्या हो सकती है। दरअसल, ज्यादा चाय पीने से आपका शरीर ड्राई और डिहाईड्रेक हो सकता है, जिससे मल त्यागना मुश्किल हो जाता है।

**डिहाइड्रेशन**

दूध वाली चाय ज्यादा पीने से आप डिहाइड्रेशन का शिकार हो सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें कैफीन होता है। ऐसे में अगर आप बहुत ज्यादा चाय पीते हैं, तो आपके शरीर में पानी की कमी हो सकती है।

**सिरदर्द**

अक्सर आपने सुना होगा कि सिरदर्द होने पर लोग चाय पीते हैं, लेकिन अगर हम कहें कि यही चाय आपको सिरदर्द दे सकती है, तो क्या आप यकीन करेंगे। यह सच है अगर आप ज्यादा मात्रा में दूध वाली चाय पीते हैं, तो इससे डिहाइड्रेशन हो सकता है, जिसकी वजह से सिर में दर्द हो सकता है।



# जिम करते समय इन गलतियों से बचें, वरना झड़ सकते हैं बाल



आजकल फिट और हेल्दी रहने के लिए जिम जाना बहुत आम हो गया है। लड़के-लड़कियां फिटनेस पाने के लिए घंटों वर्कआउट करते हैं, लेकिन इस दौरान कुछ ऐसी गलतियां हो जाती हैं, जिनका सीधा असर बालों पर पड़ सकता है। अगर आप भी जिम जाते हैं, तो इन गलतियों से बचें, ताकि बाल झड़ने की समस्या न हो। आइए जानते हैं जिम में की जाने वाली उन आदतों के बारे में, जो बालों की सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकती हैं।

**बालों को कसकर बांधना**

जिम में वर्कआउट करते समय कई लोग बालों को कसकर हेयर बैंड या रबर बैंड से बांध लेते हैं। ऐसा करने से बालों की जड़ें कमजोर होने लगती हैं और धीरे-धीरे बाल झड़ने लगते हैं। बालों को कसकर बांधने की बजाय हल्का ढीला बांधें ताकि खिंचाव न हो।

बालों में पसीना आना और उसकी अनदेखी करना वर्कआउट के दौरान बालों से पसीना निकलना सामान्य है। लेकिन अगर पसीने को साफ न किया जाए, तो इसमें मौजूद नमक और बैक्टीरिया बालों की जड़ों को कमजोर कर सकते हैं। साथ ही, गीले बालों को बांधने से भी बाल झड़ने की संभावना बढ़ जाती है। वर्कआउट के बाद बालों को अच्छे से धोना और सुखाना जरूरी है।

**टोपी पहनकर वर्कआउट करना**

कुछ लोग पसीने से बचने या स्टाइलिश दिखने के लिए जिम में टोपी (कैप) पहनते हैं। हालांकि, लंबे समय तक टोपी पहनने से बालों को पर्याप्त हवा नहीं मिलती, जिससे बालों की ग्रोथ रुक सकती है और बाल झड़ने लगते हैं। टोपी पहनने की आदत को कम करें।

**वर्कआउट के बाद बालों की सफाई न करना**

जिम में पसीना, धूल और प्रदूषण बालों पर जम जाते हैं। अगर वर्कआउट के बाद बालों की सफाई नहीं की जाती, तो यह बालों के टूटने का कारण बन सकता है। एक्सरसाइज के बाद हल्के शैम्पू से बाल धोएं और सही तरीके से साफ-सफाई का ध्यान रखें।

**ज्यादा वर्कआउट करना**

जिम में जरूरत से ज्यादा वर्कआउट करने से शरीर में तनाव और थकावट बढ़ सकती है। ज्यादा तनाव बालों की सेहत पर बुरा असर डालता है। इससे हार्मोनल असंतुलन हो सकता है, जो बाल झड़ने का कारण बनता है। संतुलित और आरामदायक वर्कआउट रूटीन अपनाएं।

**क्या करें बालों की सुरक्षा के लिए?**

**1. वर्कआउट के बाद बालों को हल्के शैम्पू से धोएं। 2. पसीने को साफ करने के लिए गीले कपड़े या टॉवल का इस्तेमाल करें। 3. जिम में जाते समय हेयर प्रोटेक्शन स्प्रे का इस्तेमाल करें। 4. हेयर केयर रूटीन में तेल मालिश और पोषण देने वाले प्रोडक्ट्स शामिल करें। जिम में फिटनेस के साथ-साथ बालों की देखभाल भी बेहद जरूरी है। छोटी-छोटी सावधानियां बरतने से आप हेयरफॉल की समस्या से बच सकते हैं। स्वस्थ और मजबूत बालों के लिए सही वर्कआउट और हेयर केयर का ध्यान रखें।**

# बीमारियों का काल है हल्दी और शहद

सामान्य सर्दी के इलाज से लेकर गले की खराश को शांत करने तक, इन दो सामग्रियों को उनके असंख्य लाभों और एंटीबायोटिक गुणों के कारण पारंपरिक दवाओं के प्रभावी विकल्प के रूप में लंबे समय से भरोसा किया जाता रहा है। चलिए जानते हैं शहद और खांसी और जुकाम में हल्दी और शहद का उपयोग ये दो जड़ी-बूटियां हमारे शरीर में गर्मी पैदा करने वाले एजेंट के रूप में काम करती हैं, जिससे खांसी और जुकाम के लक्षणों से उत्पन्न होने वाली परेशानी कम होती है। हल्दी और वन शहद को एक साथ लेने से खांसी से राहत मिल सकती है। हालांकि, एक साल से कम उम्र के बच्चों को शहद नहीं दिया जाना चाहिए। एक साल से ऊपर के बच्चों को हल्दी और शहद का मिश्रण देने से पहले डॉक्टर से सलाह लेना बेहतर है। हृदय स्वास्थ्य के लिए शहद और हल्दी का उपयोग हल्दी से प्राप्त करक्यूमिन नामक कुछ सक्रिय यौगिक हृदय संबंधी सुरक्षा को प्रकट करते हैं। यह यौगिक कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है जिससे मधुमेह से जुड़ी हृदय संबंधी जटिलताओं की दर या परिमाण को कम किया जा सकता है। शहद में मौजूद फेनोलिक यौगिक हृदय रोग के जोखिम को कम करने में भी योगदान करते हैं। सर्दियों का मतलब है शादियों का मौसम और ढेर सारा खाना, लेकिन उसके बाद आपके पाचन का क्या? कई सर्वेक्षणों और अध्ययनों के अनुसार, हल्दी और शहद का यह मिश्रण पाचन के लिए बहुत अच्छा साबित हो सकता है। यह मिश्रण पेट में पाचन एंजाइमों को सक्रिय करने में मदद करता है, माना जाता है कि यह पाचन शक्ति को बढ़ाता है और अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ावा देता है। इसलिए अगर आप अपना पाचन बढ़ाना चाहते हैं, तो न सोचें; शहद और हल्दी लें। हम कोरोनावायरस जैसी महामारी के दौर में हैं और सबसे अच्छी दवा जो आप खुद को दे सकते हैं, वह है स्वस्थ भोजन। शहद और हल्दी दोनों में उच्च मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। ये हमारे शरीर में फ्री रेडिकल्स और वायरस के खिलाफ काम करते हैं। एक चम्मच शहद और हल्दी का सेवन करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और संक्रमण और फ्लू से सुरक्षा मिलती है।



# रोजाना कॉफी पीने से बढ़ती है उम्र

अगर आप अपने दिन की शुरुआत एक कप गर्मागर्म कॉफी से करते हैं, तो यह खबर आपके लिए खुशखबरी से कम नहीं है। रिसर्च में खुलासा हुआ है कि रोजाना कॉफी पीने से न केवल दिनभर तरोताजा महसूस होता है, बल्कि आपकी उम्र भी बढ़ सकती है।

**कॉफी पीने से उम्र बढ़ने का दावा**

जर्नल एजिंग रिसर्च रिव्यूज में प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक, कॉफी पीने वाले लोगों की उम्र सामान्य लोगों के मुकाबले 2 साल तक ज्यादा हो सकती है। यह शोध बताता है कि कॉफी में पाए जाने वाले 2,000 से ज्यादा बायोएक्टिव कम्पाउंड्स सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं।

**दिल और पुरानी बीमारियों से बचाव**

रिसर्च के अनुसार, कॉफी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण दिल की बीमारियों और कई अन्य पुरानी बीमारियों के खतरे को कम करते हैं। इसके अलावा, यह सोचने-समझने की क्षमता को बेहतर बनाता है और तंत्रिका तंत्र से जुड़ी समस्याओं से बचाने में मदद करता है।

**एंटी-एजिंग गुणों से भरपूर**

कॉफी में एंटी-एजिंग गुण भी होते हैं, जो शरीर की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा कर सकते हैं। यह न्यूरोइंफ्लेमेशन को कम करता है और इंसुलिन संवेदनशीलता को नियंत्रित करता है, जिससे शरीर को स्वस्थ रहने में मदद मिलती है।

**लीवर को रखता है स्वस्थ**

शोध में यह भी पाया गया है कि कॉफी लीवर को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करती है। यह शरीर में हानिकारक तत्वों को कम करने में सहायक है, जिससे लीवर बेहतर तरीके से काम करता है।

**सावधानी भी जरूरी**

हालांकि, बहुत अधिक कॉफी पीना नुकसानदायक हो सकता है। इससे शरीर में कैफीन की मात्रा बढ़ जाती है, जो नींद की समस्या और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे सकती है। इसीलिए कॉफी का सेवन सीमित मात्रा में करना जरूरी है। कॉफी न केवल आपको दिनभर ऊर्जावान महसूस कराती है, बल्कि सेहत के लिए भी कई तरह से फायदेमंद है।





-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**शुक्रवार, 29 अगस्त 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वर्षा ऋतौ भाद्रपद मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, षष्ठी तिथौ शुक्र वासरे 20/23/ स्वाती नक्षत्रे 11/39/ब्रह्म योग 14/13/ कौलव करणे 07/10/ तुला राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** सूर्य षष्ठी।

**मेष :** बुद्धि चातुर्य से उत्तम धनलाभ होगा। संयम एंव धैर्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग है। यश मिलेगा।

**वृष :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभकार रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक प्रगति का योग बनेगा।

**मिथुन :** आलस्य तथा प्रमाद से दूर रहें। दूसरों को आरोपित करना उचित नहीं होगा। निवास व्यवस्था का परिवर्तन संभावित हैं। यौन सुख में कमी होगी।

**कर्क :** लापरवाही के कारण निराशा और दूसरी परेशानियों हो सकती हैं। बुद्धि और धन का दुरुपयोग ना करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह :** किसी कार्य और आय की चिंता से ग्रसित रहेंगे। परिवारिक असंतोष के कारण काम में रुकावटे पैदा हो सकती हैं। परिश्रम से लाभ होगा।

**कन्या :** खेद और ग्लानि का वातावरण समाप्त होगा और अपनी स्थिति के अनुसार मान सम्मान का ख्याल रखे। व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा।

**तुला :** विशेष प्रकार के समाचार मिलेंगे और मित्रों का सहयोग भी मिलेगा। भाग्य तथा देवी आस्थओं को श्रेय देंगे। कोष में कमी होगी। धनागमन के नए स्त्रोत बनेंगे।

**वृश्चिक :** जनों का सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक निर्णय में टाल मटोल ठीक नहीं है। नए परिचयों के प्रति आकांक्षा रहेगी।

**धनु :** सामाजिक कार्य में सफलता मिलेगी। व्यावसायिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**मकर :** संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। व्यवसायिक योजना को बल मिलेगा।

**कुंभ :** संबंधों में निकटता आएगी। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। आय-व्यय में संतुलन बनाएं।

**मीन :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। संबंधों में प्रगाणता आएगी। आर्थिक मामलों में जोखिम से बचे।

## खबर एक नजर

### मोबाइल चला रही युवती पर अज्ञात युवक ने फेका पत्थर, घायल

**बछरावां, रायबरेली।** देवपुरी बहादुरपुर गांव में अपने घर के सामने बैठी मोबाइल चला रही युवती पर एक अज्ञात युवक ने पत्थर फेंककर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए उसे परिवारीजनों के द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया। मीनाक्षी अवस्थी पुत्री संजीव कुमार अवस्थी उम्र 25 वर्ष निवासी देवपुरी बहादुरपुर अपने घर के सामने दरवाजे पर बैठी मोबाइल चला रही थी। तभी उधर से जा रहे एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके ऊपर पत्थर फेंक कर मार दिया । जिससे उसे गंभीर चोट आ गई। युवती की चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे पारिवारिक जनों के द्वारा इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा उसका प्राथमिक उपचार किया गया है। थानाध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

**बछरावां, रायबरेली।** बुधवार देर रात उज्जवल सिंह पुत्र अज्ञात व सत्य प्रकाश सिंह पुत्र लल्लू निवासीगण प्रयागराज अपनी बाइक से लखनऊ प्रयागराज हाईवे होते हुए लखनऊ जा रहे थे। तभी बगाही मोड़ के पास उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए दोनों घायलों को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। तेज टक्कर के चलते बाइक के परखच्चे उड़ गये। थानाध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### लोडर में लगी आग, चालक झुलसा

**बछरावां, रायबरेली।** बछरावां महाराजगंज रोड पर थुलेठी गांव के पास एक लोडर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। लोडर चालक ने कूद कर अपनी जान बचाई है, पर तब तक वह आग की चपेट में आने से झुलस गया है। जिसका सीएचसी में इलाज किया गया। जहां से हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बुधवार देर रात लोडर चालक ओमेश पुत्र हरीश बहादुर निवासी रामपुर मोहिउद्दीनपुर लोडर लेकर बछरावां महाराजगंज रोड से होते हुए अपने घर वापस आ रहा था। जैसे ही वह थुलेठी चौराहे की निकट शराब ठेके के सामने पहुंचा। तभी उसके वाहन में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग की लपटों में वह भी झुलस गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया है। थुलेठी चौकी प्रभारी सचिन शर्मा ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

### हत्यारोपी पत्नी और ससुर गिरफ्तार, जेल भेजे गए

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के सातनपुर गांव में रविवार को संदिग्ध हालात में हुई युवक की मौत का राज खुल गया है। पुलिस ने मृतक की पत्नी और ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उन्नाव जनपद के लोनियनखेड़ा गांव निवासी अजीत कुमार अपनी ससुराल आया था। ससुर के हाईवे किनारे बने कमरे में रविवार को उसका शव फंदे से पंखे से लटकता मिला था। पहले मामला आत्महत्या का लग रहा था। लेकिन मृतक के पिता की तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने सच उजागर कर दिया। रिपोर्ट में साफहुआ कि अजीत की मौत गला दबाने से हुई है। मृतक के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर सात लोगों पर हत्या का आरोप लगाया था। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। बुधवार को कोतवाली पुलिस ने मृतक की पत्नी विमला और ससुर विश्वनाथ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### बाइक चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान के दौरान बाइक चोरी के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इंदिरा नगर मोहल्ला निवासी अंकुर और शुभम पासवान के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से एक चोरी की बाइक भी बरामद की। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

रामचरितमानस पाठ समापन पर हवन पूजन व प्रसाद वितरण

लालगंज (रायबरेली)। नगर के बेहटा चौराहा स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में बुधवार को श्रीरामचरितमानस के अखंड पाठ का विधिवत समापन हुआ। मंगलवार सुबह शुरू हुआ संगीतमय पाठ लगातार 24 घंटे तक चला, जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे। पाठ समापन पर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन-पूजन और पूर्णाहुति संपन्न हुई। इसके उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर भक्तों की भीड़ से सराबोर रहा। कार्यक्रम में लक्ष्मी नारायण बाजपेई, रामगोपाल त्रिपाठी, छोटू माली, कुलदीप दीक्षित, धून सिंह सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

### निर्वाचन कार्य को ठेंगा दिखा रहे दो बीएलओ पर कार्यवाही के लिए एसडीएम ने लिखा पत्र

**लालगंज (रायबरेली)।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी में लापरवाही बरतने वाले दो बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) पर कार्यवाही के आसार बन रह रहे हैं। एसडीएम ने खंड शिक्षा अधिकारी को पत्र भेज कर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक प्राथमिक विद्यालय जमुआवां की शिक्षिका और प्राथमिक विद्यालय मीठापुर बढ़इया के शिक्षक ने अब तक निर्वाचन संबंधी प्रपत्र प्राप्त नहीं किए हैं। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय की ओर से दोनों को कई बार फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने निर्वाचन कार्य से जुड़ी जिम्मेदारी निभाने से इंकार कर दिया। इस पर एसडीएम मिथिलेश कुमार त्रिपाठी ने खंड शिक्षा अधिकारी को विभागीय कार्यवाही किए जाने के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी को आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि इससे पहले खीरों विकासखंड क्षेत्र के 17 बीएलओ ने भी निर्वाचन कार्य करने से मना कर दिया था। उस समय एसडीएम ने उनके खिलाफ निलंबन और एफआईआर दर्ज कराने तक के आदेश दिए थे। हालांकि बाद में सभी 17 बीएलओ ने निर्वाचन प्रपत्र प्राप्त कर लिए। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार ओझा से पक्ष लेने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन रिसीव न होने से बात नहीं हो सकी।

ग्राहक बुलाने को लेकर मछली विक्रेताओं में विवाद, राड से हमला

लालगंज (रायबरेली)। कोतवाली क्षेत्र के मेरुई गांव के निकट सड़क किनारे मछली बेंचने वाले दो दुकानदार आपस में भिड़ गए। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी पर कार्यवाही की गुहार लगाई। अंबरपुर मजरे यूसुफपुर गांव के रहने वाले ललित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी साईं ढाबा के पास मछली बेंचने की दुकान है। बगल में आरोपी भी मछली बेंचता है। बुधवार की देर शाम को ग्राहक बुलाने को लेकर विवाद हो गया। आरोपी ने उस पर लोहे की राड से प्रहार कर दिया। जिससे उसे गंभीर चोटें आ गई। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

### दबिश की कार्यवाई

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर निर्देशों के अनुपालन में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 की टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी।

# मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस की हुई बैठक, निगरानी पर जोर



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)।** वोटों में हेरफेर के मुद्दे को लेकर राहुल गांधी जिस आक्रामकता के साथ भाजपा और चुनाव आयोग को घेर रहे हैं। उसी कड़ी में रायबरेली कांग्रेस ने मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जनपद में ब्लाक स्तरीय बैठकों का दौर शुरू कर दिया है। इसे कांग्रेस की पंचायत चुनाव की तैयारियों का रिहर्सल भी समझा जा रहा है। इसी क्रम में आज लालगंज में ब्लाक कांग्रेस कमेटी कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। बैठक में मंडल अध्यक्षों के साथ साथ कार्यकर्ता भी शामिल हुए। बैठक में कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष राजेन्द्र प्रताप सिंह रामू ने की। बैठक में मतदाता सूची में हेरफेर और चुनाव धोखाधड़ी के खिलाफ अभियान पर चर्चा की गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गांवों में चल रहे पुनरीक्षण पर नजर रखने के लिए कहा गया है। सदस्यों को बीएलओ से संपर्क कर सूची की जांच करने के लिए कहा गया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी भी योग्य मतदाता का नाम छूट न जाए। मुख्य अतिथि और मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रभारी और जिला उपाध्यक्ष पवाधर सिंह ने कहा कि सभी सक्रिय सदस्यों अपने बीएलओ से संपर्क कर सूची की जांच करें कि कोई भी सही योग्य मतदाता का नाम नहीं छूटे, इसके लिए निर्धारित समय के अंतर्गत अपनी पूरी सहभागिता निभाएं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए लालगंज ब्लाक प्रभारी अजय प्रताप सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं से तालमेल बनकर नियमित कार्य करने को प्रेरित किया। जिला उपाध्यक्ष व सरेनी विधानसभा प्रभारी संतोष त्रिवेदी ने कहा कि केंद्र सरकार के साथ मिलकर चुनाव आयोग गरीब, पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक का नाम काटना चाहता है। नाम काटने की साजिश हो रही है। सभी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को अपने अपने बूथ पर कोई नाम नहीं छूटे इसके लिए मुस्तैद रहना है। हर मतदाता से संपर्क बनाए रखें। सभी सदस्यों को सूची उपलब्ध कराई जाएगी। जिला प्रवक्ता सिद्धार्थ त्रिवेदी ने कहा कि सभी कांग्रेस के कार्यकर्ता मतदाता सूची को लेकर सजग रहें, जन विश्वास खो चुकी जन विरोधी भाजपा सरकार जनादेश चुराने को कोई भी पैंतरा अपना सकती है। मगर कांग्रेस के लोग उनके मंसूबे कामयाब नहीं होने देंगे। इस मौके पर जिला महामंत्री व सरेनी विधानसभा प्रभारी लाल आशकिरण प्रताप सिंह, जिला कोषाध्यक्ष दीपेन्द्र गुप्ता, जिला सचिव कामता गौड़, सह प्रभारी सतीश पासी, जिला उपाध्यक्ष महेश प्रसाद शर्मा, कांग्रेस सोशल मीडिया प्रदेश सचिव कमल सिंह चौहान, नगर अध्यक्ष प्रतीक शर्मा, जिला सचिव आकर्षण द्विवेदी, दिनेश दीक्षित, कृष्णा त्रिवेदी, रामबख्श सिंह, अवधेश सिंह, राजेन्द्र बहादुर सिंह, हेमलता पासवान, रामराज यादव, गिरिराज यादव, विनोद गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# पिन्टू यादव को मिली मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड मे राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी



### सपा के बड़े नेताओं ने दी शुभकामनायें, बढ़ाया उत्साह

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** तेज तर्रार युवा नेता और प्रखर वक्ता दिनेश कुमार यादव पिन्टू यादव को मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सचिव बनाया गया है। पिन्टू यादव के मनोनयन पर सपा के जिलाध्यक्ष इं वीरेन्द्र यादव ने खुशहाली जाहिर की और कहा कि पिन्टू यादव की ताजपोशी से यूथ ब्रिगेड को मजबूती मिलेगी। यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह ने पिन्टू यादव का मनोनयन करते हुये अपेक्षा की कि वे समाजवादी पार्टी की नीतियों व कार्यक्रमो को जन.जन तक पहुँचायेंगे जिससे संगठन ताकतवर बनेगा और गतिशील होगा। पिन्टू यादव के मनोनयन पर सपा नेता व कोन्सा प्रधान बबलू लोधी, सलोन के सुरेश निर्मल, राकेश यादव आदि ने प्रसन्नता जाहिर की और शुभकामनायें दीं।

# सीएससी बाल विद्यालय में विद्यार्थियों ने की गणेश पूजा, सजाई आकर्षक झाँकी



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, सतांव, रायबरेली।** गुरुबख्शगंज स्थित सीएससी बाल विद्यालय जेपीएस किड्स प्ले पब्लिक स्कूल में बुधवार को गणेश चतुर्थी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। गणेश पूजा में विद्यालय का वातावरण श्रद्धा व भक्ति से सराबोर रहा। धार्मिक आस्था के इस कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के संरक्षक अशोक शुक्ला, प्रबंधक मोहित शुक्ला और डायरेक्टर रोहित शुक्ला के आरती पूजन एवं गणेश वंदना के साथ हुआ। विद्यालय के नन्हे विद्यार्थियों ने मोदक बनाने की विशेष एक्टिविटी प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। डायरेक्टर रोहित शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि गणेश चतुर्थी सिर्फ आस्था का पर्व नहीं, बल्कि यह त्यौहार बच्चों को ज्ञानए भक्ति और संस्कृति से जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनायें दीं। कार्यक्रम में एलकेजी के छात्र देव सोनी ने गणेश जी का रूप धारण कर सभी को आकर्षित किया। बच्चों की प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंजता रहा। प्रधानाचार्या छवि बाजपेई ने गणेश चतुर्थी को भारत का सबसे जीवंत और प्रिय त्योहार बताया। उन्होंने कहा कि ज्ञान समृद्धि और सौभाग्य की प्रेरणा भगवान गणेश की पूजा से ही मिलती है। श्रद्धा, आस्था व ईश्वर पर विश्वास के इस आयोजन में विद्यालय की शिक्षिकाएं अंजली, आस्था, आकृति, अमिता, हर्षिता, पायल, सिमरन व रंजना सहित अनेक अभिभावक, गणमान्य लोग व स्टाफ के लोग उपस्थित रहे।

# सत्ता के इशारे पर गिराए गरीबों के घर- इं वीरेंद्र



**स्वतंत्र भारत संवाददाता अमावां, रायबरेली।** गुरुवार को सपा का 6 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल क्षेत्र के पड़ई गांव पहुंचा, जहां प्रतिनिधिमंडल ने अवैध अतिक्रमण के नाम राजस्व विभाग प्रशासन द्वारा प्रताड़ित किए गए लोगों से बात की और इस कार्रवाई के लिए सत्ता को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा इस गांव के लोग समाजवादी पार्टी पर विश्वास रखते हैं इस कारण लोगों में भय का माहौल बनाने के लिए सत्ता के इशारे पर कार्रवाई की गई है। मामला विकास क्षेत्र के पड़ई गांव से जुड़ा है, जहां खलिहान की जमीन के कुछ हिस्से पर गांव के पांच लोगों ने छप्पर की झोपड़ी के अलावा पक्के मकान तक बना रखे थे। जिसे लेकर कुछ ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से सुरक्षित जमीन का हवाला देते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में कार्रवाई करते हुए बीती 25 अगस्त को राजस्व प्रशासन द्वारा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर टीन सेड बाउंड्री वॉल गिरा दिए गए थे। घटना को लेकर पीड़ित पक्ष ने राजस्व प्रशासन पर बिना किसी सूचना के घरों को गिराने का आरोप लगाया था। मामले की सूचना नेता प्रतिपक्ष सपा प्रमुख अखिलेश यादव तक पहुंची सपा प्रमुख के निर्देश पर गांव की वस्तु स्थिति जानने के लिए सपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, विधायक श्याम सुंदर भारती व राहुल लोधी सपा प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, आरपी यादव, प्रदेश सचिव शशिकांत शर्मा, उमाशंकर चौधरी, पूर्व स्नातक एमएलसी समेत 6 सदस्य प्रतिनिधि मंडल को गांव जाने के लिए पत्र जारी किया था। गांव पहुंचे प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उचित कार्रवाई किए जाने का भरोसा दिलाया। जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने कहां सत्ता के इशारे पर इन ग्रामीणों को प्रताड़ित किया गया है। राजस्व विभाग ने मानवता को शर्मसार करते हुए क्या कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कार्रवाई के दौरान प्रशासन ने ग्रामीणों को सामान निकालने तक की मोहलत नहीं दी थी। टीन सेड के नीचे मवेशी बंधे थे और बुलडोजर की कार्रवाई चल रही थी। स्कूल जाने वाले बच्चों के स्कूल बैग तक हटाने की मोहलत नहीं दी। बिना किसी पूर्व सूचना के बुलडोजर के साथ पहुंचे प्रशासन ने घरों को गिराकर घरेलू सामान भी तहस-नहस कर दिया। पूरी कार्रवाई सत्ता के इशारे पर की गई है। इस गांव के लोग समाजवादी पार्टी पर भरोसा रखते हैं इस कारण इन ग्रामीणों में भय का माहौल पैदा करने व डराने की कार्रवाई की गई है। सपा जिला अध्यक्ष ने अमावीय कृत्य करने वाले अधिकारियों को दंडित किए जाने की मांग की तथा पीड़ित परिवारों को सहायता दिलाए जाने की मांग की और पीड़ित परिवारों से न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।

# भवन का कार्य पूर्ण कराकर उसका उपयोग जनहित में किया जाए



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने खोर स्थित अपूर्ण भवन का निरीक्षण कर जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि इस भवन का निर्माण प्राथमिक विद्यालय हेतु विगत कई वर्षों पूर्व कराया गया था, लेकिन भवन का निर्माण कार्य पूर्ण न होने की वजह से इसका उपयोग जनहित में नहीं किया जा सका। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह को निर्देशित किया कि अपूर्ण प्राथमिक विद्यालय की संरचना को पूर्ण करने के लिए इस भवन में विद्यार्थियों को पढ़ने हेतु लाइब्रेरी के साथ शैक्षणिक, सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियों को शामिल करते हुए जनहित के उपयोग हेतु इस भवन का आवश्यकतानुसार एस्टीमेट बनवाकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाए, जिससे कि भवन का उपयोग जनहित में किया जा सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि अपूर्ण भवन के पूर्ण होने से जन समुदाय को विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा सकती हैं और इस भवन का उपयोग किया जा सकता है।

# देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को बचाने के लिए राहुल गांधी के हांथों को मजबूत करे-अतुल सिंह



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अतुल सिंह ने विधानसभा ऊंचाहार के मेलथुवा, कुमाहरन पुरवा, इस्माइलमऊ, साई, दाउदपुर गड़ई, सेवाला का पुरवा, जलालपुर धई, भुरकुशा का पुरवा, बड़ैया का पुरवा, झाडेया का पुरवा आदि गांव में चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी एवं कांग्रेस पार्टी की नीति के बारे में बताया और पौधारोपण किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए जननायक राहुल गांधी बिहार में वोटर अधिकार यात्रा पर निकले हैं, जिसमें आपार समर्थन मिल रहा है। मोदी सरकार वोटों की चोरी करके चुनाव जीतती आ रही है। इसका खुलासा हमारे नेता राहुल गांधी ने प्रेस के माध्यम से देश को बताया था, आज यह बात गांव-गांव पहुंच गई है कि मोदी सरकार वोट चोरी करके चुनाव जीत रही है। श्री सिंह ने कहा ऊंचाहार की जनता, बिजली, पानी, सड़क, खाद और बीज के लिए तरस रही है। गांव के लोगों ने बताया कि बिजली का बिल और आवारा पशुओं से हम लोग परेशान है। हम लोग लाठी डंडे लेकर बरसात में फ सलों की रखवाली के लिए मजबूर है। भाजपा सरकार से जनता परेशान हो गई है, इसका जवाब 2027 में जनता देने जा रही है।

श्री सिंह ने कहा कि मैं गांव-गांव जाकर अपने परिवार रूपी जनता से सीधा संवाद करता हूं और उनकी समस्याओं को पूरा करने का प्रयास करता हूं। यहां के क्षेत्रीय विधायक दूसरों के द्वारा कराये विकास कार्यों को अपना बताकर शिलान्यास व उद्घाटन फर्जी तरीके से कर रहे हैं। श्री सिंह ने पौधारोपण किया और कहा कि वृक्ष हम लोगों को ज्यादा से ज्यादा लगाने चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ वायु मिल सके। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अनिरुद्ध दीक्षित, पूर्व डिप्टी एसपी आरएन गौतम, जिला सचिव एम फ रूखी, राम सिंह लोधी जिला पंचायत सदस्य, जसवंत सिंह, प्रेम नारायण श्रीवास्तव, अमर यादव, भिखारी मिश्रा, शिवेंद्र यादव प्रधान, अशोक यादव, पप्पू सोनकर, प्रदीप अग्निहोत्री, रवि सिंह, अशोक मौर्य, श्रीराम मौर्य, वीरेंद्र लोधी, रमाकांत यादव, पुष्प सरोज, सुनील सिंह, मोनू सिंह, शिव शंकर सिंह, नरेंद्र सिंह, संजय सिंह, लाल बहादुर सिंह, अरविंद कुमार गौतम, महेश कुमार पासी, माया देवी, सुनीता, अनिल सोनी, रंजन सिंह, काली शंकर, रिंकू सोनकर आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# मिल एरिया थाना का भवन पूरी तरह से जर्जर, मौत के साये में पुलिसकर्मी

### एसपी ऑफिस से लगभग तीन किलो मीटर की दूरी पर है मिल एरिया थाना

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, अमावा रायबरेली।** अमावा विकास क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एनएचआई 220 के किनारे चल रहा मिल एरिया थाना का भवन पूरी तरह से जर्जर हो गया है। सरकार व शासन ने गम्भीर बनी हुई है वहीं जहां एक तरफ सुरक्षाकर्मियों के लिए मॉडल थाना बनाने की बात कर रही है, तो वहीं दूसरी तरफ मिल एरिया थाने का भवन इतना जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है कि जान जोखिम में डालकर पुलिसकर्मी यहां पर ड्यूटी के साथ रह रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि कई बार विभागीय अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया फिर भी मामला अभी अधर में लटका है। इस थाने में तीन कमरे मात्र हैं जिसमें एक कमरे में थाने का काम होता है एवं दो कमरे में करीब पांच से लेकर दस के संख्या में पुलिसकर्मी सरकारी काम काज करते रहते हैं। एक बरामदे का प्लास्टर टूट कर गिर रहा है। इस थाने पर विभागीय अधिकारियों की नजर नहीं पड़ रही है। सभी कमरे जर्जर हो चुके है, पुलिस कर्मी आपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे है। हादसे की आशंका से रात में पुलिसकर्मी सही ढंग से न तो पहरा कर पाते है और न ही सही ढंग से सो भी नहीं पाते हैं। छतों का प्लास्टर टूट कर गिरता रहता हैं। आधे से अधिक भवन का प्लास्टर टूट कर गिर चुका है, कहीं-कहीं छत भी दब गया है हर तरफ छत का सरिया दिख रहा है। कभी-कभी प्लास्टर पुलिसकर्मियों के ऊपर भी गिर जाता है, भय से पुलिसकर्मी सहमें रहते है।

**स्पिनिंग मील के मकान में कई वर्षो से चल रहा मिल एरिया थाना-** रायबरेली के इंडस्ट्रीज एरिया में स्थित थाने का अपना मकान नहीं होने से किराए के मकान में संचालित होता है। करीब 30 वर्षो से यह सिलसिला चल रहा है। यूपीएसआईडीसी कम्पनी के द्वारा बनवाई गई बिल्डिंग में मिल एरिया थाना का जर्जर भवन है जिसे किराये पर लिया गया है। बताया जाता है कि यह भवन बहुत पुराना मिल का है जो अब जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है।




**थाने के अंदर नहीं है सिपाही दरोगाओं व आगंतुकों की रहने बैठने की कोई उचित व्यवस्थाएं-** थाने के अंदर हाजत, सरिस्ता, मालखाना, बैरेक, आगंतुक कक्ष जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं हैं। थाने के आवश्यक कागजात रखने की भी सुविधाएं नहीं है। बरसात के मौसम में सभी कमरों में टपकता है पानी, मानसून आने से बरसात शुरू हो गया है। थानाध्यक्ष अजय कुमार राय ने कहा कि बरसात के मौसम में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्योंकि बरसात के मौसम में सभी कमरे से पानी टपकने लगता है, जिस कारण से थाने की फ इलें व अन्य आवश्यक कागजात बचाने के बरसात के मौसम में हर तरफ भवन में रिसाव होते रहता है। रिसाव के कारण दिवालों में करेंट भी फैल जाता है, जिस कारण से अनहोनी की आशांका हर समय बनी रहती है। दिन हो या रात हो, थाने परिसर के अंदर हर समय सांप बिच्छू जैसे जहरीले कीड़े. मकोड़े निकलते रहते हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि भवन के नवीनीकरण के लिए सरकारी जमीन की तलाश शुरू कर दी गई है शासन को विभाग के द्वारा प्रस्ताव भेजा गया है जमीन चिन्हांकन की प्रतिक्रिया की जा रही है जल्द राजस्व विभाग जमीन उपलब्ध कराए तो सरकारी बजट आने के बाद ही नया थाने के भवन का निर्माण कराया जाएगा। कई बार पुलिस विभाग ने कहा है कि जमीन चिन्हांकन कर दी जाए तो पुलिस राजस्व विभाग के द्वारा प्रस्ताव भेजा गया ऐसे में अब देखना यह है कि कब तक पुलिस कर्मियों को नया भवन विभाग की तरफ से उपलब्ध कराया जाएगा । यह फिर ऐसे ही किराए के कमरों में महिला सिपाही व अन्य पुलिस कर्मी रहेंगे।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न




**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में योजना की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने कहा कि इस योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा प्रदान किया जाने वाला अनुदान समय पर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए सभी वेंडर्स सक्रियता से कार्य करें और अधिक से अधिक इच्छुक उपभोक्ताओं को इस योजना से जोड़ा जाए।बैठक में शामिल बैंकों के प्रतिनिधियों को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि योजना में रुचि रखने वाले व्यक्तियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करते हुए ऋण उपलब्ध कराया जाए।जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग एवं नेडा के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि नेट मीटरिंग से सम्बन्धित समस्याओं का प्रतिदिन फॉलोअप किया जाए और उनका शीघ्र निस्तारण कराया जाए।उन्होंने कहा कि यह योजना लोगों को न केवल सस्ती और निरंतर ऊर्जा उपलब्ध कराने में सहायक होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। अतः इस योजना से जुड़े सभी विभाग और संस्थाएं पूरी जिम्मेदारी व सक्रियता के साथ कार्य करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन,प्रशिक्षु आईएएस तेजस के0 जिला विकास अधिकारी, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लीड बैंक मैनेजर, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि, अन्य जिला स्तरीय अधिकारी तथा योजना से जुड़े वेंडर्स उपस्थित रहे।

## छुट्टा मवेशी से टकराई बाईक, चार घायल

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** बाराबंकी से फतेहपुर लौट रहे एक परिवार की मोटरसाइकिल छुट्टा मवेशी से टकरा गई। हादसे में पति-पत्नी और उनके दो बच्चे घायल हो गए। तेहपुर थाना क्षेत्र के गैंदपुरवा गांव के पंकज वर्मा बुधवार की देर शाम अपनी पत्नी पूजा और दो बच्चों के साथ बाराबंकी से घर लौट रहे थे। लेफ्टिनेंट अनिरुद्ध शुक्ला पीजी कॉलेज के पास अचानक सामने आए छुट्टा मवेशी से उनकी मोटरसाइकिल टकरा गई। हादसे में पांच वर्षीय दिव्यांश और तीन वर्षीय राधा समेत चारों सड़क पर गिर गए एक राहगीर दंपति ने घायलों को देखा और तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर पहुंचाया गया। डॉक्टर की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक दोनों बच्चों को ज्यादा चोटें आई हैं। माता-पिता को भी चोटें आई हैं। ग्रामीणों ने छुट्टा मवेशियों की समस्या से निपटने के लिए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

# महिला चिकित्सक की कार्यशैली से हतप्रभ ब्लाक प्रमुख ने डिप्टी सीएम को लिखा पत्र

## गर्भवती महिला को ग्लूकोज की बोतल लगाकर घर चली गई महिला चिकित्सक



**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** गर्भवती महिला को अस्पताल में भर्ती कर महिला चिकित्सक ने ड्रिप लगाकर ग्लूकोज की बोतल चढ़ने के लिए टांग दी इसके बाद डॉक्टर घर चली गई। कई घंटे इंतजार के बाद मरीज को डॉक्टर मिलीं न कोई स्टाप।परेशान मरीज के परिजनों ने इसकी सूचना फोन पर रामनगर ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी को दी। मरीज की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए ब्लाक प्रमुख श्री तिवारी सीएचसी रामनगर पहुंच गए। और पूरे अस्पताल का निरीक्षण किया। यहां डॉक्टर स्वप्निल अकेले मौजूद थे बाकी पूरा स्टाफ नदारत था लेबर रूम एवं महिला वार्ड के सामने आवारा कुत्ते टहल रहे थे। सीएचसी का नजारा देखकर ब्लाक प्रमुख आवक रह गए उन्होंने इस पूरे प्रकरण की शिकायत उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से करने की बात कही है। इस संबंध में उपलब्ध जानकारी के मुताबिक गुरुवार को दिन में करीब 11:00 बजे थाना रामनगर के ग्राम इब्राहिमपुर निवासी गर्भवती महिला सोनी मिश्रा को उसके पति और सास सीएचसी रामनगर ले कर पहुंची । यहां मौजूद डॉक्टर पूजा गुप्ता ने उसे भर्ती कर लिया और ग्लूकोज चढ़ाने के लिए ड्रिप लगाकर बोतल टांग दी। आरोप है कि इसके बाद महिला चिकित्सक कहीं चली गई मरीज के परिजनों ने काफी खोजबीन किया तो पता चला डॉक्टर घर चली गई है। हैरान परेशान मरीज सोनी मिश्रा के परिजनों ने फोन कर रामनगर ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी को पूरा वाक्या बताया और मदद किए जाने की गुहार लगाई। सूचना पाकर ब्लॉक प्रमुख श्री तिवारी सीएचसी रामनगर पहुंच गये। यहां मरीज का कुशल क्षेम जानने के बाद अस्पताल का निरीक्षण किया इस औचक निरीक्षण में डॉ स्वप्निल रूम नंबर 12 में मौजूद मिले बाकी पूरा स्टाफ नदारत था ऊपर दूसरी मंजिल पर जाने वाले रास्ते में आवारा कुत्ते घूम रहे थे। बेड पर बिछी हुई चादरें गंदी थी ब्लाक प्रमुख ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को फोन किया कौन उन्होंने बताया कि वह जिलाधिकारी की मीटिंग में है।सीएससी की दशा देखकर नाराज ब्लॉक प्रमुख प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को शिकायत करने की बात कही है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा सख्त निर्देश दिए जा रहे हैं। डिप्टी सीएम के द्वारा लगातार औचक निरीक्षण कर करवाई भी की जा रही है। लेकिन महिला चिकित्सक पूरी तरह मनमानी कर रही है।

## खबर एक नज़र

### क्रिकेट टीम में शामिल हुए अकादमी के आधा दर्जन खिलाड़ी



**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** किलेश्वर क्रिकेट अकादमी हैदरगढ़ के 6 खिलाड़ियों का जिला क्रिकेट टीम में चयन हुआ है। जिससे क्रिकेट प्रेमियों में हर्ष का माहौल है।उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय पर 25 व 26 अगस्त को संपन्न हुए स्कूल गेम आफ इंडिया के लिए जिला स्तरीय ट्रायल में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था जिनमें से किल्लेश्वर क्रिकेट अकादमी के 6 प्रतिभागियों का चयन हुआ है।क्रिकेट अकादमी के संचालक हरि शंकर शुक्ला ने बताया किबालिकाओं की अंडर 17 टीम में भूमि शुक्ला व भव्या शुक्ला, लड़कों के अंडर 14 टीम में लक्ष्मीकांत तिवारी व शिवदत्त दीक्षित,अंडर 17 टीम में वैभव मिश्रा और अंडर-19 टीम में मयंक दीक्षित का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों ने इस उपलब्धि का श्रेय किल्लेश्वर क्रिकेट एकेडमी एवं उसके प्रबंधन को दिया है।

### महिला ने लगाया पुत्री को बदनाम करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी।** सुबेहा थाना क्षेत्र के एक गाँव की निवासी महिला ने गाँव निवासी भाई बहन पर अवैध सम्बन्ध की बात कहकर पुत्री को बदनाम करने का आरोप लगाया है। महिला ने बताया कि उसने बीते मई माह में गांव निवासी दूसरे समुदाय के युवक पर अपनी नाबालिक पुत्री के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। जिससे चिढ़े हुए विपक्षी एवं उसकी बहन द्वारा उनके कलेदरगढ़ निवासी रिश्तेदार को फोन करके पुत्री के साथ अवैध संबंध की अनर्गल बात कहकर उसकी पुत्री को बदनाम किया जा रहा है। जिसके चलते उसकी पुत्री के विवाह में रुकावट पड़ने की संभावना नजर आ रही है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### दबंगों ने मिटा दी राजस्व विभाग द्वारा की गई निशानदेही

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली एवं कस्बा हैदरगढ़ अंतर्गत लिल्हौरा वार्ड में दबंगों द्वारा राजस्व टीम द्वारा की गई पैमाइश के उपरांत की गई निशान देही को मिटा देने व सीमेन्ट के खम्भे, कन्टीले तार, खूँटों को तोड़कर उठा ले जाने व पूछने पर जाति सूचक एवं भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस में सुसंगत धाराओ में मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वार्ड निवासी रामखेलावन पुत्र अयोध्या प्रसाद ने बताया कि उन्होंने गाटा संख्या 305 रकबा 1.275 हे0 में से रकबा 0.101 हे0 का बैनामा विशाल सिंह पुत्र जगन्नाथ सिंह से 3 जून1989 को 8000 रुपये देकर क्रय किया था तथा उक्त गाटा संख्या का सरकारी बटवारा भी 26 फरवरी 2024 को हो चुका है, उक्त आदेश के क्रियान्वयन के लिए उपजिलाधिकारी द्वारा राजस्व व पुलिस टीम गठित कर 26 जुलाई को रकबे की नाप जोख कर सीमेन्ट के खम्भे मय कन्टीले तार व खूँटे गड़वा दिए थे। जिन्हें वार्ड के ही रहने वाले दबंगों द्वारा एक राय होकर मौके पर खेत की निशानदेही मिटाकर सीमेन्ट के खम्भे, कन्टीले तार, खूँटों का तोड़कर उठा ले जाया गया।

### शिक्षक अभिभावक गोष्ठी संपन्न

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** उच्च प्राथमिक विद्यालय दहिला में गुरुवार को शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का अयोजन किया गया। बीइओ त्रिवेदीगंज राम नारायण ने कहा कि बच्चे के सर्वांगीण विकास की इस प्रक्रिया में शिक्षकों के साथ-साथ अभि भावकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसी उद्देश्य से विद्यालयों में समय- समय पर अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया जाता है। राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रगति पर चर्चा करना और उनके सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करना है। इस बैठक में शिक्षक विद्यार्थियों की पढ़ाई,अनुशासन, व्यवहार और प्रतिभा के बारे में जानकारी देते हैं,वहीं अभिभावक भी घर पर बच्चों के अध्ययन, आदतों और व्यवहार के बारे में अपने अनुभव साझा करते हैं। इस प्रकार विद्यालय और घर दोनों का समन्वय बनता है। हेमन्त कुमार ने कहा कि पीटीएम से विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहन मिलता है। जब वे देखते हैं कि उनके माता-पिता और शिक्षक उनके भविष्य के लिए एक साथ चिंतित और सक्रिय हैं, तो वे और अधिक मेहनत करने लगते हैं। इससे न केवल उनकी शैक्षिक उपलब्धियाँ बेहतर होती हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होती हैं। इस मौके पर सहायक अध्यापक सुनील कुमार वर्मा मृदुला सागर हरिकेश अनुदेशक अनिल कुमार यादव मौजूद रहे।

### साइबर फ्रॉड से पीड़ित को वापस कराए 1.44 लाख

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** एपीके फाइल के माध्यम से फोन हैक कर साइबर फ्रॉड किए जाने के सम्बन्ध में साइबर सेल, बाराबंकी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 1,44,844/- धनराशि को वापस कराया गया। जिले की साइबर सेल को ऑनलाइन शिकायती प्रार्थना पत्र हुआ, जिसमें साइबर अपराधियों द्वारा एपीके फाइल के माध्यम से फोन हैक कर आवेदक अनंत कुमार पुत्र कन्हैया लाल निवासी बेलहरा थाना मोहम्मद पुर खाला जनपद बाराबंकी के साथ 1,44,844/- रूपये का फ्रॉड होने का उल्लेख किया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी संगम कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में संदर्भित प्रकरण में तत्काल साइबर क्राइम थाना द्वारा साइबर तकनीकी का प्रयोग कर संबंधित मर्चेंट से पत्राचार कर सम्पूर्ण धनराशि 1,44,844/- रूपये आवेदक के खाते में वापस कराया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में आज लोकसभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की बारीकी से समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जिलाधिकारी ने वीएचएनडी सत्रों में कई सीएचसी की रैंकिंग जिला मानक स्तर से कम पाए जाने पर गंभीर नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए और सभी सीएचसी अधीक्षकों को वीएचएनडी सत्रों की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने रामनगर, बंकी व निन्दूरा क्षेत्र में टीकाकरण सत्रों में लापरवाही पर संबंधित सीडीपीओ का बेतन बाधित करने और कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार, एब्डोमिनल जांच में मानक के अनुरूप प्रगति न मिलने पर जिले के 03 सीएचसी अधीक्षकों को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि रूटीन इम्यूनाइजेशन अभियान में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। दरियाबाद व जाटा बरौली सीएचसी में लापरवाही सामने आने पर वहां के अधीक्षकों का बेतन बाधित करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्यकर्मी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थिति में जीरो सेशन न हो।साथ ही उन्होंने गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण करने, संस्थागत प्रसव को प्राथमिकता देने और उपकेंद्रों पर डिलीवरी प्वाइंट्स को सक्रिय रखने पर विशेष बल दिया। जिलाधिकारी ने मातृ एवं शिशु मृत्यु की रिपोर्टिंग को पूर्ण एवं पारदर्शी बनाने का निर्देश दिया और कहा कि मृत्यु के कारणों की गंभीरता से जांच की जाए। उन्होंने आभा आईडी और आयुष्मान कार्ड निर्माण की गति और तेज करने के भी निर्देश दिए, विशेषकर 70 वर्ष से ऊपर के सभी बुजुर्गों का कार्ड हर हाल में बनाया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, प्रशिक्षु आई0ए0एस0/सहायक कलेक्टर श्री तेजस के0,मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश कुमार यादव, एसीएमओ डॉ. डी.के. श्रीवास्तव, डॉ. राजीव सिंह सहित सभी सीएचसी अधीक्षक, बीपीएम, बीसीपीएम, आयुष्मान अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नाराज होकर नहर में कूदने वाले युवक का नहीं लगा सुराग



**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी ।** पैसे मांगने पर मां द्वारा इनकार किए जाने से नाराज होकर बुधवार की रात नहर में छलांग लगाने वाले 19 वर्षीय युवक का अभी तक कोई पता नहीं चल सका है। सूचना पाकर लखनऊ से पहुंची राष्टीय आपदा प्रतिक्रिया बल द्वारा नहर में युवक की तलाश जारी है। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे एसडीएम राजेश विश्वकर्मा एवं सीओं समीर कुमार सिंह मौजूद रहकर तलाशी अभियान की निगरानी कर रहे हैं। ज्ञातव्य हो कि बुधवार की रात्रि छत्रपतिखेड़ा उर्फ खेरवा मजरे रामनगर गांव निवासी संजय गिरी पुत्र स्वर्गीय रामफेर गिरी 19 वर्ष ने शारदा सहायक खंड 28 की जौनपुर ब्रांच नहर में दयालगंज रेगुलेटर से छलांग लगा दी थी, पानी के तेज बहाव के चलते देखते ही देखते युवक गायब हो गया था। पुल के पास मौजूद ग्रामीण घटना की सूचना युवक के घर पर दी । सूचना पर मौके पर पहुंचे गांव निवासी चचेरे भाई देवेंद्र गिरी पुत्र रामदास ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद दल बल के साथ पहुंचे कोतवाल अभिमन्यु मल्ल द्वारा स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाशी अभियान शुरू किया गया जो लगातार जारी है सूचना पाकर देर रात्रि मौके पर पहुंचे एसडीएम राजेश विश्वकर्मा एवं सीओ समीर कुमार सिंह के निर्देशन में स्थानीय गोताखोर लगे रहे परन्तु सफलता हाथ ना लगते देख एनडीआरएफ की टीम को भी मौके पर बुलाया गया जिसके बाद टीम द्वारा तलाशी अभियान लगातार चालू है लेकिन समाचार भेजे जाने तक युवक के कोई सुराग नहीं लग सका था। बताते हैं कि नदी में छलांग लगाने वाले युवक के पिता की मौत पहले ही हो चुकी थी परिवार में मां के अलावा दो छोटी बहनें ही है। जिसके चलते परिवार की आर्थिक स्थिति दयनीय बताई जा रही है ।

# पंचायत भवन एवं सामुदायिक शौचालय का लिया जायजा



**स्वतंत्रतभारत, जैदपुर बाराबंकी।** सहायक विकास अधिकारी पंचायत जानकीराम ने आज ग्राम पंचायत ब?गांव, नसीरनगर एव नेवला करसंडा के पंचायत भवन एव सामुदायिक शौचालय का जायजा लिया तथा केयर टेकर के बकाये मानदेय को भुगतान के निर्देश दिये।पंचायत भवन ब?गांव पहुंचे सहायक विकास अधिकारी पंचायत जानकीराम ने पंचायत भवन मे संचालित लाइब्रेरी का जायजा लेते हुए शिक्षारत बच्चो से संवाद किया तथा अनुपलब्ध पुस्तकों को उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। लाइब्रेरी के बच्चो ने वाई फाई मे आये दिन होने वाली दिक?तो को दूर कराने की मांग की जिसपर ए?ीओ पंचायत ने ग्राम पंचायत विकास अधिकारी जैसराम को बेहतर वाईफाई सेवा के निर्देश दिये। इसके पश्चात पंचायत सहायक सैय्यदा बानो से फैमिली आई डी एव रिफ्रॉफिटिंग कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिये। सामुदायिक शौचालय के आसपास उगी घास को तुरंत साफ करने के निर्देश केयर टेलर फूलमती को दिये तथा नियमित शौचालय खोलने के निर्देश दिये। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद मौजूद रहे। इसी क्रम मे ग्राम पंचायत नसीरनगर एव नेवला करसंडा मे सामुदायिक शौचालय के ओवरहैंड टेंक, पानी, वासवेसिंग व केयर टेकर के भुगतान की जानकारी ली केयर तेकरो ने मानदेय बकाया होने की शिकायत की जिसपर ए?ीओ पंचायत ने शीघ्र भुगतान कराने का अशवाशन दिया। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उमाकान्त वर्मा, मित्तल कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## कूड़े के अम्बार से बीमारी फैलने का बढ़ा खतरा

**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी।** जहां एक तरफ सरकार स्वच्छ भारत अभियान चलाकर सफाई व्यवस्था में सुधार के लिये मोटी रकम खर्च कर रही है। वहीं एक मामला विकास खण्ड सिद्धौर के ग्राम पंचायत शेषपुर हकीम में देखने को मिला है जहां सफाईकर्मी की नियुक्ति तो है मगर काफी समय से वहां राजू नामक एक मजदूर सात हजार रुपए माह पर सफाई का कार्य करता है, जिससे मंदिर के आस पास व अन्य जगहों पर कूढ़े के अम्बार व बजबजाती नालियां देखने को मिल रही हैं। सूत्रों ने बताया कि यहां तैनात सफाई कर्मी गांव में चल रहे जुए के अड्डे प्रधान के घर व अन्य जगहों पर बैठकर चला जाता है। जिसे गांव के प्रधान का संरक्षण प्राप्त है। जबकि गांव के लोग नालियों से आ रही दुर्गन्ध से परेशान हैं और बीमारी फैलने से भयभीत हैं। ऐसे सरकार की मंशा पर पूरी तरह पानी फेरा था रहा है, फिर जिम्मेदार लोग हाथ पर हाथ धरे ग्राम वासियों की बेबसी का तमाशा देख रहे हैं।

# विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जिले में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, बिलिंग प्रतिशत और सुरक्षा मानकों की विस्तार से समीक्षा की।जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में बारिश और जलभराव की स्थिति के कारण विद्युत आपूर्ति पर विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि कहीं भी विद्युत तार ढीले न रहें और इस पर लगातार निगरानी रखी जाए। यदि कहीं समस्या उत्पन्न होती है तो उसे तत्काल ठीक किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे।जिलाधिकारी ने बिलिंग व्यवस्था पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि बिलिंग का प्रतिशत हर हाल में निर्धारित मानक के अनुरूप रहना चाहिए। इसके लिए अधीनस्थ अधिकारी पूरी जिम्मेदारी से कार्य करें और उपभोक्ताओं के साथ संवाद स्थापित करते हुए समस्याओं का त्वरित समाधान करें।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालयों के ऊपर से गुजरने वाली विद्युत लाइनों को आवश्यक तैयारी पूर्ण कर शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर प्रारम्भ कर समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए।इसके साथ ही जिलाधिकारी ने अन्य निर्माणाधीन परियोजनाओं में विद्युत विभाग के सहयोग पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि जनपद में संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं को समय से पूरा करने के लिए विद्युत विभाग से जो भी कार्य अपेक्षित हैं, उन्हें शीघ्र पूरा किया जाए। विशेष रूप से जल निगम (ग्रामीण) की परियोजनाओं पर विद्युत कार्यों को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन,प्रशिक्षु आई0ए0एस0 तेजस के0,अधीक्षण अभियन्ता इ0 राजबाला, अधिशासी अभियन्ता विद्युत बाराबंकी इ0 घनश्याम त्रिपाठी, इ0 बिमलेश (रामसनेहीघाट), इ0 खालिद सिद्दीकी (रामनगर), इ0 अनुज गुप्ता (हैदरग?), इ0 नीरज सिंह गर्ग (फतेहपुर), इ0 राघवेन्द्र प्रताप सिंह (परीक्षण), इ0 अमितेश्वर गोस्वामी (भण्डार), इ0 राजेश कुमार (कार्यशाला) सहित अन्य अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के स्कूल भेजना हर अभिभावक की जिम्मेदारी : जैनेंद्र




**स्वतंत्रतभारत जैदपुर बाराबंकी।** हर अभिभावक की जिम्मेदारी है कि दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चो की तरह जीवन जीने के स्कूल जरूर भेजे क्योंकि समावेशी शिक्षा के मॉडल को मजबूत बनाने के लिए दिव्यांग बालकों को सामान्य बालकों के साथ पड़ने से उन्हें बेहतर माहौल मिलेगा। उक्त बातें खण्ड शिक्षा अधिकारी जैनेंद्र कुमार ने ब्लॉक संसाधन केंद्र बड़ागांव पर समेकित शिक्षा के इनवायरमेंट बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों का पैरेंटस काउंसिलिंग कार्यक्रम में व्यक्त की उन्होंने कहा कि यदि आपका बच्चा पढ़ लिखकर डॉक्टर, इंजीनियर अथवा किसी भी नौकरी में जाना चहेगा तो उसके लिए अलग से आरक्षण की व्यवस्था है कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय बड़ागांव के क्लास 3 के मयंक ने कविता सुनाकर तालियां बटोरी। ब्लॉक मसौली के स्पेशल एजुकेट कमलेश कुमार ने पेरेंटस काउंसलिंग में दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र की उपयोगिता ,लाभ ,स्कॉट अलाउंस, सटाइपेंड मेजरमेंट कैंप मेडिकल एसेसमेंट कैंप आदि के बारे में विस्तृत चर्चा की। स्पेशल एजुकेटर एकता सक्सेना के द्वारा बच्चों को दी जाने वाली विभिन्न प्रकार की सुविधाओं व दिव्यांगता के बारे में एवं सलोनी मिश्रा द्वारा दिव्यांगता के प्रकार एवं उनके निराकरण के बारे में अभिभावकों द्वारा चर्चा कर विचारों का आदान-प्रदान भी किया गया।कार्यक्रम का संचालन प्रदीप श्रीवास्तव द्वारा किया गया।इस मौके पर कार्यालय कर्मचारी जितेंद्र दीक्षित, पावेल राज,शिवानी गौतम, विनोद वर्मा, सुनील कुमार, अजय दीक्षित सहित अभिभावक भी मौजूद रहे।

## सीना जनी व नोहाख्वानी करते हुए निकाला गया जुलूस



**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी ।** रबीउल अव्वल की चार तारीख क़स्बे की फुलवासी मस्जिद से एक जुलूस ऊंट घोड़े अलम के साथ सीना जनी व नोहा ख्वानी करते हुए निकाला गया, जूलूस की सुरक्षा हेतु भारी संख्या में पुलिस भी मौजूद रहीं।जानकारी के मुताबिक जैदपुर क़स्बे के मोहल्ला चिकना महल मस्जिद फुलवासी से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ऊंट घोड़े अलम के साथ जुलूस निकाला गया जिसकी मजलिस को मौलाना जीशान आरिफ ने खिताब फ़रमाया,जुलूस पचदरी बांध छोटा इमामबाड़ा होते हुये मुशाफिर शाह गार पर पहुंचा, अंजुमन नुसरतुल अजा द्वारा नौहा ख्वानी व सीना जानी की गयी, इस मौके पर कस्बा इंचार्ज विनय कुमार दरोगा हलीम बाबू दरोगा रामनाथ,दीवान जयनारायण पंकज राठौर शैलैश यादव, समीर हैदर, एजाज मेहंदी, शहरोज राहिल अली, सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## करंट से किशोर की मौत

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी** ।कोतवाली हैदरगढ़ के सीठूमऊ गांव में गुरुवार की दोपहर एक 15 वर्षीय किशोर की विद्युत करेंट से मौत हो गई। गांव निवासी छविनाथ रावत का 15 वर्शीय पुत्र राज दोपहर बाद ढाई बजे घर के अन्दर पंखा का तार लगा रहा था। अचानक करेंट की चपेट में आ गया।जब तक परिवार के लोग कुछ समक्ष पाते उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।किशोर की मौत से पूरे मोहल्ले में कोहराम मच गया।शिमला में रह रहे मृतक किशोर के पिता घटना की सूचना पाकर घर के लिए निकल चुके हैं।पिता की प्रतीक्षा में किशोर का अंतिम संस्कार नहीं हो सका अब पिता के आने के बाद शुक्रवार को अंतिम संस्कार होगा।



# सेलेक्ट मत करो, लेकिन खेलना नहीं छोड़ूंगा : शमी

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के धुरंधर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने अपने भविष्य को लेकर चल रही तमाम अटकलों पर अब साफ जवाब दे दिया है। अश्विन और पुजारा जैसे दिग्गजों के संन्यास के बाद भले ही भारतीय क्रिकेट में शमी की विदाई को लेकर चर्चाएं तेज थीं, लेकिन इस सीनियर पेसर ने स्पष्ट कर दिया है कि उनका क्रिकेट छोड़ने का अभी कोई इरादा नहीं है।

टीम इंडिया के सीनियर तेज़ गेंदबाज मोहम्मद शमी ने अपने रिटायरमेंट को लेकर उठ रहे सवालों पर तीखा जवाब दिया है। एक इंटरव्यू के दौरान शमी ने तीखे अंदाज में कहा - अगर किसी को मेरी मौजूदगी से दिक्कत है तो बताए, क्या मेरे रिटायर होने से उनकी जिंदगी आसान हो जाएगी? मैं किसके रास्ते का रोड़ा बन गया हूं? जिस दिन मुझे खुद लगेगा कि अब खेलने का मन नहीं है, मैं बिना बताए खुद ही हट जाऊंगा। शमी ने यह भी स्पष्ट किया कि चयनकर्ताओं के फैसले से उनका जुनून प्रभावित नहीं होगा। उन्होंने कहा– आप मुझे टीम इंडिया में सेलेक्ट मत कीजिए, लेकिन मैं मेहनत करता रहूंगा। इंटरनेशनल न सही, मैं डॉमेस्टिक क्रिकेट खेलूंगा। खेल से मेरा रिश्ता तब तक बना रहेगा, जब तक जुनून जिंदा है। शमी ने अपने करियर का बड़ा लक्ष्य साझा करते हुए कहा कि उनका सपना अभी अधूरा है। 2023 वनडे वर्ल्ड कप में हम बहुत करीब पहुंचे थे, लेकिन जीत हाथ से निकल गई। अब मेरी नजरें 2027 वर्ल्ड कप पर हैं। मैं उस वक्त टीम का हिस्सा बनना चाहता हूं। हालिया समय में टीम से बाहर रहने के बावजूद शमी ने फिटनेस पर विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने बताया– पिछले दो महीनों में मैंने वजन घटाने और लंबे समय तक गेंदबाजी करने की तैयारी पर खूब मेहनत की है। क्रिकेट के प्रति वही जुनून आज भी मेरे भीतर है। जिस दिन यह जोश खत्म होगा, मैं खुद पीछे हट जाऊंगा। बता दें कि मार्च में आखिरी बार इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने वाले शमी फिलहाल टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। गौरतलब है कि मोहम्मद शमी ने आखिरी बार मार्च 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला था। इसके बाद से वह भारतीय टीम में जगह नहीं बना पाए हैं और हाल ही में आईपीएल 2025 में भी गेंदबाजी के दौरान लय हासिल करने के लिए संघर्ष करते नजर आए थे।

## पाटीदार-दानिश के शतक से मध्य क्षेत्र का बड़ा स्कोर

### शमी का संतोषजनक प्रदर्शन, मनीषी भी चमके

**नई दिल्ली।** दलीप ट्रॉफी 2025 की गुरुवार को क्वार्टर फाइनल के मुकाबलों के साथ शुरुआत हो गई। पहला मैच उत्तर क्षेत्र और पूर्व क्षेत्र की टीमों के बीच खेला जा रहा है। दिन का खेल समाप्त होने तक उत्तर क्षेत्र ने आयुष बडोनी की अर्धशतकीय पारी की मदद से छह विकेट पर 308 रन बनाए। वहीं, दूसरे मुकाबले में मध्य क्षेत्र का सामना उत्तर पूर्वी क्षेत्र की टीम से हो रहा है। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मध्य क्षेत्र की टीम ने स्टंप्स तक दो विकेट पर 432 रन बनाए। उनके लिए दानिश मालेवर और कप्तान रजत पाटीदार ने शतकीय पारियां खेलीं। सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के प्रभावशाली प्रदर्शन और बाएं हाथ के युवा स्पिनर मनीषी की धारदार गेंदबाजी की बदौलत पूर्वी क्षेत्र ने पहले दिन स्टंप तक उत्तर क्षेत्र को छह विकेट पर 308 रन ही बनाने दिए। मध्यक्रम के बल्लेबाज आयुष बडोनी ने चिकनी पिच पर 60 गेंद में 63 रन की शानदार पारी खेली। लेकिन उत्तर क्षेत्र के अन्य बल्लेबाजों को इस बात का मलाल रहेगा कि पूर्वी क्षेत्र के गेंदबाजों के खिलाफ मजबूत शुरुआत करने के बाद भी वे लय में नहीं आ पाए। लेकिन पूरा फोकस शमी पर था जो नवंबर 2024 के बाद से अपना पहला प्रथम श्रेणी मैच खेल रहे थे। वह पहले दो स्पैल में थोड़ी लय में नहीं दिखे। उत्तर के सलामी बल्लेबाज और कप्तान अंकित कुमार तथा शुभम खजूरिया ने बिना किसी परेशानी के उनका डटकर सामना किया। लेकिन लंच के ठीक बाद उनके तीसरे स्पैल (4-2-9-0) में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला। वह ऑफ स्टंप के बाहर बल्लेबाजों की परीक्षा ले रहे थे। बडोनी और निशांत सिंधु के पैड पर कुछ गेंदें लगीं।

34 वर्षीय शमी चौथे स्पैल (5-0-26-1) में दिन का अपना पहला विकेट ले सकते थे लेकिन कुमार कुशाग्र ने 27 के निजी स्कोर पर कन्हैया वधावन (37) का कैच टपका दिया। लेकिन शमी को जल्द ही सफलता मिली जब उन्होंने ऑफ स्टंप के बाहर एक ढीली गेंद पर साहिल लोत्रा को विकेट के पीछे कैच करा दिया। शमी भले ही हर गेंद पर उतने खतरनाक नहीं दिख रहे थे जितना वह अपने खेल और फिटनेस के शीर्ष पर होने पर करते हैं। लेकिन उन्होंने दिन में 17 ओवर (55 रन देकर 1 विकेट) में संतोषजनक प्रदर्शन किया। हाल में दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बडोनी ने अपने आक्रामक खेल से प्रभावित किया और उनके ड्राइव देखने लायक थे। उन्होंने लाल गेंद की जरूरतों के अनुसार खुद को पूरी सहजता से ढाल लिया। वह तेज गेंदबाज मुख्तार हुसैन की गेंद पर पुल करने की कोशिश में लेग साइड में कैच आउट हो गए। उत्तर क्षेत्र के बल्लेबाज खजूरिया (26), अंकित (30), यश ढुल (39) और निशांत (47) अच्छी शुरुआत के बावजूद इसे बड़ी पारी में नहीं बदल सके। भारत के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार के लिए चिंता की बात रही क्योंकि उन्हें पहले और दूसरे सत्र के बीच अपनी हैमस्ट्रिंग की चोट के इलाज के लिए नौ ओवर मैदान से बाहर बिताने पड़े। जमशेदपुर के 21 साल के मनीषी ने 90 रन देकर तीन विकेट विकेट झटके।

## पीवी सिंधु बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में पहुंचीं

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी चीन की वांग झी यी को हराकर बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। सिंधू ने मंगलवार को महिला एकल वर्ग के मुकाबले में वांग झी को 21-19, 21-15 से हराया और अगले दौर में जगह सुनिश्चित कर ली। 15वें रैंकिंग की सिंधू ने 48 मिनट में प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला अपने नाम किया। सिंधू 2019 में विश्व खिताब अपने नाम कर चुकी हैं। पांच बार की विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता सिंधू ने शुरुआती गेम में आक्रामक शुरुआत की और 21-19 से इस अपने नाम किया, जबकि वांग इस दौरान बेदम नजर आईं। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे गेम में भी अपनी लय बरकरार रखते हुए मैच अपने नाम करके चीनी खिलाड़ी के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 3-2 कर लिया।

## नीरज चोपड़ा तीसरे प्रयास में फाउल

**नई दिल्ली।** डायमंड लीग 2025 के फाइनल भाला फेंक मुकाबले में भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने तीसरे प्रयास में फाउल किया।

इसके बावजूद वह तीसरे स्थान पर कायम रहे। जर्मनी के जूलियन वेबर लगातार दूसरे प्रयास में 91.51 मीटर फेंककर शीर्ष स्थान पर हैं। दूसरे स्थान पर त्रिनिदाद एंड टोबैगो के केशोर्न वालकॉट हैं, जिन्होंने तीसरे प्रयास में 81.78 मीटर फेंककर पदक की रेस में अपनी स्थिति मजबूत की। नीरज के पहले दो प्रयास क्रमशः 84.35 और 82 मीटर रहे।

उनके अंतिम प्रयासों पर अब सभी की नजरें टिकी हैं।

## कानपुर ने लखनऊ को हराकर दर्ज की तीसरी जीत



**लखनऊ।** कानपुर सुपरस्टार्स का यूपीटी-20 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन जारी है. गुरुवार को टीम ने लखनऊ फाल्कन्स को हराकर अपनी तीसरी जीत दर्ज की. इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए 22वें मैच में कप्तान समीर रिजवी की विस्फोटक बल्लेबाजी और लखनऊ फाल्कन्स की खराब फील्डिंग की बदौलत कानपुर ने 8 विकेट से आसान जीत हासिल की. लखनऊ फाल्कन्स ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 162 रन बनाए. कानपुर ने इस लक्ष्य को मात्र दो विकेट खोकर ही प्राप्त कर लिया। फाल्कन्स के लिए आराध्य यादव ने 44 गेंदों में 59 रन की शानदार पारी खेली. मोहम्मद सैफ के साथ उनकी 59 रन की साझेदारी ने पावरप्ले में मजबूत शुरुआत दी. हालांकि, इसके बाद पिच की धीमी प्रकृति और कानपुर के स्पिनरों की सटीक गेंदबाजी ने फाल्कन्स के रनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया. शुभम मिश्रा और दमनदीप सिंह ने मिलकर मध्य ओवरों में केवल 62 रन दिए और महत्वपूर्ण विकेट चटकाए. आकिब खान और शौर्य सिंह को गर्मी और उमस के कारण समस्या हुई. इससे कानपुर की फील्डिंग पर असर पड़ा, लेकिन उनके स्पिनरों ने बाजी पलट दी।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी कानपुर सुपरस्टार्स ने दीपक राजपूत और शौर्य की 49 रन की साझेदारी के साथ सधी हुई शुरुआत की. दोनों बल्लेबाजों ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की, लेकिन लखनऊ के फील्डरों ने उनके आसान कैच छोड़ दिए. भुवनेश्वर कुमार ने छठे और आठवें ओवर में दोनों को आउट किया, लेकिन तब तक नुकसान हो चुका था. इसके बाद कप्तान समीर रिजवी ने मोर्चा संभाला. रिजवी को भी फाल्कन्स ने शुरुआत में कैच छोड़कर जीवनदान दिया. रिजवी ने इसका जमकर फायदा उठाया। 13वें ओवर में 71 रन चाहिए थे. इस दौरान रिजवी ने आक्रामक रुख अपनाया. उन्होंने विप्रज निगम के खिलाफ दो छक्के और अक्षु बाजवा के ओवर में तीन छक्के जड़े. इसके बीच करण चौधरी के खिलाफ लगातार तीन छक्कों के साथ रिजवी ने मैच को एकतरफा कर दिया. उन्होंने केवल 17 गेंदों में 64 रन बनाए, जिसमें नौ छक्के और एक चौका शामिल था. अंत में रिजवी ने पांच ओवर शेष रहते कानपुर को जीत दिला दी।

## एशिया कप के लिए श्रीलंका ने किया स्क्वॉड का ऐलान

### चरिथ असलंका को कप्तानी का जिम्मा

**नई दिल्ली।** क्रिकेट एशिया कप 2025 से पहले श्रीलंका क्रिकेट टीम जिम्बाब्वे दौरे पर 3 मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी, इसके लिए श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को स्क्वॉड का ऐलान किया। चरिथ असलंका की कप्तानी में 17 सदस्यीय टीम में कुशाल परेरा, कुशाल मेंडिस, कमिंडू मेंडिस, महेश दीक्षना शामिल हैं। संभव है कि यही एशिया कप के लिए भी श्रीलंका का स्क्वॉड होगा।

श्रीलंका क्रिकेट टीम एशिया कप के ग्रुप बी में शामिल है। ग्रुप में उनके साथ अफगानिस्तान, बांग्लादेश और हांगकांग की टीम हैं। एशिया कप से पहले श्रीलंका की टीम जिम्बाब्वे दौरे पर 3 मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। इसके बाद शुक्रवार को पहला वनडे खेला जाएगा। दौरे पर श्रीलंका 2 वनडे मैच भी खेलेगी, उसके बाद पहला टी20 3 सितंबर को खेला जाएगा।

श्रीलंका टी20 स्क्वॉड

चरिथ असलंका (कप्तान), पथुम निसांका, कुशाल मेंडिस, कुशल परेरा, नुवानीडु फर्नांडो, कामिन्दु मेंडिस, कामिल मिश्रा, विशेन हलम्बेज, डसून शनका, डुनिथ वेललेज, चामिका करुणारत्ने, महीश तीक्षणा, दुशान हेमंथा, मथीशा पथिराना, नुवान तुषारा, दुश्मंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो। फिलहाल, श्रीलंका एशिया कप में अपना पहला मैच 13 सितंबर को शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा।

## शेयर बाजार मे सेंसेक्स 705 अंक टूटा, निफ्टी 24600 के नीचे



**नई दिल्ली।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ की चिंताओं के बीच प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा, विदेशी पूंजी के लगातार बहिर्गमन से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 6 पैसे बढ़कर 87.63 (अनंतिम) पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 705.97 अंक या 0.87 प्रतिशत गिरकर 80,080.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 773.52 अंक या 0.95 प्रतिशत गिरकर 80,013.02 अंक पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 211.15 अंक या 0.85 प्रतिशत गिरकर 24,500.90 अंक पर बंद हुआ।

**री-अश्योर 3.0:** निवा बूपा ने पेश किया री-अश्योर 3.0, हेल्थ इंश्योरेंस में अनलिमिटेड कवरेज के साथ नया युग शुरू किया। 145 प्री-एग्ज़िस्टिंग बीमारियों को पहले दिन से कवर, साथ ही वेलकंसल्ट+ के जरिए ओपीडी, डायग्नॉस्टिक, मेडिसिन, डेंटल और मेंटल हेल्थ सपोर्ट शामिल। निदेशक डॉ. भबतोष मिश्रा के अनुसार, यह प्रोडक्ट हेल्थ इंश्योरेंस की पारंपरिक सीमाओं को तोड़ता है और स्वास्थ्य सेवाओं में पूर्ण निश्चिंतता प्रदान करता है।

**श्रंखला विस्तार:** अमेज़न ने त्योहारी सीज़न से पहले गोरखपुर में नया सॉर्ट सेंटर लॉन्च कर अपने परिचालन का विस्तार किया। देशभर में 12 नए फुलफिलमेंट सेंटर और 6 नए सॉर्ट सेंटर शुरू, जिससे स्टोरेज क्षमता 8.6 मिलियन क्यूबिक फीट तक बढ़ी। हुगली, तिरुवल्लूर, कृष्णागिरी, विशाखपट्नम और हुबली में पहली बार फुलफिलमेंट सेंटर का संचालन शुरू हुआ। वीपी अभिनव सिंह के अनुसार, इस विस्तार से ग्राहकों को तेज़, सुरक्षित और भरोसेमंद डिलीवरी सुनिश्चित होगी।

**आईपीओ :** एब्रिल पेपर टेक लिमिटेड 29 अगस्त को 13.42 करोड़ रुपये जुटाने के लिए आईपीओ लॉन्च करेगी। एब्रिल पेपर टेक लिमिटेड के गैर-कार्यकारी निदेशक, प्रिंस लाठिया ने कहा, यह आईपीओ हमारी ग्रोथ जर्नी में एक महत्वपूर्ण माईलस्टोन है। आईपीओ कंपनी की क्षमता विस्तार और टेक्नोलॉजी अपग्रेड के लिए है, जिससे डिजिटल प्रिंटिंग और हीट ट्रांसफर पेपर सोल्यूशन्स में उत्पादन बढ़ेगा।

## सोना 300 बढ़कर 101570 प्रति 10 ग्राम पर, चांदी भी उछली



**नई दिल्ली।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व की गवर्नर लिसा कुक को बर्खास्त करने की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के बाद फेड की स्वतंत्रता को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच निवेशकों ने सुरक्षित निवेश के विकल्प के रूप में सोने की ओर रुख किया। इससे राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को पीली धातु का भाव 300 रुपये बढ़कर 1,01,570 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया।

व्यापारियों का कहना है कि कमजोर अमेरिकी डॉलर, फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती की उम्मीद, तथा टैरिफ संबंधी मौजूदा घटनाक्रमों के कारण कीमतों में तेजी आई है। पिछले बाजार सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली यह बहुमूल्य धातु 1,01,270 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना गुरुवार को 200 रुपये बढ़कर 1,01,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। बुधवार को यह 1,00,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। गुरुवार को चांदी की कीमतें 1,20,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर स्थिर रहीं।

**समावेशन विस्तार:** क्रॉम्प्टन ग्रीव्स ने नया सोलारियम ब्लेज़ लॉन्च किया, जिसमें एंटी-स्केल तकनीक, 3 किलोवाट रैपिड हीटिंग और प्रीमियम डिज़ाइन शामिल है। इस उत्पाद का उद्देश्य हार्ड वाटर और मानसून जैसी परिस्थितियों में दीर्घकालीन प्रदर्शन और कुशल हीटिंग सुनिश्चित करना है। मल्हार वाडके, वाइस प्रेसिडेंट - लार्ज डोमेस्टिक अप्लायंसेस ने बताया कि यह आधुनिक भारतीय घरों के लिए टिकाऊ और प्रभावी जल हीटिंग प्रदान करता है।

**आईसीईए:** आईसीईए ने भारत सरकार से एयर कंडीशनर और टेलीविज़न पर जीएसटी 28प्रतिशत से घटाकर 18प्रतिशत करने की मांग की। आईसीईए का कहना है कि इससे घरेलू मांग बढ़ेगी, उत्पाद सुलभ होंगे और भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूत बनाया जा सकेगा।पंकज मोहिंद्रू, चेयरमैन, आईसीईए ने बताया कि एसी और टीवी अब लग्ज़री नहीं, बल्कि आवश्यक टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुएँ हैं।

## भारत पीपीपी में 2038 तक बन सकती है दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली। क्रय शक्ति समता (पीपीपी) में भारत 2038 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। यह जानकारी बुधवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। क्रय शक्ति समता एक आर्थिक सिद्धांत है जो विभिन्न देशों में वस्तुओं और सेवाओं की एक मानक टोकरी की लागत की तुलना करके मुद्राओं के सापेक्ष मूल्य को मापता है। आईएमएफ के अनुमानों पर आधारित ईवाई रिपोर्ट के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था 2030 तक 20.7 ट्रिलियन डॉलर (पीपीपी के संदर्भ में) तक पहुंच सकती है, जो अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान से बेहतर स्थिति है। सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत 2025 में 28.8 वर्ष की औसत आयु और दूसरी सबसे ऊंची बचत दर के साथ सबसे आगे है। सरकार का डेट-टू-जीडीपी अनुपात 2024 के 81.3 प्रतिशत से घटकर 2030 तक 75.8 प्रतिशत होने का अनुमान है।

**पोर्टफोलियो पहल:** केस कंस्ट्रक्शन ने लखनऊ में नई डीलरशिप खोली और सीईवी स्टेज वी उपकरणों की नई श्रृंखला का अनावरण किया। अजय अनेजा, वाणिज्यिक निदेशक, केस कंस्ट्रक्शन ने कहा कि डीलरशिप उद्घाटन के साथ उत्तर प्रदेश में कंपनी की उपस्थिति मजबूत हुई।

**लीगेसी की श्रंखला:** लीगेसी ने लॉन्च किया द बडी पैक180 मिली का कॉम्पैक्ट व्हिस्की पैक हर मौके पर परफेक्ट साथी। श्रीकांत दाश, सीनियर ब्रांड लीड डोमेस्टिक डार्क स्पिरिट्स, बकार्डी इंडिया ने कहा कि यह पैक स्कॉटिश और भारतीय माल्ट्स के मिश्रण से तैयार किया गया है, जो स्मूद और बैलेंस्ड टेस्ट देता है।

**नवीनतम श्रृंखला:** सैमसंग ने न्यूरोलॉजिका के सहयोग से भारत में लॉन्च किया अगली पीढ़ी का मोबाइल सीटी पोर्टफोलियो। नई रेंज में सेरेटॉम एलिट, ओमनीटॉम एलिट, ओमनीटॉम एलिटपीसीडी और बॉडी टॉम0 32/64 शामिल हैं, जो विभिन्न अस्पतालों और डायग्नोस्टिक केंद्रों की जरूरतों के अनुरूप हैं। अतंत्र दास गुप्ता, सैमसंग इंडिया के एचएमई बिजनेस हेड ने कहा, सैमसंग भारत में मोबाइल सीटी समाधानों के साथ चिकित्सा इमेजिंग को और आसान, तेज, और रोगी-केंद्रित बना रहा है।

## विदेशी बाजारों में दाम मजबूत होने से खाद्य तेल की कीमतों में सुधार



**नई दिल्ली।** खाद्यतेलों, खासकर सोयाबीन और सूरजमुखी तेल जैसे सॉफ्ट (नरम) खाद्यतेलों के कम आयात और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव की वजह से आपूर्ति प्रभावित होने से देश के तेल-तिलहन बाजारों में सोयाबीन तेल के साथ बिनौला तेल कीमतों में सुधार देखने को मिला। दूसरी तरफ विदेशों में डी-आयल्ड केक (डीओसी) की मांग कमजोर रहने से सोयाबीन तिलहन में गिरावट रही। सामान्य कारोबार के बीच सरसों, मूंगफली तेल तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल कीमतें पूर्व-स्तर पर बंद हुई।

बाजार सूत्रों ने कहा कि खपत बढ़ने पर पिछले साल की तरह खाद्यतेलों का आयात भी बढ़ना चाहिए था। नवंबर-दिसंबर, 2022 के दौरान 31,11,669 टन (खाद्य एवं अखाद्य) तेलों का आयात हुआ था जो नवंबर-दिसंबर, 2023 में 21 प्रतिशत घटकर 24,72,276 टन रह गया। मूंगफली - 6,665-6,740 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,750 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली रिफाइंड तेल 2,350-2,625 रुपये प्रति टिन। सरसों तेल दादरी- 10,025 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों पक्की घानी- 1,710 - 1,805 रुपये प्रति टिन।

**श्रंखला विस्तार:** एशियन पेंट्स ने लखनऊ में 1 कलरआइडियाज़ स्टोर और 2 कलर क्यूब स्टोर्स लॉन्च किए। उद्घाटन एवीपी आशीष रे ने किया। स्टोरों में प्रीमियम पेंट्स, वॉल टेक्सचर्स और निःशुल्क कलर कंसल्टेंसी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। अभिनेत्री मिनीषा लांबा उपस्थित रहीं।

**नवीनतम पेशकश:** कलर्स सितारों ने गणेश चतुर्थी पर बताया कि दीपिका सिंह मंगल लक्ष्मी कहती हैं कि घर पर बप्पा का स्वागत परिवार के लिए सबसे खास परंपरा है। ईशा सूर्यवंशी मनपसंद की शादी बताती हैं कि गणपति उन्हें शक्ति और मार्गदर्शन देते हैं। सानिका अमित लक्ष्मी का सफर का कहना है कि बप्पा उनके लिए आशा और संबल का प्रतीक हैं। अविका गोर पति पत्नी और पंगा ने घर पर इको-फ्रेंडली मूर्तियों से उत्सव मनाने का अनुभव साझा किया।

**व्यापार विस्तार:** अमेजन फ्रेश का लोकल डिलाइट्स स्टोर भारत के त्योहारों में स्थानीय स्वाद का अनुभव आसान बनाता है। ओणम, गणेश चतुर्थी, नवरात्रि और दिवाली जैसे त्योहारों में पारंपरिक व्यंजनों का आनंद घर बैठे लें। आंध्र के अचार, मुरुक्कू, पंजाबी लस्सी और ताज़ा फिल्टर कॉफी जैसी स्थानीय खुशबुएं अब सीधे आपकी रसोई तक। अमेज़न पे के साथ अतिरिक्त बचत का लाभ उठाएं।

## निवेशकों तक सिर्फ जानकारी नहीं, निष्पक्ष व सही सूचना पहुंचे : सेबी

**नई दिल्ली।** कंपनियों की ओर से स्टॉक एक्सचेंजों किए गए कई खुलासे अधूरे और कुछ कल्पना के लिए छोड़ने वाले होते हैं। राजधानी दिल्ली में एक सम्मेलन के दौरान सेबी के कॉर्पोरेट फाइनेंस डिपार्टमेंट के मुख्य महाप्रबंधक राजेश डांगेटी ने यह टिप्पणी की।

**जानकारी निष्पक्ष और आसान हो**

उन्होंने जोर देकर कहा कि कंपनियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि निवेशकों तक जानकारी न सिर्फ समय पर पहुंचे बल्कि साफ, निष्पक्ष और आसानी से समझ आने वाली हो। डांगेटी ने आश्चर्य व्यक्त किया कि क्या कुछ खुलासों के लिए समय-सीमा को कम करने की गुंजाइश है, जो वर्तमान में तिमाही आधार पर किए जाते हैं।

**समय पर खुलासा करने पर दिया जोर**

डांगेटी ने कहा कि वे श्रोताओं के समक्ष कुछ विचार छोड़ना चाहेंगे, और अब समय आ गया है कि तिमाही आधार पर किए जाने वाले खुलासों की आवृत्ति को कम किया जाए। उन्होंने कहा कि आज, हमारे पास एक डिपॉजिटरी तंत्र है जो अच्छी तरह से काम कर रहा है। हमारे पास ऐसी तकनीक है जिसे सभी कंपनियां उत्तरोत्तर अपना रही हैं। लेकिन अभी भी हम ऐसे चरण में हैं जहां बहुत सारे खुलासे, जिनमें शेयरहोल्डिंग पैटर्न, वित्तीय विवरण शामिल हैं, संभवतः तिमाही आधार पर दिए जा रहे हैं। यह कॉर्पोरेट जगत को सोचना चाहिए। सेबी नियमों के मुताबिक, सूचीबद्ध कंपनियों को समय-समय पर अनिवार्य खुलासे करने होते हैं ताकि खासकर छोटे निवेशकों के हित सुरक्षित रह सकें।

**व्यापार विस्तार:** ऑनफिनिटी टेक्नोलॉजीज ने उत्तर प्रदेश में अपनी मौजूदगी मजबूत करने के लिए डीलर मीट कनेक्ट 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश भर के चैनल पार्टनर्स, वितरकों और डीलरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया मुख्य आकर्षण 100-इंच गूगल क्यूएलईडी का लॉन्च था। संस्थापक मनीष धाम ने कहा कि यह आयोजन नए इनोवेशंस का प्रदर्शन और उत्तर प्रदेश में कंपनी की उपस्थिति मजबूत करने का प्रतीक है।

**समृद्ध पहल :** अयोध्या, बजाज फाइनेंस लिमिटेड ने झुनझुनवाला पीजी कॉलेज परिसर में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में कंपनी के अधिकारी अरुण मिश्रा ने डिजिटल उपयोगकर्ताओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताए। स्थानीय नागरिकों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर वित्तीय सुरक्षा और साइबर सतर्कता के महत्व को समझा।

# जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं समीक्षा समिति की बैठक कर प्रगति के बारे में ली जानकारी




**मिर्जापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने विधायक छानबे रिंकी कोल के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं समीक्षा समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि ऋण हेतु आवेदन करने वाले उद्यमियों को प्रोत्साहित करते हुए ऋण प्रदान करें। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वकांक्षी योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजनान्तर्गत लम्बित आवेदन पत्रो को यथाशीघ्र निस्तारण करना सुनिश्चित करें। प्रबंधक लीड बैंक ने जिलाधिकारी को जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में 22 बैंकों की कुल 206 शाखाओं में से 137 ग्रामीण क्षेत्र, 22 अर्द्धशहरी क्षेत्र एवं 47 शहरी क्षेत्र में है। वाणिज्यिक बैंकों की 131 शाखाएं, ग्रामीण बैंक की 56 शाखाएं, जिला सहकारी बैंक की 16 एवं यूपीएसजीवी की 03 शाखाएं है। जून, 2025 तक कुल जमा रु. 13216.64 करोड़, कुल ऋण रु. 6240.63 करोड एवं समस्त बैंकों का औसत ऋण जमा अनुपात 47.22 प्रशित है। व्यावसायिक बैंकों का औसत ऋण जमा अनुपात 37.44 प्रतिशत है। जनपद के ज्यादातर बैंकों जैसे कैनरा बैंक, सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, इंडियन बैंक, बैंक आफ बड़ौदा, इण्डियन ओवरसीज बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, पंजाब एण्ड सिंध बैंक, यूनियन बैंक आफ इण्डिया, जिला सहकारी बैंक, आर्यावर्त बैंक, कोटेक महिन्द्रा, एवं भारतीय स्टेट बैंक का ऋण जमाअनुपात राज्य औसत 60 प्रतिशत से कम होने पर जिलाधिकारी ने प्रगति बढ़ाने का निर्देश दिया। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रान्तर्गत जनपद का कुल ऋण 63.32 प्रतिशत है। कृषि ऋण 30.40 प्रतिशत है तथा एमएसई, वीकर सेक्सन ऋणों का प्रतिशत क्रमशः 29.63 प्रतिशत तथा 21.89 प्रतिशत है। जनपद का कुल एनपीए 8.23 प्रतिशत है। जिलाधिकारी ने किसान क्रेडिट कार्ड/फसली ऋण वितरण प्रगति के बारे में निर्देशित किया कि लम्बित आवेदन पत्रों दो दिवस में निस्तारण करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री युवा स्वारोजगार योजना में संयुक्त आयुक्त उद्योग ने जानकारी देते हुए बताया कि इंडियन बैंक के आवेदन पत्र लम्बित, स्टेट बैंक आफ इंडिया के 09 आवेदन पत्र, बैंक आफबड़ौदा के 06 आवेदन पत्र लम्बित हैं, जिलाधिकारी ने बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने शाखाओं से वार्ता कर सभी लम्बित आवेदनो को नियमानुसार निस्तारण कराएं। ओ0डी0ओ0पी0 योजना में बताया गया कि इंडियन बैंक के 12 आवेदन पत्र, बैंक आफ बड़ौदा के 08 आवेदन, पंजाब एण्ड सिंध बैंक 04 आवेदन पत्र लम्बित होने पर निर्देशित आवेदन पत्रों की जांच करते हुए यथाशीघ्र निस्तारण करें। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में निर्देशित करते हुए कहा कि सभी बैंकर्स 15 दिवस के लम्बित आवेदन पत्रों को नियमानुसार शत प्रतिशत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना में लम्बित आवेदन पत्रो को 15 दिवस के अन्दर के निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह कम से कम तीन आवेदनों को सभी बैंकर्स स्वीकृत करें। बैठक में जिला अध्यक्ष अपना दल एस इंजीनियर राम लौटन बिन्द, आर0बी0आई0 के प्रतिनिधि, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 धर्मजीत सिंह, उपायुक्त एन0आर0एल0एम0, संयुक्त आयुक्त उद्योग विरेन्द्र कुमार, प्रबंधक लीड बैंक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# एडीएम व एएसपी की मौजूदगी में बारावफात जुलूस व गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर दोनों पक्षों में बनी आपसी सहमति



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमंडगंज बाजार में गणेश प्रतिमा विसर्जन व बारावफात जूलूस के एक ही दिन होने पर रास्ते को लेकर उठे विवाद को एडीएम वित्त व राजस्व अजय कुमार सिंह एडीशनल एसपी ओपी सिंह ज्वांइट मजिस्ट्रेट एसडीएम लालगंज महेंद्र सिंह सीओ अशोक सिंह ने ड्रमंडगंज थाने पर दोनों पक्षों के साथ बैठक कर मामले को सुलझा दिया। दोनों पक्षों में आपसी सहमति बनने के बाद एडीएम व एडीशनल एसपी ने बारावफात जूलूस और गणेश प्रतिमा विसर्जन का समय निर्धारित किया। जिसमें बारावफात का जूलूस सुबह नौ बजे निर्धारित किया गया गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए शाम पांच बजे समय निर्धारित किया गया।बीते मंगलवार को रास्ते को लेकर उठे विवाद को सुलझाने के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में पीस कमेटी बैठक आयोजित की गई थी जिसमें तीन घंटे तक हुई बैठक में मामले का समाधान नही हो पाया था।अधिकारियों ने गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष विकास केशरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपुल सिंह, ग्राम प्रधान देवहट कौशलेंद्र गुप्ता महोगढ़ी सुरेश केशरी व आरएसएस के खंड कार्यवाह तारकेश्वर केशरी और मुस्लिम पक्ष से पूर्व जिला पंचायत सदस्य सेराज अहमद, मिस्टर अंसारी, नियाज खां, मुस्तफा अंसारी, अशलम अंसारी के साथ बैठककर सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की बात कही। बैठक के बाद एडीएम, एडीशनल एसपी, एसडीएम व सीओ ने दोनों पक्षों के साथ गणेश पूजा पंडाल और जूलूस मार्ग का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सेवटी नदी के दुर्गा घाट का निरीक्षण कर थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज ब्रह्मदीन पांडेय को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान भाजपा नेता धीरज केशरी, पिंटू केशरी, सोनू सिंह, मार्तण्ड सिंह, दिलीप सिंह पटेल, इंदू पटेल, विवेक मिश्र आदि मौजूद रहे।

# आध्यात्मिक स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**चुनार (मिर्जापुर)।** लोवर लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा में 'मेरा भारत नशा मुक्त भारत' अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत बृहस्पतिवार को आध्यात्मिक स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद के चुनार जिला के अध्यक्ष दिनेश प्रकाश सिंह, ई0 राजबहादुर सिंह, मेजर कृपाशंकर सिंह पटेल ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में नन्हें बच्चों द्वारा भजन, नशा मुक्ति गीत प्रस्तुत करने के साथ ही नशा मुक्ति पर मनमोहक नाटक के माध्यम से लोगों को नशा से दूर रहने का संदेश दिया । इस दौरान सीखड़ से दंडी स्वामी,सुरेंद्र सिंह,आलोक श्रीवास्तव,आलोक सिंह किला जोन अध्यक्ष अपनादल, अनील गुप्ता, योगी रामध्यान आर्य, सरदार चतरपाल सिंह, संजय साहू, अफसर अली, अशोक कुमार सिंह, आदित्य पदयात्री, पंकज भाई, बीके बीनू, बीके तारा, जगदीश भाई, यासीन राइन इत्यादि मौजूद रहे।

# आशा संगिनियों के साथ प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बैठक कर दिया आवश्यक निर्देश




**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में गुरुवार को प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत आशा संगिनीयों के साथ बैठक किया जिसमें प्रत्येक माह का एजेंडा एवं समस्त कार्य हेतु बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया है। गर्भावस्था के दौरान शीघ्र पंजीकरण एवं चार बार जांच साथ ही नियमित टीकाकरण एवं आभा आई डी बनाने हेतु बताया गया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की आशा संगिनियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है।

इस दौरान ब्लॉक समन्यवक यूनिसेफ़ अंकित शुक्ला, सीएम फेलो गौरव सिंह, बीसीएम अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# बीडीओ ने पशु आश्रय स्थल पर व्यवस्था सुदृढ़ रखने के लिए ग्राम पंचायत सचिवों को जारी किया पत्र

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** खंड विकास अधिकारी हलिया विजय शंकर त्रिपाठी ने विकास खंड के समस्त ग्राम पंचायत सचिवों को पत्र जारी कर ग्राम पंचायतों में संचालित पशु आश्रय स्थल शासन कि सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल गौ संरक्षण स्थाई अस्थाई निराश्रित गोवंस संरक्षण केंदो के माध्यम से गौ संरक्षण किया जा रहा है जिसकी जिम्मेदारी संबंधित ग्राम पंचायत कि है लेकिन उच्च अधिकारियो के भ्रमण में संज्ञानता हुआ है की आश्रय स्थलों की व्यवस्था संतोष जनक नहीं है गोवंस अत्यंत कमजोर है एवं साफसफाई पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

दुर्बल एवं बीमार गोवंसो को मजबूत गोवंस के साथ ही रखा जा रहा है जिससे दुर्बल एवं बीमार गोवंस चोटिल हो रहे है इसके साथ ही गोवंशो को हरा चारा आदि नहीं दिया जा रहा है। सचिवों को निर्देशित किया है की अपनी संबंधित पशु आश्रय स्थल का नियमित रूप से भ्रमण सप्ताह में कम से कम चार बार करेंगे जिससे पशु आश्रय स्थल की व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहेगी इसमें लापरवाही बरतने वाले सचिवों के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा।

# बाढ़ से अस्पताल कर्मियों को करना पड़ा पलायन



**चुनार (मिर्जापुर)।** क्षेत्र में दुबारा आई गंगा बाढ़ से जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मगरहा के कर्मचारियों को पलायन करना पड़ा। अस्पताल के चारों तरफ बाढ़ का पानी घिर गया। यहां से दवा,अभिलेख, और जांच मशीनरी, फ्रिज, जनरेटर, कुर्सी, टेबल आदि सामान लेकर मगरहा चौराहे पर स्थित बाढ़ राहत केंद्र पर पहुंचाया गया। अभी पहले आई बाढ़ को हटने के बाद दो दिन पूर्व ही सारे सामान के साथ अस्पताल में शिफ्ट किया गया। जिसे पुनः लेकर अस्पताल को खाली करना पड़ गया।वही नरोत्तम सिंह पदम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पानी भर गया। जिससे कालेज में आए छात्र छात्राओं को घर लौट जाने के लिए कहा गया। वहीं सीखड़ से रामगढ़ कलां गांव जाने वाले मार्ग पर तीन, चार फिट पानी भरने से अवागमन बंद हो गया। रामगढ़ जाने वाले ग्रामीणों को 5 किलोमीटर दूरी के जगह अब दस किलो मीटर दूरी तय करना पड़ रहा है। वहीं धन्नुपुर, पसियाही, टकटकपुर आदि गांव जाने वाले मार्ग पर पानी भरने से आवागमन प्रभावित हुआ है। बाढ़ से सोनवर्षा, फुलहा, पसियाही, धन्नुपुर, धनैता, मझरा, प्रेमापुर, छितकपुर, हासीपुर, पचराव, बटौवा, रामगढ़, खैरा, टकटकपुर आदि गांव प्रभावित हुआ है।

# एपेक्स ट्रस्ट हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन



**चुनार (मिर्जापुर)।** एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित एपेक्स ट्रस्ट हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक, चुनार द्वारा एपेक्स ट्रस्टी एवं वरिष्ठ स्पाइन सर्जन डॉ एस के सिंह के नेतृत्व मे चुनार क्षेत्र के ग्राम पंचायत भौरही मे निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र परिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बीएमडी हड्डी की जांच, बीपी, वज़न, शुगर, दांतों एवं आखों की जाँच कर स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा सिंह, ज न र ल मेडिसन विशेषज्ञ डॉ. अंकुश प्रकाश, ईएनटी रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित ओझा, फिजिओ रिहैब डॉ. अरुण ने बुजुर्गों, पुरुष, महिलाओं एवं बच्चों को उचित परामर्श देते हुए आयुर्वेद, फार्मेसी, पैरामेडिकल एवं नर्सिंग शिक्षण संस्थानों के सहयोग से किया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर मे 70 मरीजों हुए लाभान्वित एपेक्स के चेयरमैन प्रो. डॉ. एस.के. सिंह ने कहा कि इस प्रकार के शिविर से न केवल स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलता है बल्कि छात्रों को भी व्यावहारिक अनुभव और जनसेवा का अवसर मिलता है। शिविर का संयोजन ऐपेक्स के प्रबंधक नवीन सिंह एवं संचालन पीआरओ देवेन्द्र, ऑपटोमेट्रिस्ट करन, नर्सिंग ओमप्रिया, इंद्रावती, पूजा सोनी के सहयोग से किया गया।

# चोरों ने लाखों के आभूषण और नगदी पर फेरा हाथ

**मड़िहान (मिर्जापुर)।** स्थानीय क्षेत्र के पचोखरा गांव मेंचोरों नेएक रिटायर्ड सचिव के घर में घुसकर लाखों रुपये के जेवरात और नगदी चुरा ली। सोते समय परिवार के कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया गया था। जब परिवार के सदस्य जागे तो देखा कि हाथ साफकर दिया गया है।

## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, विकास खण्ड जामों, जनपद-अमेठी

पत्रांक– बी.ई.ओ./586–591 /2025–26 दिनांक 25.08.2025

कार्यालय ज्ञाप

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अमेठी के पत्रांक–समग्र शिक्षा/निर्माण/1312/2025–26 दिनांक 21.08.2025 के क्रम में निम्नलिखित परिषदीय विद्यालय के परिसर में जीर्ण–शीर्ण भवनों का ध्वस्तीकरण किये जाने का निर्देश प्राप्त है। इन भवनों की नीलामी दिनांक 04.09.2025 को बी.आर.सी. जामों पर समिति के द्वारा किया जाना है।

| क्र0 | ग्राम पंचायत | विद्यालय | मुख्य भवन/ए.सी.आर./किचन | मूल्यांकन राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कटारी | प्रा.वि. दतनपुर | मुख्य भवन | 82788.00 |
| 2.. | कटारी | प्रा.वि. दतनपुर | 1 ए.सी.आर. | 16632.00 |
| 3. | नदियावां | प्रा.वि. नन्दमहर | 1 ए.सी.आर. | 25787.00 |
| 4. | घाटमपुर | प्रा.वि. भवनशाहपुर | मुख्य भवन | 15323.00 |
| 5. | बरेहटी | प्रा.वि. बरेहटी | मुख्य भवन | 19683.00 |
| 6. | भीखीपुर | प्रा.वि. भीखीपुर | 1 ए.सी.आर. | 7738.00 |
| 7. | नदियावां | उ.प्रा.वि. नन्दमहर | मुख्य भवन | 35467.00 |
| 8. | कपासी | प्रा.वि. कपासी | मुख्य भवन | 25182.00 |
| 9. | जामों | उ.प्रा.वि. जामों | मुख्य भवन | 42957.00 |
| 10. | गौरा | प्रा.वि. दुबे का पुरवा | मुख्य भवन | 32216.00 |
| 11. | सूखी बाजगढ़ | प्रा.वि. हसरमपुर | मुख्य भवन | 34028.00 |
| 12. | भवानीगढ़ | क.वि. भवानीगढ़ | मुख्य भवन | 54957.00 |
| 13. | लोरिकपुर | प्रा.वि. दलीलपुर | मुख्य भवन | 36940.00 |
| 14. | ऐंधी | प्रा.वि. ऐंधी | मुख्य भवन | 39019.00 |
| 15. | कटारी | प्रा.वि. कटारी 1 | मुख्य भवन | 40102.00 |
| 16. | सिरखिरी | प्रा.वि. सिरखिरी 2 | मुख्य भवन | 40102.00 |
| 17. | सरमें | क.वि. सरमें | मुख्य भवन | 41215.00 |
| 18. | मयास | प्रा.वि. अलीपुर मयास | मुख्य भवन | 42358.00 |
| 19. | चिटहुला | प्रा.वि. डेबरा | 2 ए.सी.आर. | 29852.00 |
| 20. | गौतमपुर | प्रा.वि. मझगवां मछरिया | 1 ए.सी.आर. | 16203.00 |
| 21. | गौरा | प्रा.वि. गौरा | मुख्य भवन | 49918.00 |
| 22. | मूंधी | प्रा.वि. मूंधी | मुख्य भवन | 49918.00 |
| 23. | बघैया कमालपुर | प्रा.वि. कमालपुर | मुख्य भवन | 35180.00 |
| 24. | डीघा गोपालपुर | प्रा.वि. गोपालपुर डीघा | मुख्य भवन | 51304.00 |
| 25. | डीघा गोपालपुर | क.वि. दुलापुर | मुख्य भवन | 57147.00 |
| 26. | अचलपुर | प्रा.वि. पूरे गनेशदेई | 2 ए.सी.आर. | 45007.00 |
| 27. | गौतमपुर | प्रा.वि. जगेसरगंज | 1 ए.सी.आर. | 22503.00 |
| 28. | चिटहुला | प्रा.वि. चिटहुला | 1 ए.सी.आर. | 23128.00 |
| 29. | गौतमपुर | प्रा.वि. गौतमपुर | 1 ए.सी.आर. | 23128.00 |
| 30 | रामपुर नौरंगाबाद | उ.प्रा.वि. लाल नौरंगाबाद | मुख्य भवन | 108944.00 |
| 31. | नीमी | क.वि. नीमी | 1 ए.सी.आर. | 22503.00 |
| 32. | कल्यानपुर | प्रा.वि. कल्यानपुर | 1 ए.सी.आर. | 21305.00 |
| 33. | अलीपुर | प्रा.वि. पूरे बाबू अलीपुर | 2 ए.सी.आर. | 45007.00 |
| 34. | वर्रा | प्रा.वि. वर्रा | 2 ए.सी.आर. | 45007.00 |
| 35. | परसरामपुर | प्रा.वि. परसरामपुर | 1 ए.सी.आर. | 22503.00 |
| 36. | घोसियान | प्रा.वि. घोसियान | 2 ए.सी.आर. | 45007.00 |

इच्छुक फर्म/व्यक्ति जिस भवन के मलवे की नीलामी चाहता है, के मूल्यांकित धनराशि के 10 प्रतिशत बैंक ड्राफ्ट संबंधित विद्यालय के प्रबन्ध समिति के नाम बनवाकर दिनांक 02.09.2025 तक बी.आर.सी. जामों पर जमा कर दें। जिन भवनों की नीलामी शेष रह जायेगी उनकी नीलामी दिनांक 08.09.2025 व 12.09.2025 को बी.आर.सी. जामों पर की जायेगी।

विद्यालय के प्र.अ./प्रभारी प्र.अ. को निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 28.08.2025 तक उक्त विद्यालय के जर्जर भवनों की नीलामी हेतु संबंधित ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान की गरिमामयी उपस्थिति में एस.एम.सी. की बैठक बुलाकर व्यापक प्रचार–प्रसार करना सुनिश्चित करें।

**खण्ड शिक्षा अधिकारी जामों, अमेठी**

## कार्यालय-अधीक्षक राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, चक गंजरिया स्थित निबलेट बाराबंकी।

संख्या–225 /अधी0गंज0कलिंग पत्रा0/ दिनांक–21–08–2025

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र चक गंजरिया, स्थित निबलेट बाराबंकी जहाँगीराबाद रोड़ पर प्रक्षेत्र के लिये अनुपयोगी कल्ड 72 सप्ताह से अधिक आयु के कैरी देवेन्द्रा पैरेन्ट नर 105 मादा 744 एवं चाबरो पैरेन्ट नर 107 मादा 692 की नीलामी की जानी है, नीलामी खुली बोली व टेण्डर द्वारा प्रक्षेत्र कार्यालय पर मण्डलीय क्रय–विक्रय समिति के समक्ष दिनांक 04–09–2025 को समय अपरान्ह 01.30 बजे की जायेगी। नीलामी से सम्बन्धित विस्तृत शर्तो का विवरण किसी भी कार्य दिवस में प्रक्षेत्र से ज्ञात किया जा सकता है, और पक्षियों को देखा जा सकता है। पक्षियों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।

(डा0 राकेश कुमार)
अधीक्षक

उ0प्र0 237218 दिनांक- 27.08.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता शारदा सहायक खण्ड-6, रायबरेली।

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या: 09/अधि0अभि0/शा0स0ख0–6/2025–26**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 लखनऊ की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु मोहरबन्द निविदायें वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से दिनांक 13.09.2025 का अपरान्ह 17.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 15.09.2025 को अपरान्ह 14.00 बजे अधिशासी अभियन्ता, शारदा सहायक खण्ड़–6, रायबरेली के कक्ष में नामित समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 30.08.2025 से 13.09.2025 को 17.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में अधिशासी अभियन्ता शारदा सहायक खण्ड–6, रायबरेली के कार्यालय से पंजीकृत ठेकेदार/फर्म या उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निम्नलिखित अनिवार्य शर्तो को पूर्ण करते हुए प्राप्त की जा सकती है। अवकाश होने की दशा में यह निविदा अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी। अवकाश होने की दशा में यह निविदा अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी। अपरिहार्य परिस्थितियों में किसी भी समय टेण्डर निरस्त/स्थगित करने का पूर्ण अधिकार अधिशासी अभियन्ता, शारदा सहायक खण्ड–6, रायबरेली के पास होगा।

| क0 सं0 | कार्य का विवरण | यूनिट | मात्रा | धरोहर धनराशि (रूपये में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Dismantling and shifting of old Reflex valve and other associated equipment (From pump No. 01 to 10 ) from pump house to storage facility with assurance of safety and minimal risk of damage to both personnel and equipment. The work includes dismantling, handling, loading, unloading of all equipment. Cost of all required materials, labour and all necessary T&P will be under the scope of contractor. | JOB | 10 | 6000.00 | 03 माह | रू0 677.00 | 'बी' श्रेणी के पंजीकृत मैकेनिकल फर्म/ठेकेदार |

नोट– निविदा सूचना एवं शर्ते सिचाई एव जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश की वेबसाइट (http//idup.gov.in) पर एवं सूचना वेबसाइट (http//upgov.up.nic.in) पर भी उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
शारदा सहायक खण्ड–6, रायबरेली।

उ0प्र0 237208 दिनांक- 27.08.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

# गणपति बप्पा मोरया

## सितारों ने मनाई गणेश चतुर्थी









**मुंबई।** बहुप्रतीक्षित त्योहारों का मौसम आ गया है और बुधवार को मुंबईकर गणेश चतुर्थी की धूम में डूब गए । विनायक चतुर्थी के नाम से भी जाना जाने वाला यह 10 दिवसीय त्योहार, भगवान गणेश के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में, भारतीयों द्वारा अपार हर्ष और भक्ति के साथ मनाया जाता है। इस उत्सव में शामिल होते हुए, बॉलीवुड हस्तियों ने भी सोशल मीडिया पर अपने गणेश चतुर्थी उत्सव की झलकियाँ साझा कीं।

**सलमान खान :** सलमान खान ने सोशल मीडिया हैंडल पर अपने घर से एक खास वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में सलमान खान गणेश चतुर्थी का त्योहार अपने पूरे परिवार के साथ मनाते नजर आ रहे हैं।

**सोनाली बेंद्रे :** सोनाली बेंद्रे हर वर्ष गणेश चतुर्थी बहुत ही धूमधाम से मनाती हैं और अपने घर में गणापति बप्पा की मूर्ति स्थापित करती हैं।

**अनन्या पांडे :** सिनेमाई दुनिया की युवा अभिनेत्री अनन्या पांडे भी भगवान श्री गणेश की परम भक्त हैं। एक्ट्रेस भी अपने घर पर बप्पा को स्थापित करती हैं और उनकी सेवा करती हैं।

**सारा अली खान :** सारा अली खान को उनके धार्मिक और सांस्कृतिक जुड़ाव के लिए जाना जाता है। गणपति बप्पा पर भक्तिभाव प्रदर्शित करती हैं।

**माधुरी दीक्षित :** बॉलीवुड की धक-धक गर्ल नाम से मशहूर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित अपनी परंपराओं की वजह से पहचानी जाती हैं। एक्ट्रेस भी अपने घर पर हर साल भगवान श्री गणेश की मूर्ति स्थापित करती हैं, और सोशल मीडिया पर शेयर भी करती हैं।

**मोनालिसा :** भोजपुरी अभिनेत्री मोनालिसा व उनके पति विक्रांत सिंह राजपूत ने अपने घर बप्पा बिठाए हैं।

खेसारी ने की सबके मंगल की कामना

**खेसरी :** भोजपुरी अभिनेता खेसारी लाल यादव ने भी गणेश चतुर्थी पर पोस्ट शेयर किया है।







**हेमा मालिनी :** अभिनेत्री राज्यसभा सांसद हेमा मालिनी ने गणेशोत्सव के अवसर पर मुंबई से नम्रता शुक्ला को बताया कि उन्होंने कहा कि गणपति बप्पा हम कलाकारों के लिए ईश्वर हैं, जो हमें शक्ति, प्रेरणा और आत्मविश्वास प्रदान करते हैं। हेमा मालिनी ने बताया कि बप्पा की कृपा ही कलाकारों को मंच और पर्दे पर उत्कृष्टता के साथ प्रदर्शन करने की प्रेरणा देती है। हेमा मालिनी ने कहा कलाकारों की जिंदगी उतार-चढ़ाव से भरी होती है। ऐसे में बप्पा की कृपा और आशीर्वाद ही हमें कठिन समय में आगे बढ़ने की शक्ति देते हैं। हेमा हर साल गणेशोत्सव बड़े श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाती हैं। इस बार भी उन्होंने अपने घर पर गणपति बप्पा की स्थापना की और परिवार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा बप्पा की कृपा के बिना हमारी कला का कोई अर्थ नहीं है। वे हमारी प्रेरणा हैं, हमारी शक्ति हैं।



**गोविंदा :** आमची मुबई के बॉलीवुड सुपरस्टार और अपने हास्य-अदाकारी से करोड़ों दिलों पर राज करने वाले गोविंदा हाल ही में एक गंभीर हादसे से बाल-बाल बच गए। बताया जा रहा है कि उन्हें गोली लगने का खतरा था, लेकिन ईश्वर की कृपा और आशीर्वाद से वह पूरी तरह सुरक्षित हैं। नम्रता शुक्ला ने बताया कि यह घटना उनके लिए एक नया जीवन लेकर आई है। गोविंदा ने खुद इसे एक चमत्कार बताया और कहा यह सिर्फ मां पीथा और गणपति बप्पा का आशीर्वाद है कि मैं आज आपके सामने खड़ा हूं। जब तक उनका हाथ मेरे सिर पर है, कोई भी अनहोनी मुझे छू भी नहीं सकती। इस खबर के सामने आने के बाद पूरी फिल्म इंडस्ट्री और उनके चाहने वालों ने राहत की सांस ली। कई दिग्गज कलाकारों ने इसे ईश्वर का वरदान बताया और गोविंदा के लिए दुआएँ मांगीं। उनके लाखों प्रशंसक ट्वीट और पोस्ट कर लिख रहे हैं कि गोविंदा का जीवन बप्पा का आशीर्वाद है और उन्हें लंबी उम्र मिले।

## मोदी का अहम जापान दौरा आज से



**टोक्यो।** जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज ने कहा है कि क्वाड एक महत्वपूर्ण मंच है और प्रधानमंत्री मोदी के जापान दौरे पर क्वाड को लेकर बातचीत हो सकती है। गौरतलब है

### कई अहम समझौतों पर होंगे हस्ताक्षर

### अमेरिकी धौंस पर क्वाड के दोनों सदस्य भी कर सकते हैं चर्चा

कि भारत और अमेरिका के बीच इन दिनों टैरिफ को लेकर तनाव बना हुआ है। भारत और जापान के साथ ही अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया भी क्वाड के सदस्य हैं। यही वजह है कि क्वाड को लेकर सवाल उठ रहे हैं। भारतीय राजदूत सिबी जॉर्ज ने टोक्यो में बताया कि क्वाड एक महत्वपूर्ण मंच है और यह समान सोच वाले देशों का महत्वपूर्ण संगठन है, जो हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में समृद्धि, शांति और स्थिरता के लिए साथ आए हैं। इसलिए जब क्वाड के दो अहम सदस्य देशों के प्रमुखों की मुलाकात होगी तो उसमें बेशक क्वाड और वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति पर चर्चा हो सकती है। प्रधानमंत्री मोदी 29-30 अगस्त 2025 को जापान दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री टोक्यो में भारत-जापान के 15वें वार्षिक सम्मेलन में जापानी पीएम शिगेरु इशिबा के साथ शिरकत करेंगे। भारतीय राजदूत ने कहा कि पीएम मोदी के जापान दौरे पर कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर होंगे। सिबी जॉर्ज ने कहा प्रधानमंत्री का ये दौरा दोनों देशों के रिश्तों को अगले 10 वर्षों के लिए नई दिशा देगा।

# आव्रजन एवं वीजा नियमों को और सख्त करेगा अमेरिका

### विदेशी छात्रों और मीडियाकर्मियों के रहने की अवधि होगी सीमित



**वाशिंगटन।** ट्रंप प्रशासन लगातार वीजा नियमों को सख्त कर रहा है। अब सामने आया है कि प्रशासन अमेरिका में विदेशी छात्रों और मीडियाकर्मियों के लिए वीजा की अवधि सीमित करने की योजना बना रहा है। उसके इस कदम का उद्देश्य अवैध आव्रजन और वीजा दुरुपयोग पर नकेल कसना है। होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने इस बाबत बयान भी जारी कर दिया है। बयान में कहा गया है कि जब प्रस्तावित नियमों को अंतिम रूप दे दिया जाएगा तो कई वीजा धारकों के के अमेरिका में रहने की अवधि को सीमित हो जाएगी। ऐसे वीजा धारकों, जिन पर यह नियम लागू होगा उनमें विदेशी छात्र भी शामिल हैं। गौरतलब है कि ट्रंप द्वारा प्रस्तावित नियम के तहत, संघीय सरकार विदेशी छात्रों और विनिमय प्रवासी के लिए अधिकृत प्रवेश और विस्तार अवधि निर्धारित करेगी। यह अवधि उनके द्वारा नामांकित शिक्षण कार्यक्रम की अवधि तक होगी, यह अवधि चार साल से अधिक नहीं होगी। वहीं, विदेशी मीडिया कर्मी (जो आई वीजा धारक हैं) के लिए ये नियम शुरुआती अवधि 240 दिनों तक निर्धारित करेगा। यह वीजा पांच साल के लिए जारी किया जाता है और कई बार इसकी अवधि बढ़ाई जा सकती है। डीएचएस के प्रवक्ता ने इस बारे में बताया कि पिछले प्रशासनों ने लंबे समय से विदेशी छात्रों और अन्य वीजा धारकों को लगभग अनिश्चित काल तक अमेरिका में रहने की अनुमति दी है, जिससे सुरक्षा जोखिम पैदा होता हो गया है। इससे अमेरिकी करदाताओं के पैसों की भारी बर्बादी होती है और अमेरिकी नागरिकों को नुकसान होता है। ऐसे में नए प्रस्तावित नियम कुछ वीजा धारकों के अमेरिका में रहने की अवधि को सीमित करके इस दुरुपयोग को हमेशा के लिए समाप्त कर देंगे।

## क्रिश्चियन मिशेल को ब्रिटेन वापस लाने की मांग

**लंदन।** ब्रिटिश नागरिक और बहुचर्चित अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर खरीद घोटाले के आरोपी क्रिश्चियन मिशेल जेम्स के परिजनों

### भारत में हेलिकॉप्टर खरीद घोटाले का आरोपी है मिशेल

ने ब्रिटेन की विदेश मंत्री कैथरीन वेस्ट से मुलाकात की। उन्होंने विदेश मंत्री से मिशेल को ब्रिटेन वापस लाने की अपील की। जेम्स 3600 करोड़ के घोटाले के आरोप में सात साल से तिहाड़ जेल में बंद है। विदेश, राष्ट्रमंडल एवं विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने कहा कि विदेश मंत्री ने जेम्स के परिवार की चिंताओं को सुना। साथ ही यूके सरकार की कार्रवाई के बारे में बताया। एफसीडीओ के प्रवक्ता ने कहा कि ब्रिटेन सरकार क्रिश्चियन मिशेल के मामले को जल्द से जल्द सुलझाने के लिए काम कर रही है। हम मिशेल और उनके परिवार को लगातार कांसुलर सहायता प्रदान कर रहे हैं और लगातार भारत सरकार के समक्ष उनका मामला उठा रहे हैं। विदेश कार्यालय ने बताया कि दिल्ली स्थित ब्रिटिश उच्चायोग के कर्मचारी लगातार से हिरासत में लिए गए मिशेल से मिलते रहते हैं। कर्मचारियों ने मिशेल से 14 अगस्त को भी मुलाकात की थी। वहीं ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने पिछले महीने भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर के लिए ब्रिटेन यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष भी यह मामला उठाया था। आरोपी के बेटे एलोइस मिशेल ने कहा कि भारतीय अदालत ने हाल ही में मेरे पिता की जेल से रिहाई की अपील को खारिज कर दिया है। जबकि जिस आरोप के लिए उन्हें भारत प्रत्यर्पित किया गया था, उसके लिए उन्होंने अधिकतम सात साल की सजा काट ली है।

## 'गाजा में अकाल मानव निर्मित संकट'



**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राज्य अमेरिका को छोड़कर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के सभी सदस्यों ने कहा है कि गाजा में अकाल मानव निर्मित संकट है। परिषद ने चेतावनी

### यूएनएससी सदस्यों ने किया बिना शर्त स्थायी युद्धविराम का आह्वान

दी कि युद्ध के हथियार के रूप में भुखमरी का इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत प्रतिबंधित है। परिषद के 14 सदस्यों ने संयुक्त बयान में तत्काल बिना शर्त और स्थायी युद्धविराम, हमास और अन्य समूहों की ओर से बंधक बनाए गए सभी लोगों की रिहाई, गाजा में सहायता में पर्याप्त वृद्धि और इजरायल से सहायता वितरण पर सभी प्रतिबंधों को तुरंत और बिना शर्त हटाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, गाजा में अकाल को तुरंत रोका जाना चाहिए। समय की कमी है। मानवीय आपात स्थिति का बिना किसी देरी के समाधान किया जाना चाहिए और इजरायल को अपना रुख बदलना होगा। एक वैश्विक भूख निगरानीकर्ता ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को कहा कि गाजा शहर और उसके आसपास के इलाके अब आधिकारिक तौर पर अकाल से जूझ रहे हैं। यह आगे और भी फैल सकता है। एकीकृत खाद्य सुरक्षा चरण वर्गीकरण प्रणाली के अनुसार, 5,14,000 लोग (यानी गाजा की कुल आबादी का लगभग चौथाई हिस्सा) अकाल की चपेट में हैं। सितंबर के अंत तक यह संख्या बढ़कर 6,41,000 लोगों तक पहुंच सकती है।

## डेमोक्रेट्स ने भी टैरिफ को बताया मनमाना

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी संसद की विदेश मामलों की समिति में शामिल डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना

### कहा ट्रंप ने भारत पर बेवजह साधा निशाना

की है कि उन्होंने रूस से तेल खरीदने के मामले में केवल भारत पर टैरिफ लगाए हैं, जबकि चीन और अन्य देशों को छूट दी गई है, जो ज्यादा मात्रा में तेल खरीद रहे हैं। समिति ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ट्रंप का केवल टैरिफ से केवल भारत को निशाना बनाना अमेरिकियों को नुकसान पहुंचा रहा है और अमेरिका-भारत संबंधों को कमजोर कर रहा है। समिति ने ट्रंप प्रशासन के इरादे पर सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसा लग रहा है, जैसे इस मुद्दे के यूक्रेन से कोई लेना-देना नहीं है। एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए समिति ने कहा, अगर ट्रंप प्रशासन ने रूस से तेल खरीदने वाले किसी भी देश के खिलाफ सेकंडरी टैरिफ लागू करने की बात की होती तो बात अलग होती। लेकिन केवल भारत को निशाना बनाने से सबसे उलझन वाली नीति सामने आई है। चीन रूस का सबसे बड़ा तेल आयातक है और अभी भी रियायती दामों पर तेल खरीद रहा है और उसे अभी तक ऐसी कोई सजा नहीं मिली है।

## रिपोर्ट : पांच दशकों का सबसे विनाशकारी मानसून



**नई दिल्ली।** दक्षिण एशिया इस साल के मानसून सत्र में बाढ़-भूस्खलन से कराह रहा है। भारत, चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश में अब तक 2,500 से ज्यादा लोगों की मौत, एक करोड़

### द. एशिया में 2500 से ज्यादा मौतें

### दो करोड़ लोग विस्थापित

95 लाख से ज्यादा लोग विस्थापित और लगभग 100 अरब डॉलर की संपत्ति का नुकसान हो चुका है। पिछले 50 साल का यह सबसे विनाशकारी मानसून माना जा रहा है। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय में सामने आई है। ये आंकड़े भारत, चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की रिपोर्टों से मिले हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक मानसूनी सत्र में हुई तबाही पिछले पांच दशकों में सबसे विनाशकारी मानी जा रही है। हालांकि 1970 में बांग्लादेश की चक्रवाती तबाही और 2010 में पाकिस्तान की बाढ़ में भी लाखों लोग प्रभावित हुए थे, पर इस बार एक साथ चार देशों में बड़े पैमाने पर मानवीय संकट गहराया है। वर्तमान मानसून में भारत और बांग्लादेश के शहरी क्षेत्रों को सर्वाधिक नुकसान हुआ है। भारत, पाकिस्तान, चीन, बांग्लादेश के मौसम विभागों की ताजा रिपोर्टों के अनुसार सितंबर के मध्य तक मानसून सक्रिय रहेगा और अगले दो से तीन हफ्तों में भीषण बारिश से हालात और बिगड़ेंगे। भारत में उत्तराखंड, बिहार, असम, हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश भूस्खलन की चेतावनी है, तटीय राज्यों केरल, कर्नाटक और महाराष्ट्र में अतिवृष्टि से स्थिति और बिगड़ेगी।

## रूस को भारत ने दिया निवेश का न्योता

**मॉस्को।** भारत सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र और बाजार में निवेश को लेकर बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत भारत ने रूसी कंपनियों को अपने अंतरिक्ष क्षेत्र में निवेश करने और देश के विशाल बाजार का लाभ उठाने का न्योता दिया है। मास्को स्थित भारतीय राजदूत विनय कुमार ने यह बात भारतीय दूतावास में आयोजित दूसरे राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के मौके पर कही। इस दौरान उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने अंतरिक्ष उद्योग में अनुकूल माहौल बनाने के लिए कई आकर्षक योजनाएं शुरू की हैं। यह कार्यक्रम चंद्रयान-3 मिशन के तहत चंद्रमा पर प्रज्ञान रोवर की सफल तैनाती की वर्षगांठ पर आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में बात करते हुए राजदूत कुमार ने भारत और रूस के दशकों पुराने अंतरिक्ष सहयोग की याद दिलाया।

कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, महराजगंज

चेतावनी सावधान

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लास्टिक के पाउच वाली शराब किसी भी हालत मे न खरीदें क्योंकि वह नकली एवं जानलेवा है तथा इसके सम्बन्ध में सूचना तत्काल उपलब्ध कराएँ। अवैध स्रोतों/अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा जहरीली हो सकती है। अवैध शराब में मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विश है। अतः इनका सेवन किसी भी स्थिति में न करें। यदि किसी को अवैध मदिरा की बिक्री की सूचना प्राप्त होती है, तो आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–1, सदर, मोबाइल नम्बर–9454466220, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–2, फरेन्दा मोबाइल नम्बर–9454466221, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–3, निचलौल मोबाइल नम्बर–9454465911, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–4, नौतनवाँ, मोबाइल नम्बर–9454466547 तथा प्रदेश स्तर पर संचालित टोल फ्री नम्बर 14405 एवं व्हाट्सएप नम्बर 9454466019 पर इसकी सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम व पता आदि गोपनीय रखा जायेगा।

(अतुल चन्द्र द्विवेदी)
जिला आबकारी
महराजगंज

(सन्तोष कुमार शर्मा)
जिलाधिकारी
महराजगंज

पत्रांक– 1416/जि0आ0अ0/महराजगंज/अपील/2025–26 दिनांक 27.08.2025



डेंगू मरीज़ की देखभाल के लिए सुझाव

पीड़ित व्यक्ति को अधिक से अधिक आराम करने दें।

पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ (पानी, जूस आदि) दें।

मच्छरदानी के अंदर ही उन्हे आराम या नींद लेने दें।

फुल स्लीव्स और पूरी लंबाई वाले कपड़े पहनाएं।

मच्छर भगाने वाली क्रीम या स्प्रे का उपयोग करें।

डेंगू के गंभीर लक्षण दिखें तो बिना देर किए उन्हे तुरंत अस्पताल लेकर जाएं।

मुख्य चिकित्साधिकारी, वी0बी0डी0, महराजगंज

मुख्य चिकित्साधिकारी, महराजगंज

जिलाधिकारी महराजगंज

सौजन्य से- जिला स्वास्थ्य समिति, जनपद-महराजगंज।

पत्रांक– मु0चि0अ0/मगंज/विज्ञापन/2025–26/2952(5) दिनांक 14.08.2025

बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स गोरखपुर में

शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।

अलहदादपुर, गोरखपुर

फोनः- 0551-2338099 +918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा नेत्र सर्जन

मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने गोमती नगर लखनऊ

मोबाइलः 9415016089